YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-321 ❐ गुरुवार, 25 दिसम्बर 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की एक और महत्वपूर्ण प्रगति। एलवीएम3-एम6 का सफल प्रक्षेपण, जिसके माध्यम से भारतीय धरती से अब तक का सबसे भारी उपग्रह अमेरिका का ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 अपनी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया है, भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक गौरवशाली उपलब्धि है। नरेन्द्र मोदी

तस्लीमा नसरीन : ईशनिंदा कोई अपराध नहीं, खत्म हो ऐसे कानून 11

सीएम धामी ने सांकरी में किया केदारकंठा विंटर टूरिज्म महोत्सव का शुभारंभ 12


# बांग्लादेश में हिंदू की हत्या पर चुप, गाजा पर आंसू बहाने वाले

## विधानसभा में योगी का विपक्ष पर तीखा हमला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। बांग्लादेश में कथित रूप से एक दलित हिंदू की हत्या का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग गाजा पट्टी की घटनाओं पर आंसू बहाते हैं, वे बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर चुप्पी साधे रहते हैं। मुख्यमंत्री के भाषण के बाद विधानसभा में अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया और सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने लगभग एक घंटे के संबोधन में कानून-व्यवस्था, विकास, अर्थव्यवस्था, रोजगार, भर्तियों में पारदर्शिता और विपक्ष की राजनीति पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की नीति के कारण ही देश का विभाजन हुआ, जिसके



दुष्परिणाम आज भी हिंदुओं को भुगतने पड़

❐ अनुपूरक बजट पारित, यूपी विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

रहे हैं। योगी ने कहा कि अगर विभाजन न हुआ होता तो बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं पर अत्याचार की स्थिति पैदा नहीं होती। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष हर मुद्दे को जातीय नजरिये से देखने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा, आप पहले ही उत्तर प्रदेश का बहुत नुकसान कर चुके हैं। मैं आप लोगों से कहूंगा कि हर बात को जातीय चश्मे से देखना बंद करें। प्रदेश आज विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कविता की पंक्तियों के जरिए विपक्ष को संदेश देते हुए कहा–

राह में मुश्किल होगी हजार, तुम दो कदम बढ़ाओ तो सही

हो जाएगा हर सपना साकार, तुम चलो तो सही।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बांग्लादेश में दलित हिंदू की हत्या पर विपक्ष की चुप्पी यह साबित करती है कि उनके लिए दलित, किसान और महिलाएं केवल वोट बैंक हैं। उन्होंने कहा कि जब उत्तर प्रदेश से बांग्लादेशी अवैध ● शेष पेज 11 पर

# कैनविज टाइम्स का कैनविज ग्रुप से कोई नाता नहीं

## भ्रामक रिपोर्टिंग पर पाठक व पीड़ित रहें सावधान, 2018 में बदल चुका है स्वामित्व : कैनविज टाइम्स

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। कैनविज ग्रुप से जुड़े मामलों को लेकर हाल के दिनों में प्रकाशित कुछ समाचारों में *कैनविज टाइम्स* हिन्दी दैनिक अखबार का नाम जोड़े जाने पर अखबार प्रबंधन ने कड़ा ऐतराज जताया है। प्रबंधन का स्पष्ट कहना है कि यह उल्लेख न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है, बल्कि एक स्वतंत्र समाचार पत्र की साख और विश्वसनीयता को प्रभावित करने वाला है।

*कैनविज टाइम्स* प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि अखबार का कैनविज ग्रुप से किसी भी प्रकार का संबंध वर्ष 2018 में ही समाप्त हो चुका है। दस्तावेजी और वैधानिक रिकॉर्ड के अनुसार 22 फरवरी 2018 को *कैनविज टाइम्स* हिन्दी दैनिक अखबार का स्वामित्व विधिवत रूप से राकेश कुमार पाण्डेय के नाम स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके बाद से अखबार का संचालन, प्रबंधन, संपादकीय नीति, वित्तीय उत्तरदायित्व और प्रशासनिक नियंत्रण पूरी तरह नए स्वामी के अधीन है।

प्रबंधन का कहना है कि 22 फरवरी 2018 के बाद से *कैनविज टाइम्स* का कैनविज ग्रुप से न तो कोई प्रत्यक्ष संबंध रहा है और न ही अप्रत्यक्ष। इसके बावजूद कुछ समाचारों में पुराने संदर्भों के आधार पर अखबार का नाम जोड़ दिया जाना पाठकों को भ्रमित करने वाला है और यह जिम्मेदार पत्रकारिता के मानकों के अनुरूप नहीं है।

मीडिया विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी समाचार में

❐ स्वामित्व बदलने के बावजूद पुराने संदर्भ में नाम जोड़ना विधिक रूप से आपत्तिजनक

❐ गलत तथ्य पेश कर स्वतंत्र अखबार की छवि प्रभावित करने का प्रयास

❐ रिकॉर्ड अनदेखा कर प्रकाशित खबर पर प्रबंधन का कड़ा रुख

❐ तथ्यों से खिलवाड़! स्वतंत्र अखबार के नाम को जबरन ठगी के खबरों में जोड़ा गया

किसी संस्था, कंपनी या अखबार का नाम शामिल करने से पहले उसके वर्तमान स्वामित्व और कानूनी स्थिति की पुष्टि करना अनिवार्य है। *कैनविज टाइम्स* के मामले में यह तथ्य सरकारी और वैधानिक रिकॉर्ड में स्पष्ट रूप से दर्ज है कि वर्ष 2018 के बाद अखबार का कैनविज ग्रुप से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में वर्षों पुराने संदर्भों के आधार पर अखबार को किसी विवाद से जोड़ना गंभीर चूक मानी जाती है। अखबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस तरह की भ्रामक रिपोर्टिंग न केवल पाठकों को ग़लत जानकारी देती है, बल्कि एक स्वतंत्र मीडिया संस्थान की छवि को भी नुकसान पहुंचाती है। कुछ जानकारों का यह भी कहना है कि बार-बार तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट होने के बावजूद गलत संदर्भों में नाम जोड़ना मानहानि की श्रेणी में भी आ सकता है। प्रबंधन का कहना है कि यदि वास्तविक तथ्यों की अनदेखी कर अखबार का नाम गलत संदर्भों में जोड़ा जाता रहा, तो वे अपने वैधानिक अधिकारों के तहत आगे की कार्रवाई पर भी विचार कर सकते हैं।

यह भी उल्लेखनीय है कि कैनविज ग्रुप से जुड़े ठगी और अनियमितताओं की खबरें कई अखबारों में प्रकाशित हुई हैं, लेकिन इन मामलों का *कैनविज टाइम्स* हिन्दी दैनिक अखबार से कोई सरोकार नहीं है। इसके बावजूद अखबार का नाम जोड़ दिया जाना न केवल गलत है, बल्कि इससे पीड़ितों और आम पाठकों में अनावश्यक भ्रम भी पैदा होता है। *कैनविज टाइम्स* प्रबंधन ने पाठकों और पीड़ितों से अपील की है कि वे किसी भी समाचार को पढ़ते समय उसके तथ्यात्मक पक्ष और समय-सीमा पर ध्यान दें। साथ ही यह भी जरूरी है कि मीडिया संस्थान सही जानकारी के आधार पर ही रिपोर्टिंग करें, ताकि निर्दोष और असंबद्ध संस्थाओं की प्रतिष्ठा को ठेस न पहुंचे। अंत में, *कैनविज टाइम्स* ने दोहराया है कि वह वर्ष 2018 से एक पूर्णतः स्वतंत्र हिन्दी दैनिक अखबार है और उसका कैनविज ग्रुप से कोई संबंध नहीं है। इस सच्चाई को ध्यान में रखकर ही किसी भी प्रकार की रिपोर्टिंग की जानी चाहिए। यही जिम्मेदार और निष्पक्ष पत्रकारिता की पहचान है।

## बधाई/सूचना



क्रिसमस के अवसर पर सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभेच्छुओं को हार्दिक बधाई। इस अवसर पर **कैनविज टाइम्स** कार्यालय में 25 दिसम्बर 2025 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 27 दिसम्बर को प्रकाशित होगा।

**प्रधान संपादक**

## एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने पर विचार करे जीएसटी परिषद : हाईकोर्ट




**नई दिल्ली।** राजधानी में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को जीएसटी परिषद को जल्द से जल्द बैठक करने का निर्देश दिया है। साथ ही एयर प्यूरीफायर पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कम करने या समाप्त करने पर विचार करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 26 दिसंबर का दिन तय किया है। अगली सुनवाई पर संबंधित प्राधिकरणों की ओर से पेश वकील अदालत को यह बता सकेंगे कि परिषद किस दिन बैठक कर सकती है।
इससे पहले, कोर्ट ने वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के बहुत खराब श्रेणी में होने से आपातस्थिति में एयर ● शेष पेज 11 पर

## भारत ने 'बाहुबली' रॉकेट से अब तक का सबसे भारी उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया

एजेंसी

नयीदिल्ली/ श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारत के बाहुबली के नाम से विख्यात भारी प्रक्षेपण राकेट एलएमवी3 ने बुधवार को अमेरिका स्थित कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के उन्नत संचार उपग्रह ब्लूबर्ड-6 को प्रक्षेपण के बाद सफलतापूर्वक पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में स्थापित कर भारत की वाणिज्यिक अंतरिक्ष क्षमताओं में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की।

इस प्रक्षेपण ने एक नया रिकॉर्ड बनाया क्योंकि यह किसी भारतीय रॉकेट द्वारा ले जाया गया अब तक का सबसे वजनी उपग्रह था। इस मिशन का लक्ष्य ब्रॉडबैंड सिग्नल को सीधे अंतरिक्ष से आम



स्मार्टफोन तक पहुंचाना है जिससे विशेष उपकरण की ज़रूरत खत्म हो जाएगी। लगभग 24 घंटे की सुचारू उल्टी गिनती के बाद, 43.5 मीटर लंबे, और 640 टन के एलएमवी3 रॉकेट ने सुबह लगभग 0855 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) श्रीहरिकोटा रेंज के दूसरे लॉन्च पैड से ● शेष पेज 11 पर

## खाद की कालाबाजारी पर सिद्धार्थनगर के कृषि अधिकारी निलंबित


लखनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा में बुधवार को बताया कि सिद्धार्थनगर में खाद की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद पिछले कुछ दिनों से कालाबाजारी, ओवर रेटिंग, टैगिंग और तस्करी की शिकायतें मिलने पर वहां के जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उर्वरकों के वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिद्धार्थनगर में उर्वरक की कोई कमी नहीं थी, फिर भी वहां से तस्करी और कालाबाजारी की सूचनाएं मिल रही थीं, जिस पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा कोई प्रभावी रोक नहीं लगाई गई। इसी लापरवाही और प्रशासनिक विफलता पर यह दंडात्मक कार्रवाई की गई है। विभाग के ● शेष पेज 11 पर

# मोदी आज करेंगे राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रवाद की त्रिवेणी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी को समर्पित राष्ट्र प्रेरणा स्थल उद्घाटन के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसंबर को इस भव्य प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करेंगे।

इस अवसर पर राष्ट्र नायकों के जीवन, विचार और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को दर्शाने वाले अत्याधुनिक संग्रहालय को भी राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। 98,000 वर्ग फुट क्षेत्र में निर्मित इस म्यूजियम ब्लॉक का निर्माण लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा कराया गया है, जबकि इसके क्यूरेशन का कार्य पैन इंटेल कॉम कंपनी ने पूरा किया है। संग्रहालय में दो फ्लोर पर पांच गैलरियां और पांच कोर्टयार्ड बनाए गए हैं। पहली गैलरी ओरियेंटेशन रूम के रूप में विकसित की गई है, जहां ऑडियो-विजुअल माध्यमों से राष्ट्र नायकों के जीवन के प्रमुख प्रसंगों को प्रदर्शित किया जाएगा। दूसरी गैलरी में भारतीय जनसंघ के गठन और विकास यात्रा को दर्शाया गया है। तीसरी, चौथी और पांचवीं गैलरी क्रमशः डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और श्रद्धेय




❐ राष्ट्रवाद की त्रिवेणी को समर्पित भव्य संग्रहालय राष्ट्र को होगा समर्पित

❐ डॉ. मुखर्जी, दीन दयाल और अटल जी को समर्पित संग्रहालय से राष्ट्रवाद को मिलेगी नई दिशा

अटल बिहारी बाजपेयी को समर्पित हैं। इन गैलरियों में फोटो, अख़बारों की कटिंग, सिलिकॉन प्रतिमाओं और दुर्लभ वस्तुओं के माध्यम से राष्ट्र ● शेष पेज 11 पर



# संविदा और आउटसोर्सिंग में भी आरक्षण देगी सरकार : मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रदेश सरकार आरक्षण से जुड़े सभी संवैधानिक प्रावधानों का पालन कर रही है और संविदा तथा आउटसोर्सिंग के माध्यम से होने वाली भर्तियों में भी आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाएगी। श्री मौर्य ने यह बात बुधवार को विधान परिषद में समाजवादी पार्टी की ओर से आरक्षण के मुद्दे को उठाये जाने पर कही। इससे पहले सपा नेताओं ने भर्तियों में आरक्षण का पालन न किए जाने के आरोपों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन किया। सपा सदस्यों के आरोपों का जवाब देते हुए श्री मौर्य ने कहा कि राज्य सरकार आरक्षण से जुड़े सभी संवैधानिक प्रावधानों का सख्ती से पालन कर रही है और किसी भी स्तर पर आरक्षण में गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई हालिया बैठक में लेखपाल भर्ती से संबंधित विज्ञापन को पुनः प्रकाशित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आरक्षण के नियमों का पूरी तरह अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा, ल्ययदि कहीं केवल एक पद भी है, तो वहां भी आरक्षण की चोरी किसी भी हाल में नहीं होने दी जाएगी। श्री मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का 27 प्रतिशत आरक्षण व्यवहार में एक ही जाति तक सिमट कर रह गया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है और संविदा तथा आउटसोर्सिंग के माध्यम से होने वाली नियुक्तियों में भी आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के तहत पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए दो प्रतिशत तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने दो टूक कहा कि इन संवैधानिक प्रावधानों के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ सरकार किसी भी दशा में नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचे और सामाजिक न्याय की भावना को मजबूती मिले।

# घोसी चीनी मिल से जुड़े गन्ना क्रय केंद्र पुनः बहाल, हजारों किसानों को राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा के निरंतर प्रयासों और किसानों के हित में किए गए प्रभावी हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप घोसी किसान सहकारी चीनी मिल से जुड़े वे गन्ना क्रय केंद्र, जो पूर्व में काट दिए गए थे, अब पुनः बहाल कर दिए गए हैं। पुनः बहाल किए गए गन्ना क्रय केंद्रों में करखिया, खोजौली एवं लाटघाट प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन केंद्रों के वापस मिलने से मऊ जनपद के साथ-साथ घोसी, मधुबन एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के हजारों गन्ना किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत उक्त गन्ना क्रय केंद्रों को चीनी मिल सठियांव को आवंटित कर दिया गया था। इसके चलते घोसी क्षेत्र के किसानों को गन्ना आपूर्ति के लिए काफी दूरी तय करनी पड़ रही थी। किसानों को अतिरिक्त परिवहन व्यय उठाना पड़ रहा था, जिससे उनकी आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। साथ ही समय पर गन्ना आपूर्ति न हो पाने से चीनी मिल संचालन और भुगतान प्रक्रिया पर भी असर पड़ने की आशंका बनी हुई थी।



क्षेत्र भ्रमण के दौरान घोसी, मधुबन और मऊ क्षेत्र के बड़ी संख्या में गन्ना किसानों ने मंत्री ए. के. शर्मा से भेंट कर अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं। किसानों ने आग्रह किया कि परंपरागत रूप से संचालित किसान सहकारी चीनी मिल घोसी से जुड़े गन्ना क्रय केंद्रों को यथावत रखा जाए, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर सुविधा मिल सके। किसानों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए मंत्री ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। किसानों की समस्याओं को समझते हुए मंत्री ए. के. शर्मा ने इस विषय को शासन स्तर पर मजबूती से उठाया। उन्होंने प्रदेश के गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी से इस संबंध में चर्चा कर औपचारिक अनुरोध किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए उक्त गन्ना क्रय केंद्रों को पुनः किसान सहकारी चीनी मिल घोसी के अंतर्गत सुरक्षित रखा जाए। प्रस्तुत तथ्यों और किसानों की व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर पर सकारात्मक निर्णय लिया गया। इस उपलब्धि पर मंत्री ए. के. शर्मा ने मुख्यमंत्री तथा गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके हितों की रक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गन्ना क्रय केंद्रों के पुनः बहाल होने की सूचना मिलते ही क्षेत्र के किसानों एवं स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। किसानों ने कहा कि अब उन्हें नजदीकी क्रय केंद्रों पर ही गन्ना आपूर्ति की सुविधा मिलेगी, जिससे समय, श्रम और धन की बचत होगी। स्थानीय किसानों, किसान संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस जनहितकारी निर्णय के लिए मंत्री ए. के. शर्मा के प्रयासों की सराहना की। यह निर्णय प्रदेश सरकार की किसान-हितैषी नीति और जनप्रतिनिधियों की संवेदनशील कार्यशैली का उदाहरण है। गन्ना क्रय केंद्रों की बहाली से न केवल किसानों की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि चीनी मिल के संचालन में भी सुगमता आएगी और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

## मुठभेड़ में बदमाश मोहम्मद जीशान घायल, अवैध तमंचा व गोवंश बरामद

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद प्रयागराज के यमुनानगर जोन अंतर्गत कोरांव क्षेत्र में पुलिस और गौ-तस्कर के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश मोहम्मद जीशान गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस तथा गोवंश बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी गौ-तस्करी की गतिविधियों में लिप्त था और लंबे समय से वांछित चल रहा था। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश जारी है।

## करछना थाना क्षेत्र में सर्राफा व्यवसायी को गोली मारकर लूट

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करछना थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात सर्राफा व्यवसायी को गोली मारकर लूटने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बाइक सवार तीन बदमाशों ने सर्राफा व्यवसायी को निशाना बनाते हुए करीब चार लाख रुपये के जेवरात से भरा बैग लूट लिया और फरार हो गए। मझुआ गांव निवासी सर्राफा व्यवसायी चंदन सोनी सोमवार रात भीरपुर स्थित अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान घोड़डीह ढाल के पास घात लगाए बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगने से चंदन सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यवसायी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। वारदात की जानकारी मिलते ही एडिशनल पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा और डीसीपी विवेक चंटू यादव भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया। डीसीपी विवेक चंटू यादव ने स्पष्ट कहा कि घटना को अंजाम देने वाले लुटेरों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सर्राफा व्यवसायी के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को डीसीपी विवेक चंटू यादव पूरे दिन क्षेत्र में मौजूद रहे और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए कई विशेष टीमें गठित की गई हैं। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का सफल अनावरण कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## गोशाला में गोवंश देखने गए युवक पर जानलेवा हमला

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर जोन अंतर्गत मेजा थाना क्षेत्र की जेविनियां पुलिस चौकी के दकुवरपटी गांव स्थित गोशाला में गोवंश देखने गए एक युवक पर अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर युवक की जीभ काटकर मौके से फरार हो गए। घायल की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दकुवरपटी गांव निवासी जीवनराम उर्फ राम रविवार रात गोशाला में गोवंश देखने गया था। इसी दौरान वहां मौजूद अज्ञात बदमाशों ने उस पर अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक को बुरी तरह पीटने के बाद उसकी जीभ काट दी और उसे बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने युवक को गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए शहर के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताई है। पीड़ित के भाई राम मुनेर मियां ने मेजा थाना पुलिस को लिखित तहरीर देकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अरबों रुपये के घोटालेबाज़ पर 'नाममात्र का इनाम' घोषित करना सरकार की गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है : अखिलेश

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर जानलेवा नशीले कोडीन कफ सिरप घोटाले में आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है और कहा है कि अरबों रुपये के घोटालेबाज़ पर कुछ हज़ार रुपये का 'नाममात्र का इनाम' घोषित करना सरकार की गंभीरता पर सवाल खड़े करता है। श्री यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जिस तंत्र ने इस गोरखधंधे से जुड़े लोगों को करोड़ों की गाड़ियाँ इनाम में बाँटीं, जिनका लेखा-जोखा लगातार मांगने के बावजूद सार्वजनिक नहीं किया गया, वह अपने बारे में ख़बरें दबाने के लिए कितनी भी बड़ी रकम खर्च कर सकता है। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि उन्हीं गाड़ियों को बुलडोज़र खींचकर ले गए हों। उन्होंने कहा कि बच्चों की मौत और नशाख़ोरी से जुड़े इस 'महाघोटाले' में भाजपा लगातार झूठ बोल रही है।

# जेहादी व दुराचारी रेजिडेंट के खिलाफ उतरे डॉक्टर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। केजीएमयू में रेजिडेंट डॉक्टर से धर्मान्तरण के प्रयास को लेकर बवाल बढ़ता ही जा रहा है। अब डॉक्टरों का संगठन नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन (एनएमओ) महिला डॉक्टर के पक्ष में कूद पड़ा है। केजीएमयू में घटित धर्मान्तरण प्रयास, लवजेहाद एवं दुराचार मामले में परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी केजीएमयू गेट से शुरू होकर कुलपति ऑफिस तक पहुंचे। इस दौरान महानगर इकाई के संयोजक डॉ. शिवम कृष्णन एवं संगठन मंत्री डॉ. कपिल शर्मा में मांग की। एनएमओ पदाधिकारियों और केजीएमयू प्रशासन के बीच नोक झोंक भी हुई। संगठन के पदाधिकारियों ने कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद, डीन पैरामेडिकल डॉ. केके सिंह और चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरएएस कुशवाहा ने भेंट की।

एनएमओ के पदाधिकारियों ने कहा कि जेहादी जूनियर डॉक्टर की डिग्री रद्द की जाए। पैथोलॉजी विभाग के उन संकाय सदस्यों को पहचान की जाये जो शुरुआत में इस मामले में पीड़िता के बजाय दुराचारी का साथ दे रहे थे। उनका यह रवैया अभी भी जारी है। एनएमओ ने दो टूक कहा कि केजीएमयू के कुछ डॉक्टरों की निष्ठा की जांच होनी चाहिए।

क्योंकि इन डॉक्टरों ने बलात्कारी का साथ दिया। केजीएमयू प्रशासन की आंख में धूल झोककर संस्थान को जेहाद के अड्डे को बचाने में मदद की। पैथोलॉजी विभाग के सामने प्रदर्शन एनएमओ पदाधिकारियों ने बैठक के बाद पैथोलॉजी विभाग के सामने भी प्रदर्शन किया। विभाग की बदइंतजामी के खिलाफ नारेबाजी की। विभाग के डॉक्टरों के रवैये की भी जांच की मांग की। बलात्कारी और जेहादी के साथ खड़े होने वालों की पहचान की जाए। पीड़िता को मानसिक रूप से अस्वस्थ्य घोषित करके की साजिश रचने वालों पर भी शिकंजा कसा जाए। एनएमओ ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि जेहादी और दुराचारी के संरक्षकों को खोजने के लिए कमेटी का गठन नहीं हुआ तो वह पूरे देश में अपने इकाइयों को सक्रिय करके इस मामले का विरोध करेंगे।

# उत्तर प्रदेश में कुल 3985 आयुष चिकित्सालय संचालित : दयालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। विधान परिषद के शीतकालीन सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी के एक सदस्य द्वारा आयुष बजट को लेकर पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि आज सपा आयुष चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है, जबकि 2017 तक समाजवादी पार्टी की सरकार ने आयुष का अलग मंत्रालय तक नहीं बनने दिया था। वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद प्रदेश में आयुष मंत्रालय की स्थापना की गई और आयुष पद्धतियों को नई पहचान मिली। यह जानकारी पीआरओ गौरव राठी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में दीं गई।

विधान परिषद में आयुष मंत्री ने सपा के सदस्य के सवालों का जवाब देते हुए सदन को अवगत कराया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कुल 3985 आयुष चिकित्सालय संचालित हैं। उन्होंने सपा के उस आरोप को निराधार बताया जिसमें आयुष चिकित्सालयों को जर्जर बताया गया है।



मंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में 1034 नए राजकीय आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी चिकित्सालयों का निर्माण कराया गया, जिनके लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण भी किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से इन चिकित्सालयों को अब आयुष आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 225 योग वेलनेस सेंटर संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के 16 जनपदों में 50 बेड के इंटीग्रेटेड आयुष हॉस्पिटल भी कार्यरत हैं, जहां आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुष पद्धतियों का समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में आयुष का कोई भी विश्वविद्यालय नहीं था, जबकि मोदीऽयोगी सरकार ने गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरक्षनाथ आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय की स्थापना कर आयुष शिक्षा को सशक्त आधार प्रदान किया है। वर्तमान में इससे सम्बद्ध कई मेडिकल कालेज संचालित हो रहे हैं।

आयुष मंत्री ने स्पष्ट कहा कि मोदी-योगी सरकार ने आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को प्राथमिकता देते हुए आयुष को नवजीवन प्रदान किया है, जिससे आम जनता को सुरक्षित, सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

# सलोरी से हेतापट्टी तक बनेगा 3600 मीटर लंबा फोर लेन पुल

## 62 पिलरों पर होगा निर्माण, 950 करोड़ की स्वीकृति से खुला रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। गंगा नदी पर सलोरी से हेतापट्टी के बीच प्रस्तावित फोर लेन पुल के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही पुल के निर्माण के लिए ?950 करोड़ की धनराशि के फंड रिलीज ऑर्डर से संबंधित शासनादेश को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम, प्रयागराज के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार नए वर्ष में पुल निर्माण एवं भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ के दौरान हुई कैबिनेट की विशेष बैठक में सलोरी से हेतापट्टी तक नए पुल के निर्माण का प्रस्ताव शामिल किया गया था। पूर्व में सेतु निगम एवं सिंचाई विभाग को इस परियोजना की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। दोनों विभागों द्वारा लगभग ?1500 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर लोक निर्माण विभाग के लखनऊ मुख्यालय को भेजा गया था, जो लंबे समय से लंबित था। सोमवार को कैबिनेट द्वारा फंड रिलीज ऑर्डर को मंजूरी मिलने के साथ ही परियोजना को गति मिल गई है।

प्रस्तावित फोर लेन पुल की कुल लंबाई लगभग 3600 मीटर होगी, जिसमें 62 पिलरों का निर्माण किया जाएगा। यह पुल भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिससे प्रयागराज की कनेक्टिविटी उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी।

इस संबंध में विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन बाजपेई ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रयागराज के लिए यह पुल एक बड़ी सौगात है। शासनादेश एवं बजट जारी होते ही इसके निर्माण की कार्ययोजना को अमल में लाया जाएगा।

वहीं सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक रोहित कुमार मिश्र ने बताया कि शासनादेश जारी होते ही निर्माण से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं शीघ्र प्रारंभ कर दी जाएंगी।

# युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या, शव कुएं में फेंका


प्रयागराज। जनपद प्रयागराज के यमुनानगर क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत कोरांव निवासी 28 वर्षीय युवक की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक सुशील कुमार उर्फ मुंडे का शव मंगलवार दोपहर खीरी थाना क्षेत्र के चांद खंभरिया गांव स्थित एक कुएं से बरामद किया गया। वह बीते तीन दिनों से लापता था। शव मिलने के बाद पुलिस जांच में सामने आया कि युवक का गला किसी धारदार हथियार से रेता गया था, जिससे स्पष्ट हो गया कि उसकी हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से कुएं में फेंका गया है। मृतक सुशील कुमार नगर पंचायत कोरांव के वार्ड नंबर आठ, शहीद नगर मोहल्ला का निवासी था। वह 19 दिसंबर को घर से पड़ोस के एक युवक की जमानत कराने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन भी उसके न लौटने पर भाई सतीश कुमार ने कोरांव थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मंगलवार को खीरी थाना क्षेत्र में कुएं से शव मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान सुशील कुमार के रूप में की गई। गले पर धारदार हथियार के गहरे निशान पाए गए। मामले की जांच के दौरान एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने बताया कि जांच में यह तथ्य सामने आया है कि मृतक के क्षेत्र की एक महिला से अवैध संबंध थे। कुछ दिन पहले महिला के पति ने सुशील को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था, जिसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ था।

पुलिस के अनुसार इसी विवाद के चलते महिला के पति ने गुस्से में आकर धारदार हथियार से सुशील का गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को छिपाने के लिए महिला ने अपने बेटे को बुलाया और तीनों ने मिलकर शव को कुएं में फेंक दिया, ताकि मामला दुर्घटना का रूप ले सके। पुलिस ने मामले में महिला, उसके पति और बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# माघ मेला- वरिष्ठ अधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । माघ मेला-2026 को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों ने मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मेलाधिकारी ऋषिराज, नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा, अपर पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा एवं एसपी मेला नीरज पाण्डेय ने मेला क्षेत्र में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत आईसीसीसी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान शहर एवं मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, उनकी लोकेशन तथा लाइव फीड का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने कंट्रोल रूम में तकनीकी दक्षता रखने वाले अनुभवी कर्मियों की तैनाती तथा सभी कर्मियों को समुचित प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम के रेडियो कक्ष में जनपद के सभी थानों, चौकियों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की अद्यतन सूची चस्पा की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित संपर्क और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने सेक्टर-4 स्थित महावीर पाण्टुन पुल के पास गंगा नदी द्वारा हो रहे कटान का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को कटान रोकने के लिए आवश्यक अवरोधात्मक उपाय तत्काल करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा खाकचौक में संत-महात्माओं के साथ बैठक कर प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विद्युत, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की गई तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

इससे पूर्व मेला क्षेत्र में स्थापित अस्थायी पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर श्री सत्यम मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा में हो रहा है ब्राह्मण समाज का अपमानः अजय राय

वाराणसी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा में ब्राह्मण समाज का अपमान हो रहा है।

श्री राय ने कहा प्रदेश सरकार ब्राह्मणों के साथ क्या कर रही है, यह हर कोई देख रहा है। लखनऊ में ब्राह्मण विधायकों की जो बैठक हुई है, उसमें उन्होंने काफी देर कर दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के ब्राह्मण विधायकों ने बहुत देर से आवाज उठाई है। उन्हें यह कदम पहले ही उठाना चाहिए था, क्योंकि भाजपा शासन में ब्राह्मण समाज का लगातार अपमान हो रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि गोरखपुर में 28 वर्षीय विनोद उपाध्याय की कथित फर्जी एनकाउंटर में मौत हुई, जिसे लेकर परिजनों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि मौजूदा सरकार में ब्राह्मण समाज को निशाना बनाया जा रहा है। श्री राय ने कहा कि भाजपा ने चुनाव के समय ब्राह्मण समाज से समर्थन लिया।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर बिना अनुमति आयोजन पर सख्त कार्रवाई

## आयोजक व स्थल स्वामी के विरुद्ध प्रस्तावित होगी कठोर दण्डात्मक कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज ।नववर्ष की पूर्व संध्या पर किसी भी सार्वजनिक स्थल पर मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व जिला प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना पूर्व अनुमति संगीत, गीत, नृत्य, डीजे अथवा किसी भी प्रकार के मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन पाए जाने पर आयोजक एवं स्थल स्वामी के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि होटल, क्लब, ऑडिटोरियम, गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट, गार्डन, खेल मैदान एवं स्कूल-कॉलेज के मैदानों में आयोजित होने वाले समस्त मनोरंजन कार्यक्रम उत्तर प्रदेश चलचित्र (विनियमन) (संशोधन) अधिनियम के अंतर्गत आते हैं। अधिनियम के अनुसार किसी भी करयोग्य या करमुक्त मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता।

उल्लेखनीय है कि संशोधन अधिनियम की धारा-8(क) की उपधारा-1 के अंतर्गत बिना अनुमति मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर 20,000 रुपये तक का अर्थदण्ड अथवा छह माह की कैद या दोनों का प्रावधान है।

सहायक आयुक्त, राज्य कर/प्रभारी पूर्व मनोरंजन कर कार्य ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से समस्त होटल, गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट, गार्डन, खेल मैदान एवं स्कूल-कॉलेज के मैदानों के संचालकों एवं स्थल स्वामियों को निर्देशित किया है कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए समस्त अनापत्तियां, औपचारिकताएं एवं प्रमाण-पत्रों के साथ विभागीय ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर समस्त अभिलेख अपलोड करें।

इसके साथ ही आवेदन की हार्ड कॉपी कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर (पूर्व मनोरंजन कर कार्य), नई बिल्डिंग, कक्ष संख्या-13, महात्मा गांधी पार्क के पास, एडीएम नजूल कार्यालय के सामने, कलेक्ट्रेट, प्रयागराज में निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत कर अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना पूर्व अनुमति आयोजन पाए जाने पर आयोजक एवं स्थल स्वामी के विरुद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए नियमानुसार कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए संबंधित आयोजक अथवा स्थल स्वामी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# योगी सरकार यात्रियों की सुरक्षा के लिए सतर्क, सर्दी में सुरक्षित बस संचालन के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शरद ऋतु और सर्दी के मौसम में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद में प्रदेश में बस यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और निर्बाध परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत कोहरे और दृश्यता में कमी जैसी परिस्थितियों में बसों का संचालन अत्यंत सावधानी से किये जाने, रात्रिकालीन सेवाओं को आवश्यकतानुसार सीमित करने और यात्रियों को सुरक्षा उपायों की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम एवं संबंधित अधिकारियों को शरद ऋतु/ठंड के मौसम में बसों के सुरक्षित एवं नियंत्रित संचालन को लेकर विस्तृत आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोहरे और दृश्यता में कमी जैसी परिस्थितियों में बसों का संचालन अत्यंत सावधानी से किया जाना आवश्यक है और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा मुहैया कराना प्रदेश सरकार का दायित्व है। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि कोहरे की स्थिति में बसों की गति 40 किमी. प्रति घंटा से अधिक न हो, जबकि अत्यधिक कोहरे में बस को किसी सुरक्षित स्थान पर रोककर विजिबिलिटी सामान्य होने पर ही आगे संचालन किया जाए। बस अड्डों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार एनाउंसमेंट कर यात्रियों को सुरक्षा उपायों की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि घने कोहरे वाले मार्गों पर रात्रिकालीन सेवाओं को आवश्यकता अनुसार सीमित किया जाए तथा रात्रि सेवाओं में अनुभवी, दुर्घटना-रहित और अच्छे ईंधन रिकॉर्ड वाले चालकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि रात्रि सेवा पर जाने से पूर्व चालक को कम से कम 8 घंटे का विश्राम प्राप्त हुआ हो। 50 प्रतिशत से कम लोड फैक्टर वाली रात्रिकालीन सेवाओं को अस्थायी रूप से स्थगित रखने के निर्देश दिए गए हैं। लंबी दूरी एवं रात्रिकालीन सेवाओं की बसों को मार्ग पर भेजने से पूर्व 13 बिंदुओं पर आउटशेडिंग जांच तथा संचालन के दौरान 31 बिंदुओं पर नियमित भौतिक जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। सभी निगम एवं अनुबंधित बसों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, फॉग लाइट, ऑल वेदर बल्ब, वाइपर और शीशे पूर्ण रूप से कार्यरत होना अनिवार्य किया गया है। मार्ग पर तैनात इंटरसेप्टर एवं प्रवर्तन वाहनों द्वारा निरीक्षण के दौरान ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से अल्कोहल टेस्ट अनिवार्य रूप से कराए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। परिवहन मंत्री ने चालकों को तीन प्रकार की सड़कों पर विशेष सावधानी बरतने को कहा है। एक्सप्रेस-वे पर अचानक ठहराव से बचाव, डिवाइडर युक्त सड़कों पर दायीं ओर संचालन तथा बिना डिवाइडर वाली सड़कों पर बायीं ओर संचालन कर दुर्घटनाओं से बचने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी चालकों एवं परिचालकों को इन दिशा-निर्देशों के संबंध में विशेष प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि संयमित गति और सतर्कता के साथ बसों का संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने दोहराया कि योगी सरकार प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## आज से शुभारंभ होगा 16वां स्व. डॉ. पी.सी. मिश्रा टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता, 16 टीमें लेंगी हिस्सा

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां स्थित एसएनटी मैदान में 16वां? स्व0 डॉ. पी.सी. मिश्रा टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन आज से शुभारंभ किया जाएगा। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग लेंगी, जिनमें कई अनुभवी और नामचीन खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता आयोजक नीशू मिश्रा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच देना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना है। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और उद्घाटन मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। आयोजन समिति ने क्रिकेट प्रेमियों से समय पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## रामपुर गढ़ी में सरकारी तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा, प्लॉटिंग से ग्रामीणों में आक्रोश

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के रामपुर गढ़ी गांव में गाटा संख्या 238 व 239 में दर्ज सरकारी तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि भूमाफियाओं ने तालाब की जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से प्लॉट काट दिए, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। समाजसेवी कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि तालाब की दो बार नपाई हो चुकी है और स्थिति स्पष्ट होने के बावजूद अब तक कब्जा नहीं हटाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब पर कब्जे से पर्यावरण और जल संरक्षण पर गंभीर असर पड़ेगा। मामले में उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज पवन पटेल ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर लेखपाल को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## रंजिश में महिला से मारपीट, गाली–गलौज और आम का पेड़ काटने का आरोप

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र अंतर्गत मजरा समेसी के ललईखेड़ा गांव में एक महिला के साथ मारपीट, गाली–गलौज और आम का पेड़ काटकर गड्ढा खोदने का मामला सामने आया है। पीड़िता फूलमती ने नगराम थाने पहुंचकर गांव के ही रामचंद्र के खिलाफ आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पीड़िता के अनुसार पूर्व में मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था, तभी से वह रंजिश मानता चला आ रहा है। इसी रंजिश के चलते आरोपी आए दिन गाली–गलौज करता है और मारपीट पर आमादा रहता है। पीड़िता ने बताया कि बुधवार को दिन में आरोपी ने उनके घर के पास स्थित हरे आम के पेड़ को काटकर वहां गड्ढा खोद दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने भद्दी–भद्दी गालियां दीं और मारपीट करने लगा, इस संबंध में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## बच्चों ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस डे

बीकेटी,लखनऊ। बुधवार को विद्यालय डीपीएस एकेडमी इटौंजा लखनऊ में प्रेम क्षमा और करुणा का प्रतीक ईसा मसीह का जन्मोत्सव,क्रिसमस डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चे सेंटा की पोशाक में काफी सुंदर व बहुत उत्साहित नजर आए। साथ ही सभी ने कुछ न कुछ सेंटा से उपहार स्वरूप प्राप्त किया,इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती शैल सिंह ने बच्चों को आपसी प्रेम क्षमा और करुणा जैसे भाव को अपने जीवन में सकारात्मक रूप से अपनाने को कहा इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती गरिमा सिंह,प्रधानाचार्य श्रीमती मीता चक्रवर्ती के साथ समस्त अध्यापक मौजूद रहे। दूसरी ओर डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज लखनऊ के विवेकानंद सभागार में प्रभु यीशु का जन्मदिन एवं क्रिसमस डे, बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ वी के श्रीवास्तव ने प्रभु यीशु के दुनिया में प्यार और शांति का संदेश को बताया, क्रिसमस का त्योहार लोगों के सबके साथ मिलजुल कर रहने को संदेश देता है। क्रिसमस प्रभु यीशु के जन्मदिन के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है, बच्चों के द्वारा क्रिसमस ट्री के शीर्ष पर एक बड़े आकार का तारा सजाया गया,और रंग–बिरंगे खिलौने फल फूल गिफ्ट सजाए गए। क्रिसमस डे पर बच्चे सांता क्लॉज के वेशभूषा में तैयार हुए, संता क्लॉज़ द्वारा गिफ्ट चॉकलेट खिलौने बांटे गए, स्कूली बच्चों ने रंगारंग एवं संस्कृति कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया । इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक डॉ डी सी श्रीवास्तव, प्राचार्या डॉ वी के श्रीवास्तव, विद्यालय के उप प्राचार्या शीला श्रीवास्तव , विद्यालय के प्रवक्ता टी के चौधरी, पूनम श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, आरती निगम, रूबी मिश्रा ,साक्षी श्रीवास्तव, नवनीत सिंह ,पंकज शुक्ला, सरिता राठौर आदि उपस्थित रहे।

# काव्य पाठ में किया गया' अटल महानायक' पुस्तक का विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बुधवार शाम लखनऊ पहुंचने पर एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी, वीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी, मानसिंह, अमित गुप्ता सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारीयों ने अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर रक्षा मंत्री का स्वागत अभिनंदन किया।एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अटल कन्वेंशन सेंटर चौक गए और अटल जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित एकल काव्य पाठ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और अन्य वरिष्ठ नेता गणों के साथ अटल महानायक पुस्तक का विमोचन किया और बड़ी संख्या में उपस्थित जनमानस को संबोधित किया।

# किसान के घर बेखौफ चोरों का धावा, लाखों की कीमत के जेवरात व नगदी पार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। पुलिस चौकी सिसेंडी इलाके के गाँव इमलिहाखेडा मे किसान के घर पर बेखौफ चोरो ने धावा बोल दिया। बेखौफ चोर घरके मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी मे रखी जेवरात व नगदी उठा ले गए। इलाके के लोगो का आरोप है कि पुलिस चौकी इंचार्ज की लापरवाही से इलाके मे पुलिस गश्त नही करती जिससे इलाके मे आए दिन चोरी की घटनाओ को चोर बेखौफ होकर अंजाम दे रहे है। पीड़ित किसान ने थाने मे तहरीर दी है।

सोहरामऊ उन्नाव के चौपई गाँव के किसान अनुज शुक्ला ने बताया कि छः माह पहले सिसेण्डी के मजरा इमलिहाखेडा मे सिसेण्डी- मौरावा मार्ग पर मकान बनवाकर रह रहे है। मंगलवार की शाम वह परिवार समेत गाँव गये थे। बुधवार की सुबह जब वापस आए तो दरवाजे का ताला टूटा था जब वह घरके अंदर गये तो घरका पूरा सामान अस्त व्यस्त था कमरे का ताला तोड़कर उसमे रखी अलमारी चोरो ने तोड़कर उसम रखे तीन लाख रुपये की कीमत के जेवरात व पच्चीस हजार रूपये चोर उठा ले गए। किसान ने मोहनलालगंज थाने मे तहरीर देकर कार्रवाई की माँग की है।

पुलिस लापरवाही का आरोप : इलाके मे आए दिन हो रही चोरियो से इलाके के लोगो मे खौफ है। बेखौफ चोर खेतो व घरो को अपना निशाना बना रहे है। लोगो का आरोप है कि रात नौ बजे के बाद सिसेण्डी चौकी खाली हो जाती है चौकी इंचार्ज मोहनलालगंज मे अपने कमरे पर चले जाते है। चौकी इंचार्ज की लापरवाही से इलाके मे पुलिस गश्त नही करती जिससे चोर चोरी की घटनाओ को अंजाम देने मे व्यस्त है।

# किसानों की मेहनत ही भारत की रीढ़ : अरुण राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। चिनहट स्थित राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो की जलकृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण इकाई में मंगलवार को किसान दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकसित भारत (ग्रामीण) रोज़गार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन -2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम में 117 प्रगतिशील किसानों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण युवाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद अरुण कुमार राय थे। उस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की नींव किसानों की मेहनत पर टिकी है। अन्नदाताओं के योगदान, मेहनत और संघर्ष को हमेशा सम्मान मिलना चाहिए। उनकी वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना कृषि क्षेत्र में सुधार संभव नहीं है।

उन्होंने किसानों से नवीन तकनीकों व वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों की आय बढ़ाने के लिए मत्स्य पालन, जलकृषि, जैविक खेती और बहु-आयामी कृषि योजनाओं को बढ़ावा दे रही हैं। कार्यक्रम के दौरान ब्यूरो के वैज्ञानिकों ने किसानों को मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीक, जल की गुणवत्ता प्रबंधन, और मछली प्रजनन से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ दीं। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को मिशन-2025 के तहत मिल रही सहायता योजनाओं, ऋण सुविधाओं और रोजगार अवसरों के बारे में भी अवगत कराया। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कृषको को सम्मान और प्रमाण पत्र और तालाब जल परिक्षण किट वितरण किया गया। कार्यक्रम में लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिक एवं प्रभारी प्रोफ़ेसर के एन तिवारी अधिकारी एआरटीयू चिनहट डॉ शरद कुमार सिंह प्रधान, संजय कुमार सिंह चिनहट मंडल अध्यक्ष कमल पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# लखनऊ में ब्राह्मण विधायकों के बाटी–चोखा रात्रिभोज बैठक से गरमाई उत्तर प्रदेश की सियासत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर जातीय समीकरणों को लेकर चर्चा में है और इसकी वजह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ब्राह्मण विधायक और विधान परिषद सदस्य मंगलवार को लखनऊ में एक अनौपचारिक बाटी-चोखा रात्रिभोज बैठक है।

इस बैठक में काफी संख्या में ब्राह्मण समुदायर के विधायक शामिल हुए, जिसके वजह से प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज रो गयी हैं। यह बैठक कुशीनगर से भाजपा विधायक पी.एन. पाठक के सरकारी आवास, बाऊखण्डी मंत्री आवास में आयोजित की गयी। इसमें विधायक रत्नाकर मिश्र, प्रकाश द्विवेदी, प्रेम नारायण पांडेय, शलभ मणि त्रिपाठी, अंकुर राज तिवारी, विनय द्विवेदी, ऋषि तिवारी, विवेकानंद पांडेय, कैलाशनाथ शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण विधायक और एमएलसी मौजूद रहे। एमएलसी साकेत मिश्र, जो सेवानिवृत्त नौकरशाह नृपेंद्र मिश्र के पुत्र हैं, वह भी बैठक में शामिल हुए।

# वीर बाल दिवस के अवसर पर निकाली गई प्रभात फ़ेरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ। सिखों के गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को वीर बाल दिवस के रूप मनाया जाता है इसी के अंतर्गत बुधवार को बीजेपी लखनऊ द्वारा बीकेटी विधानसभा क्षेत्र के बीकेटी एयरफोर्स रोड़ मोड़ से बीकेटी गुरुद्वारा तक प्रभात फ़ेरी निकाली गई,इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान के बारे में लोगों को अवगत करा कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई।प्रभात फ़ेरी में बताया गया की कि सिखों के दसवें गुरु गोविंद के पुत्रों का साहस और बलिदान हमें यह सिखाता है कि चाहे हमें कितनी भी समस्याओं का सामना करना पड़े लेकिन हमें अपने धर्म के मार्ग पर अडिग रहना चाहिए।अपने धर्म के लिए काम करने वाले व धर्म के लिए बलिदान होने वाले इन चार बालकों के अदम्य साहस को सभी ने याद किया।वहीं प्रभात फ़ेरी के समापन के उपरांत गुरुद्वारा में कीर्तन भी आयोजित हुआ।आयोजित प्रभात फ़ेरी में बीकेटी गुरुद्वारा के पदाधिकारी,बीजेपी लखनऊ के जिला मीडिया प्रभारी,ज़िला कार्यक्रम संयोजक विवेक सिंह,जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी,किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह(ग़प्पू),मंडल अध्यक्ष बीकेटी संदीप यादव,किसान मोर्चा ज़िला अध्यक्ष अतुल मिश्रा,अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद रावत, नगर पंचायत इटौंजा चेयरमैन अवधेश अवस्थी (कमल),राम बहादुर सिंह, संजेश सिंह,विमल सिंह राठौर सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता/पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भीषण सड़क हादसा, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अतरौली क्रॉसिंग पर बुधवार दोपहर करीब तीन बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक और कार की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक संख्या UP 32 EN 8606 और कार संख्या ठष्ठ 32 घ्ख्र 3471 के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हुई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए यातायात पूरी तरह ठप हो गया हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान बबलू तिवारी (35) पुत्र निवासी हरदोई, जो कार चला रहे थे, पीयूष पटेल (24) निवासी रायबरेली और भुवन चंद्र भगत (45) निवासी जानकीपुरम, लखनऊ के रूप में हुई है। तीनों को गंभीर चोटें आई हैं।हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकालने में मदद की और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ लोगों ने निजी वाहनों से भी सहायता पहुंचाने का प्रयास किया।सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रक और कार को कब्जे में लेकर सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारू कराया गया।पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि हादसे के सही कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। ट्रक चालक से भी पूछताछ की जा रही है।स्थानीय लोगों ने अतरौली क्रॉसिंग पर आए दिन होने वाले हादसों पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सुरक्षा इंतजाम और ट्रैफिक व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# पटेल की पहल पर राजभवन में खेल प्रतियोगिता–2025 का आगाज, रस्साकसी में महिलाओं ने दिखाया दम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से बुधवार को राजभवन परिसर में परंपरागत खेल प्रतियोगिता-2025 का शुभारंभ हुआ। महिला रस्साकसी प्रतियोगिता में मेजर गरिमा यादव की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता का उद्घाटन विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल अशोक देसाई, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल. जानी, विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता, परिसहाय पुनीत द्विवेदी तथा विशेष सचिव एवं वित्त नियंत्रक हिमानी चौधरी द्वारा बच्चों के साथ आकाश में गुब्बारे छोड़कर किया गया।

यह प्रतियोगिता केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राजभवन परिवार के लिए एक उत्सव की तरह है। अगले 20 दिनों तक चलने वाले इस खेल महाकुंभ में 19 तरह के पारंपरिक खेल शामिल किए गए हैं, जो हमारी पुरानी खेल संस्कृति को जीवंत करेंगे। 599 प्रतिभागी अपना दमखम दिखाएंगे, जिनमें राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार के 529 पुरुष और 70 महिला खिलाड़ी शामिल हैं।

खेल प्रभारी जमाल अहमद सिद्दीकी की देखरेख में इस पूरी प्रतियोगिता का संचालन किया जा रहा है। आज बालक एवं बालिका वर्ग में कलर बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त महिला वर्ग में रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सुश्री यादव एवं राजपरिवार नियंता निधि पांडेय के नेतृत्व वाली टीमों ने सहभागिता की। आज की महिला रस्साकसी प्रतियोगिता में मेजर गरिमा यादव की टीम विजेता रही।

गौरतलब है कि राज्यपाल की प्रेरणा से राजभवन में परंपरागत खेल प्रतियोगिता का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य हमारी समृद्ध पारंपरिक खेल संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन करना है, साथ ही राजभवन परिसर में निवासरत बच्चों तथा कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों में स्वास्थ्य, फिटनेस एवं सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से प्रतिभागियों में अनुशासन, टीम भावना, आपसी सहयोग, खेल भावना तथा हार-जीत को सहज रूप से स्वीकार करने का संस्कार विकसित होता है।

विशेष कार्याधिकारी डॉ. बोबडे ने कहा कि राज्यपाल की प्रेरणा से स्वास्थ्य, फिटनेस एवं स्वस्थ खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परंपरागत खेल प्रतियोगिता का यह पांचवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राजभवन में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों में निहित खेल प्रतिभा को मंच प्रदान करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि यह प्रतियोगिता पूर्व वर्षों की भांति सफल होगी।

# टंकी से 400 मीटर कॉपर तार चोरी, जलापूर्ति ठप होने का खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र अंतर्गत उदयपुर गांव में हर घर जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी एक बार फिर चोरों के निशाने पर आ गई। बीती रात अज्ञात चोरों ने टंकी पर लगे सोलर पैनल से लगभग 400 मीटर कीमती कॉपर तार काटकर चोरी कर ली। इस घटना से न सिर्फ सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है, बल्कि गांव की जलापूर्ति व्यवस्था भी बाधित होने की कगार पर पहुंच गई है।


पानी की टंकी के ऑपरेटर शुभम कुमार ने बताया कि सुबह टंकी पर पहुंचने पर सोलर पैनल से जुड़े तार कटे मिले , बुधवार को निगोहां थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। चोरी गए कॉपर तार की कीमत काफी अधिक है, जिससे विभाग के साथ-साथ ग्रामीणों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है। जल निगम के सहायक अभियंता सुदर्शन कुमार मेहता ने बताया कि चोरों ने सुनियोजित तरीके से सोलर सिस्टम से जुड़ा तार चोरी किया है, जिससे टंकी का संचालन प्रभावित हुआ है। वहीं निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और संदिग्धों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# प्रदेश स्तर पर सीतापुर का बढ़ाया मान, किसान दिवस के अवसर पर महामहिम राज्यपाल ने किया सम्मानित

## डॉ दया एस श्रीवास्तव, सुनीता वर्मा एवं स्वेतांक त्रिपाठी को जनपद सीतापुर से प्रदेश स्तरीय सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। केवीके के वैज्ञानिक एवं प्रगतिशील किसान को महामहिम राज्यपाल ने किया सम्मानित किसान दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में केवीके कटिया एवं नमो ड्रोन दीदी सुनीता वर्मा को महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश ने किया सम्मानित, स्वेतांक त्रिपाठी को इंटीग्रल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने किया सम्मानित कृषि प्रसार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र कटिया सीतापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दया एस. श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किसान दिवस के अवसर पर इंटीग्रल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन के समापन समारोह में अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इसके पूर्व डॉ श्रीवास्तव को कृषि प्रसार के क्षेत्र में



विशिष्ट योगदान देने हेतु वर्ष 2023 में राज्य स्तरीय विशिष्ट कृषि वैज्ञानिक सम्मान से उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ ने लोग भवन में सम्मानित किया था। नमो ड्रोन दीदी को माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश ने किसान दिवस पर किया सम्मानित

वर्ष 2024 में मन की बात के 110 वें संस्करण 25 फरवरी 2024 में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने जनपद सीतापुर की रहने वाली सुनीता वर्मा से बात कर नमो ड्रोन दीदी के रूप में पहचान दी, सुनीता वर्मा इफको द्वारा सहायता प्राप्त ड्रोन वहां ड्रोन मशीन से किसानों के खेत में छिड़काव करती हैं 1 मार्च 2024 को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने लखनऊ में दैनिक जागरण सम्मान समारोह में सुनीता देवी को सम्मानित किया था तदुपरांत जिलाधिकारी सीतापुर ने 4 मार्च को सम्मानित किया, 9 जून 2024 को माननीय प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में सुनीता वर्मा को नई दिल्ली आमंत्रित किया गया था ,16 जुलाई को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस में सुनीता वर्मा को आमंत्रित किया गया ,15 अगस्त 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह में माननीय प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा सुनीता वर्मा को आमंत्रण पत्र मिला था, 16 सितंबर 2024 को न्यूज़ 18 इंडिया में सुनीता वर्मा का साक्षात्कार किया था, 26 जनवरी 2025 के गणतंत्र दिवस समारोह में भी सुनीता वर्मा को आमंत्रित किया गया था।

उनकी इन विशेष उपलब्धियां को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किसान दिवस के अवसर पर अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

परंपरागत बीज एवं गांव आधारित खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु श्वेतांक त्रिपाठी को कुलाधिपति ने किया सम्मानित।

इंटीग्रल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किसान दिवस समारोह में जनपद सीतापुर के विकासखंड रेउसा के ग्राम शिकौहा निवासी श्वेतांक त्रिपाठी परंपरागत बीज संरक्षण एवं गौ आधारित जैविक खेती को प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर तक प्रसार कार्य के माध्यम से प्रचारित एवं प्रसारित करने हेतु इंटीग्रल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# मुरादनगर सड़क हादसे में आठ घायल, डीएम-एसपी ने जाना हाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । तहसील लखीमपुर के मुरादनगर के पास मंगलवार को हुए सड़क हादसे में आठ लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया और सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में तत्काल उपचार शुरू कराया गया। घायलों में से दो का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलबेहड़ में जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता सीधे जिला चिकित्सालय पहुंचे और घायलों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। डीएम और एसपी ने चिकित्सकों से घायलों के उपचार की विस्तृत जानकारी ली और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि घायलों को समुचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और आवश्यकता पड़ने पर उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर करने में कोई देरी न हो। अधिकारियों की मौजूदगी और व्यक्तिगत निगरानी से घायल मरीजों और उनके परिजनों में राहत की भावना देखने को मिली। इस दौरान अस्पताल परिसर में एसीएमओ डॉ. एससी मिश्र एवं उप जिलाधिकारी (सदर) अश्वनी कुमार सिंह भी मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने घायलों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने की बात कही।

प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता से यह स्पष्ट हुआ कि आपात स्थितियों में जिला प्रशासन पूरी जिम्मेदारी के साथ आमजन की सुरक्षा और उपचार के लिए तत्पर है।

# कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया में किसानों का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री (भारत रत्न) किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस किसान दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र कटिया, सीतापुर परिसर में किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। केन्द्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ आनंद सिंह ने मुख्य अतिथि बिसवा गन्ना समिति के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्री सुधाकर शुक्ला के साथ चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया। मुख्य अतिथि नें किसानो को अगंवस्त्र एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। श्री शुक्ला ने चौधरी चरण सिंह जी के मूल्यवान योगदान को याद करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार का पूरा श्रेय उन्हें जाता है। ग्रामीण देनदारों को राहत प्रदान करने वाला विभागीय ऋणमुक्ति विधेयक, 1939 को तैयार करने एवं इसे अंतिम रूप देने में व मुख्यमंत्री के रूप में जोत अधिनियम, 1960 को लाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। यह अधिनियम जमीन रखने की अधिकतम सीमा को कम करने के उद्देश्य से लाया गया था ताकि राज्य भर में इसे एक समान बनाया



जा सके। किसान मोर्चा के जिला महामंत्री श्री अनिल मिश्रा ने कहा कि देश में कुछ-ही राजनेता ऐसे हुए हैं जिन्होंने लोगों के बीच रहकर सरलता से कार्य करते हुए इतनी लोकप्रियता हासिल की हो। एक समर्पित लोक कार्यकर्ता एवं सामाजिक न्याय में दृढ़ विश्वास रखने वाले श्री चरण सिंह को लाखों किसानों के बीच रहकर प्राप्त आत्मविश्वास से काफी बल मिला। समाजसेविका एवं प्रगतिशील महिला कृषक श्रीमती पूनम मिश्रा ने कहा कि श्री चौधरी चरण सिंह ने अत्यंत साधारण जीवन व्यतीत किया और अपने खाली समय में वे पढ़ने और लिखने का काम करते थे। उन्होंने कई किताबें एवं रूचार-पुस्तिकाएं लिखी जिसमें 'ज़मींदारी उन्मूलन', 'भारत की गरीबी और उसका समाधान', 'किसानों की भूसंपत्ति या किसानों के लिए भूमि, 'प्रिवेंशन ऑफ़ डिवीज़न ऑफ़ होल्डिंग्स बिलो ए सर्टेन मिनिमम', 'को-ऑपरेटिव फार्मिंग एक्स-रयेद्' आदि प्रमुख हैं। इस अवसर पर किसान व कृषक महिलाओ को प्राकृतिक खेती, डेयरी, मोटे अनाज, दलहन व तिलहन उत्पादन, पौषण वाटिका, आई पी एम व जैविक खेती में उत्कृष्ट कार्यों हेतु रमेश मिश्रा, सरिता देवी, सुनीता, अमर सिंह, प्यारे लाल, गंगासागर समेत 15 किसानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे 221 कृषको ने प्रतिभागिता की।

## नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना कलान पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर कर भाग ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीती 10 दिसम्बर को कलान थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रामलीला ग्राउंड निवासी रामशंकर और राजाराम पुत्र बाबूराम के खिलाफ तहरीर दी थी। आरोप था कि बीती 5 दिसम्बर को उक्त दोनों लोग उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और तत्काल कार्रवाई करते हुए 12 दिसम्बर को अपहर्ता किशोरी को बरामद किया। पुलिस ने अपहर्ता किशोरी का मेडिकल कराया और मेडिकल रिपोर्ट व किशोरी के बयान के आधार पर दोनों अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट में अपहरण और दुष्कर्म की धाराओं में बढ़ोत्तरी की। आज सुबह करीब 11 बजे कलान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नौगवां तिराहे से अभियुक्त रामशंकर पुत्र बाबूराम को गिरफ्तार किया। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रामशंकर को जेल भेज दिया है।

# ओवरलोड गन्ना ट्रक डिवाइडर में घुसा, बड़ा हादसा टला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । गन्ने से लदे ओवरलोड वाहनों का खतरा एक बार फिर सामने आया, जब गोला रोड पर तुलसी हॉस्पिटल के ठीक सामने एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार ठघ 78 6067 नंबर का एक अत्यधिक ओवरलोड व ओवरहाइट गन्ना ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर में जा घुसा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक पर क्षमता से कहीं अधिक गन्ना लदा हुआ था। ओवरलोडिंग की स्थिति इतनी भयावह थी कि ट्रक दूर से ही गन्ना गिराता हुआ आ रहा था। अचानक संतुलन बिगड़ने से ट्रक ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक सीधे डिवाइडर से टकरा गया। गनीमत रही कि उस समय सड़क पर कोई बड़ा वाहन या राहगीर ट्रक की चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। यह घटना जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा



सड़क सुरक्षा और ओवरलोडिंग को लेकर दिए गए सख्त निर्देशों की खुलेआम अवहेलना को दर्शाती है। बावजूद इसके, गन्ना परिवहन में लगे ट्रक मालिक और चालक नियमों को ताक पर रखकर जानलेवा तरीके से वाहन चला रहे हैं।स्थानीय लोगों ने इस घटना को लेकर परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि ओवरलोड और ओवरहाइट गन्ना ट्रक आए दिन सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं, लेकिन विभागीय कार्रवाई न के बराबर है। ऐसा प्रतीत होता है कि परिवहन विभाग गहरी नींद में है, जबकि आम जनता की जान जोखिम में डाली जा रही है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने की मांग की। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा टलना मुश्किल होगा। फिलहाल हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन यह घटना प्रशासन और परिवहन विभाग के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

# हिंदू समाज पर अत्याचार के विरोध में सड़क पर उतरे विहिप-बजरंग दल कार्यकर्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में लखीमपुर खीरी के कलेक्ट्रेट गेट के पास विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन किया, जिससे कुछ देर के लिए क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में लगातार हिंदू समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। मंदिरों पर हमले, हिंदू परिवारों के साथ मारपीट, जबरन पलायन और उनकी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद वहां की सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय मौन साधे हुए हैं।

कलेक्ट्रेट गेट के पास बड़ी संख्या में




एकत्र हुए विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ल्लहिंदुओं पर अत्याचार बंद करोङ्क, ल्लबांग्लादेश सरकार मुर्दाबादङ्क और ल्लहिंदुओं को सुरक्षा दोङ्क जैसे नारे लगाए। पुतला दहन के दौरान माहौल पूरी तरह आक्रोशपूर्ण नजर आया।

प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से मांग की कि वह कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप कर बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराए। साथ ही इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए दबाव बनाया जाए।

प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया।

विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार नहीं रुके, तो संगठन भविष्य में और बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन के बाद सभी कार्यकर्ता शांतिपूर्वक मौके से रवाना हो गए।

# सांसद ने खेलकूद प्रतियोगिता की विजेता टीमों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। मेरा युवा भारत के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रेती रोड स्थित डॉ सुदामा प्रसाद विद्यास्थली के मैदान में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर ने विजेता टीमों को पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण-पत्र व विशेष उपहार देकर सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि युवाओं में खेलो से समय प्रबंधन और अनुशासन की भावना विकसित होती हैं। खेल व्यक्ति के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास को भी बल देता है। उन्होंने कहा कि आज सरकार भी खेल को बढ़ावा दे रही है। ताकि हर गांव, शहर और गली से नये खिलाड़ी निकलें और तिरंगा पूरी दुनिया में लहराएं। भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कहा कि सशक्त बनने के लिए युवाओं को मानसिक व शारिरिक शक्ति को बढ़ाना चाहिए। मानसिक शक्ति शिक्षा से व शारीरिक शक्ति मैदान में खेल से बनती है। खेलों का शारीरिक विकास में



महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, समाजसेवी मुकेश सिंह परिहार, बाल कल्याण समिति सदस्य अरविंद मिश्रा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य उज्जवल मिश्रा, अंजली गुप्ता एडवोकेट, डॉ पुनीत मनीषी, अमित श्रीवास्तव, शगुन सक्सेना, दिव्यांशी, वैष्णवी, सुरेन्द्रपाल सिंह, सत्यराम यादव, विपिन अग्निहोत्री, सचिन प्रेमी, रामनारायण सक्सेना, प्रिया श्रीवास्तव, वंदना सैनी, अजयपाल, पंकज सक्सेना, निशांत, शकील अहमद, सुरजीत, नफीस, संजय कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विपिन अग्निहोत्री ने किया।

## प्रार्थना पत्र के माध्यम से ग्राम प्रधान पर मनमानी का आरोप, जांच की मांग

मिश्रिख (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता । क्षेत्र के एक ग्रामीण ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में मनमानी एवं अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि ग्राम सभा में कराए जा रहे कुछ कार्यों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। पीड़ित ग्रामीण का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराए जा रहे हैं तथा पूर्व में हुए कार्यों की भी समुचित जांच नहीं कराई गई है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका है। प्रार्थना पत्र में उपजिलाधिकारी से मांग की गई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि ग्राम में पारदर्शिता बनी रहे और भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं पर रोक लग सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को मजबूर होंगे। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले को संज्ञान में लेकर जांच कराए जाने की बात कही जा रही है।

## अटल जयंती पर लखनऊ में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन साहित्य और राष्ट्रभक्ति की गूंज

बिसवां -सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद के मूर्धन्य साहित्यकार साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु की अध्यक्षता में अटल जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय काव्य संध्या का आयोजन किया गया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज लखनऊ में आयोजित इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक नीरज बोरा व विशिष्ट अतिथि सदस्य विधानपरिषद सलिल बिश्नोई ने संबंधित करते हुए अटल जी को भारतीय राजनीति का युग प्रवर्तक बताया। कवि सम्मेलन का संचालन रायबरेली से पधारे ओज कवि नीरज पांडे ने किया। श्रीमती सोनी मिश्रा द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती की वंदना से कवि सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।अध्यक्षीय काव्यपाठ करते हुए कमलेश मौर्य मृदु राष्ट्रीय मंत्री राष्ट्रीय कवि संगम ने अटल जी के अपने मंचीय संस्मरण सुनाते हुए स्वामी विवेकानंद से तुलना की भारत की भक्ति को जगाया स्वामी जीने और भारती की भक्ति भरे अटल बिहारी है। बालब्रह्मचारी थे विवेकानंद जी हमारे अटल बिहारी भी तो बाल ब्रह्मचारी हैं। युवक हृदय सम्राट हैं उभय और अपने समय के तो दोनों क्रांतिकारी हैं। हिंदू को दी विश्व मान्यता विवेकानंद जी ने हिंदी को दिलाने वाले अटलविहारी हैं। संस्कार भारती के प्रांत उपाध्यक्ष ओज कवि बाराबंकी से पधारे शिवकुमार व्यास ने अटल जी को समर्पित कविता पढ़ी। क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को समर्पित उनकी रचना को सभी ने सराहा। हास्य कवि विकास बौखल ने अपने चुटीले छंदों से सभी को जमकर हंसाया। सोनी मिश्रा के श्रृंगार के मुक्तकों ने जमकर तालियां बटोरीं। गीतकार राघवेंद्र मिश्र प्रणय के गीत अँखियां पानी पानी पानी रे सुनकर श्रोता झूम उठे। विद्यालय परिवार के भास्कर शर्मा की बेटियों को समर्पित रचना सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। विद्यालय की प्राचार्या डॉ रश्मि बिश्नोई ने सभी कवियों व अतिथियों का स्वागत किया। कवि सम्मेलन में पूर्व प्राचार्य डा अनुराधा तिवारी, संस्कार भारती के प्रांत मंत्री धर्मेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नागरिक गणेश प्रसाद सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय है। भास्कर शर्मा ने आभार प्रकट किया।

## सीएम युवा उद्यमी योजना में लापरवाही पर डीएम सख्त एचडीएफसी बैंक से खिसकेंगे शासकीय खाते

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति न होने पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कड़ा प्रशासनिक रुख अपनाया है। बेरोजगार, शिक्षित एवं तकनीकी दक्ष युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की शासन की महत्वाकांक्षी योजना में एचडीएफसी बैंक द्वारा अत्यंत धीमी प्रगति को डीएम ने शासन एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना बताया है। डीएम ने स्पष्ट किया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 46 प्रकरणों में से अब तक केवल 05 प्रकरणों में ही प्रगति हुई है, जो किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं है। वहीं, जनपद के अन्य बैंक योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए डीएम ने पुलिस अधीक्षक और उत्तर एवं दक्षिण खीरी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारियों को पत्र भेजकर अपेक्षा की है कि उनके विभागों के सभी शासकीय खाते, जो वर्तमान में एचडीएफसी बैंक में संचालित हैं, उन्हें किसी अन्य शासकीय बैंक में स्थानांतरित किया जाए। विशेष रूप से वन विभाग के प्रोजेक्ट टाइगर और प्रोजेक्ट एलीफेंट से संबंधित खातों को भी एचडीएफसी बैंक से हटाने की अपेक्षा की है। साथ ही, जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया है कि एचडीएफसी बैंक में संचालित सभी शासकीय खातों का अन्य बैंक में स्थानांतरण सुनिश्चित किया जाए।

# विद्युत बिल राहत योजना का प्रचार करने व उपभोक्ताओं को लाभ देने की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष जसविन्दर सिंह के नेतृत्व में विद्युत अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया और अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में शासन द्वारा दी जा रही विद्युत बिल राहत योजना का प्रचार-प्रसार न होने से उपभोक्ता असमंजस में है और विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपभोक्ताओं को गुमराह कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को सही जानकारी न देकर उनसे अवैध वसूली कर रहे हैं। मांग की गई कि शासन द्वारा जारी विद्युत राहत बिल योजना का प्रचार- प्रसार कराकर उपभोक्ताओं को लाभ दिलाएं। ताकि शासन की राहत योजना का ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं को लाभ मिल सके और बिजली विभाग को अधिक राजस्व प्राप्त हो। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला महामंत्री अनूप कुमार राना, जिला प्रभारी सईद खान, जिला उपाध्यक्ष जहीर खान, महिला जिलाध्यक्ष रीना शर्मा, महिला जिला महामंत्री, नीलम हांडा, युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद आबिद, युवा महानगर अध्यक्ष सनी राठौर, सर्वेश राठौर, त्रिलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# हिंदू युवा वाहिनी का बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन, फूंका पुतला, सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर खिरनीबाग चौराहे पर प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। इसके बाद सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर लगातार अत्याचार और हिंसा की जा रही है। हिन्दू समाज को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। इसके बाद भी बांग्लादेश सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। यह मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। कहा गया कि जब तक बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार बंद नहीं होते, तब तक आईपीएल में बांग्लादेशी खिलाड़ियों की भागीदारी का हिन्दू युवा वाहिनी विरोध करती रहेगी। ज्ञापन में भारत सरकार से मांग की गई कि वह कूटनीतिक स्तर पर



सख्त कदम उठाकर बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। अन्यथा हिंदू युवा वाहिनी द्वारा आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन, पुतला दहन और ज्ञापन हिन्दू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी और महानगर अध्यक्ष शान्तनु गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान हिन्दूवादी नेता राजेश अवस्थी एडवोकेट, नन्हें परदेशी, पवन मिश्रा, रवि गंगवार, मोहित अग्रवाल, नीरज वर्मा, सौरभ, रामू कनौजिया, विशाल वर्मा, केशव मिश्रा, रिषभ, अंश मौर्य आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# लुटेरे, चोर व गम्भीर अपराध के पेशेवर अपराधियों की सतत निगरानी के निर्देश

## एसओ इंस्पेक्टर को 72 घंटे का अल्टीमेट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन में किया गया सैनिक सम्मेलन, पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनकर समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। सैनिक सम्मेलन के पश्चात मासिक अपराध गोष्ठी कर जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा सराहनीय कार्य करने वाले अधि0/कर्म0गण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 ह्रदेश कठेरिया व अन्य अधि0गण/कर्म0गण के साथ सैनिक सम्मेलन कर पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। सैनिक सम्मेलन के उपरांत एसएसपी द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारी, जेल अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, अभियोजन अधिकारी, प्रभारी जीआरपी और समस्त थाना प्रभारियों/ शाखा प्रभारियो के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की गई। एसएसपी द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले अधि0/कर्म0गण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उनकी कार्यशैली की सराहना की गयी। वहीं अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु थाना प्रभारियों को दिए गए सख्त निर्देश। वहीं थानो पर आने वाले शिकायतकर्ता की समस्याओ को सहानुभूतिपूर्वक सुनकर त्वरित व प्रभावी निस्तारण कराया जाये।आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समयबद्ध जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आईजीआरएस प्रभारी को दिए निर्देश। लुटेरे, चोर व गम्भीर अपराध के पेशेवर अपराधियों की सतत निगरानी व उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु थाना प्रभारियों को दिये गये निर्देश। वहीं लम्बित विवेचनाओं, प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश। वहीं महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व सम्बंधित अपहृता की सकुशल बरामदगी के लिए दिए गए कड़े निर्देश। वहीं मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले, अवैध शस्त्रों का निर्माण व संग्रहण करने वाले, टॉप-10, ईनामिया व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश। वहीं सम्मन वारंट को समय से तामिल कर संबंधित को न्यायालय



प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। गवाहों की समय से न्यायालय में गवाही कराने, महिला संबंधित मुकदमों में पैरवी कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।वहीं गैंगस्टर एक्ट के अभियोगों में अपराधियों की अवैध सम्पत्ति चिन्हित कर धारा 14(1) के अन्तर्गत सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।वहीं हिस्ट्रीशीटर, ईनामिया, टॉप-10 अपराधियों, अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले तथा अवैध शस्त्रों का निर्माण संग्रहण व बिक्री करने वाले अपराधियों के विरूद्ध त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वहीं शासन द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र 2.0 अभियान के तहत सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत मुख्य चौराहो/बाजारों व महत्पवपूर्ण स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए ।वहीं जनपद में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सहित यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनायें रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने क्षेत्र महत्वपूर्ण,सार्वजनिक स्थलों, प्रतिष्ठानों, रोड़वेज व रेलवे स्टेशन सहित बाजारों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सतत रूप से फुट पेट्रोंलिंग करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों,वस्तुओं, वाहनों की चेकिंग करने एवं संवेदनशील एवं चिन्हित हॉटस्पाट क्षेत्रो मे ड्रोन से लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए गए। वहीं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फ़ेज-5.0) के तहत महिला हेल्पडेस्क,एंटी रोमियों टीम व शक्ति दीदी,महिला बीट आरक्षियों द्वारा गांवो, मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा स्कूल, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के प्रति तथा उन्हे सुरक्षित परिवेश की अनुभूति, जन-जागरूकता, आत्मरक्षा के बारे में, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों सहित जागरूकता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं एसएसपी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को गोकशी, अवैध शस्त्र, मादक पदार्थ, शराब, जुआ/सट्टा की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अवैध शस्त्र सत्यापन हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पोस्टर पार्टी द्वारा चैकिंग हेतु निर्देश दिए गए। एसएसपी द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले अधि0/कर्म0गण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उनकी कार्यशैली की सराहना की गई।सैनिक सम्मेलन के उपरांत जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों/शाखा प्रभारियो के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की गई । बैठक में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फ़ेज-5.0) के तहत महिला हेल्पडेस्क,एंटी रोमियों टीम व शक्ति दीदी,महिला बीट आरक्षियों द्वारा गांवो, मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा स्कूल, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के प्रति तथा उन्हे सुरक्षित परिवेश की अनुभूति, जन-जागरूकता, आत्मरक्षा के बारे में, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों सहित जागरूकता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित पंजीकृत अभियोगों एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया । जनपद में अपराध की रोकथाम व शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । महोदय द्वारा आपरेशन दृष्टि/कनविक्शन/तरिनेत्र आदि के बारे में समीक्षा की गयी । सम्मन वारंट को समय से तामिल कर संबंधित को न्यायालय प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया । गैंगस्टर एक्ट के अभियोगों में अपराधियों की अवैध सम्पत्ति चिन्हित कर धारा 14(1) के अन्तर्गत सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसएसपी द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि हिस्ट्रीशीटर, ईनामिया, टॉप-10 अपराधियों, अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले तथा अवैध शस्त्रों का निर्माण संग्रहण व बिक्री करने वाले अपराधियों पर त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। अभियोजन कार्यो की समीक्षा, साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु अधिकारी-कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## उच्च आनुवंशिक क्षमता वाली साहीवाल नस्ल के संरक्षण में बीएचयू की बड़ी उपलब्धि

**एजेंसी**

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के राजीव गांधी दक्षिण परिसर, बरकछा स्थित पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय, कृषि विज्ञान संस्थान ने स्वदेशी गौ-वंश संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय में संचालित परियोजना के तहत चार गैर-वर्णित (नॉन-डिस्क्रिप्ट) गायों में उच्च आनुवंशिक क्षमता वाली साहीवाल नस्ल के भ्रूण का मल्टीपल ओव्यूलेशन एम्ब्रियो ट्रांसफर (एमओईटी) तकनीक से सफल गर्भधारण कराया गया है। बुधवार को परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. मनीष कुमार तथा सह-अन्वेषक डॉ. कौस्तुभ किशोर सराफ और डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि गर्भवती गायों का प्रसव मईऽजून 2026 के दौरान अपेक्षित है। इस उन्नत प्रजनन प्रक्रिया में सेक्स-सॉर्टेड सीमेन का उपयोग किया गया है, जिससे लगभग 95 प्रतिशत सम्भावना है कि उच्च गुणवत्ता वाली साहीवाल नस्ल की मादा बछिया प्राप्त होगी। वैज्ञानिकों के अनुसार यह तकनीक डेयरी फार्मों को अधिक वैज्ञानिक और उत्पादक बनाने में सहायक सिद्ध होगी। यदि इसे विंध्य क्षेत्र के किसानों की गायों में अपनाया जाता है, तो इससे न केवल डेयरी प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के अनुरूप राष्ट्रीय खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। इस सफलता पर राजीव गांधी दक्षिण परिसर (आरजीएससी) के प्रोफ़ेसर-प्रभारी प्रो. बीएमएन कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शोध टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस शोध का सीधा लाभ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पशुपालकों को मिलेगा और स्वदेशी नस्लों के संरक्षण को नई दिशा प्राप्त होगी।

बीएचयू की यह टीम अपने एडवांस्ड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी (एआरटी) कार्यक्रम को और अधिक उन्नत प्रजनन तकनीकों से सशक्त बनाने तथा ग्रामीण किसानों तक इसकी पहुंच बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से टीम को सभी आवश्यक संस्थागत सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया गया है, ताकि भविष्य में स्वदेशी पशु नस्लों का संरक्षण और किसानों का आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सके।

# यू.पी. 112 के 15 नए वाहनों को एसएसपी ने दिखाई हरी झण्डी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिले में पुलिस की आपातकालीन सेवा यूपी 112 को 15 नई गाड़ियां मिली हैं। एसएसपी ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर इन गाड़ियों को रवाना किया। वहीं जिले में आपातकालीन पुलिस सेवा यूपी 112 को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पुलिस लाइन परिसर में एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने मुख्यालय से प्राप्त यूपी 112 की 15 नई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसएसपी ने बताया कि ये सभी नई गाड़ियां उन पुरानी गाड़ियों के स्थान पर उपलब्ध कराई गई हैं, जो तकनीकी रूप से कंडम श्रेणी में आ चुकी थी और जिनका उपयोग अब संभव नहीं था। नए गाड़ियां के शामिल होने से जनपद की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को नई मजबूती मिलेगी और पुलिस का रेस्पॉन्स टाइम और अधिक प्रभावी होगा। एसएसपी ने कहा कि यूपी 112 सेवा आमजन की सुरक्षा से सीधे जुड़ी हुई है। नई गाड़ियों



के संचालन से घटनास्थल पर पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपात स्थितियों में लोगों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त ये गाड़ियां पुलिसकर्मियों के कार्य को भी आसान बनाएंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया, क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात कर्मवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसानों ने सातवें दिन भी धरना प्रदर्शन कर दिया अपनी यूनियन का प्रमाण

बदायूँ। सरकारी क्रय केंद्र एवं ग्राम सभा के सचिवालयों पर जन्मऽमृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक कार्य पूरे न होने जैसी समस्याओं को लेकर किसानों का धरना आज सातवें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर किसानों ने प्रशासन के प्रति नाराज़गी जताते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। इसी क्रम में 26 दिसंबर को मालवीय आवास गृह, बदायूं में प्रस्तावित पंचायत की तैयारियों को लेकर संगठन पदाधिकारियों ने आमगांव, मूसा झाग, बस्तुनिया, पापड़, डहरपुर, कैलोरा पेहरा, सादुल्लागंज सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान किसानों से पंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई तथा गांवों में नए सदस्यों को संगठन की सदस्यता भी दिलाई गई। प्रचार अभियान में जिला अध्यक्ष रामा शंकर शंखधार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष वजीरगंज राजेश्वर सिंह यादव, ब्लॉक सचिव वजीरगंज राजेश यादव व आदित्य शामिल रहे। धरना स्थल पर जिला प्रभारी झाझन सिंह, जिला महासचिव नरेंद्र सक्सेना, युवा ब्लॉक अध्यक्ष सहसवान दिनेश यादव, मंडल सचिव विनोद सक्सेना, ब्लॉक अध्यक्ष सलारपुर पप्पू सैफी, तहसील प्रभारी सहसवान अर्चना लाल वर्मा सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# 2 घंटे के अंदर लूट का खुलासा, बाल-बाल बचे इंस्पेक्टर तीनों शातिर बदमाशों का किया हाफ एनकाउंटर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में महिला को गन प्वाइंट पर लेकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। ये तीनों 25-25 हजार रुपये के इनामी हैं। मंगलवार देर रात हुई मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की फायरिंग में एक सिपाही भी घायल हो गया, जबकि जवाबी कार्रवाई में तीनों बदमाश गोली लगने से घायल हुए हैं। इनमें दो बदमाशों को दाहिने व एक के बाएं पैर में गोली लगी है। वहीं सिपाही के हाथ में बांह के पास गोली लगी है। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं तेजतर्रार एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना सिविल लाइंस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीमें लगाई गईं थीं। वही डीआईजी भी घटना लेकर को मॉनिटरिंग बनाए हुए थे, वहीं पुलिस टीम मंगलवार रात बिल्सी रोड पर नई जेल के लिए चिन्हित खाली जंगल क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इससे आरक्षी दीपक कुमार गोली लगने से घायल हो गए, जबकि प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइंस बाल-बाल बच गए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीनों बदमाश गोली लगने से घायल होकर दबोच लिए गए। गिरफ्तार अभियुक्तों में दीपक गौतम उर्फ मोनू निवासी सकरी जंगल थाना उझानी (हाल निवासी जिला परिषद कॉलोनी सिविल लाइंस), संतोष यादव निवासी मीरासराय थाना सिविल लाइंस और जसविंदर उर्फ काके निवासी पंजाब (हाल निवासी उझानी) शामिल हैं। तीनों के विरुद्ध पूर्व में भी कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, 20 दिसंबर की शाम करीब 6:45 बजे रिगालिया गार्डन कॉलोनी निवासी प्रीति वर्मा मंदिर से घर लौट रहीं थीं। इसी दौरान चार बदमाश उनके पीछे-पीछे घर में घुस आए। महिला को गन प्वाइंट पर लेकर बदमाश घर में रखी 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल, सोने-चांदी के जेवर, लैपटॉप, मोबाइल फोन और नकदी लूट ले गए। इस संबंध में थाना सिविल लाइंस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटी गई 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल, एक सोनी कंपनी का लैपटॉप, मोबाइल फोन, सोने-चांदी के आभूषण, 50 हजार रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त तीन अवैध तमंचे 315 बोर कारतूस सहित बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे पूर्व में जेल जा चुके हैं और वहीं एक-दूसरे के संपर्क में आए थे। जेल से छूटने के बाद उन्होंने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर गिरोह बनाया और लूट की वारदातों को अंजाम देने लगे। खर्चे और नशे की लत पूरी करने के लिए उन्होंने सुनसान कॉलोनियों में रैकी कर वारदात को अंजाम दिया।

## संभल में फर्जी दस्तावेजों से वोटर बनने का मामला आया सामने, 48 पर एफआईआर दर्ज

संभल। उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के असमोली थाना क्षेत्र के गांव बिलालपत में फर्जीवाड़े का बड़ा मामला सामने आया है। जांच में सामने आया कि जालसाजों से सांठगांठ कर एक बीएलओ ने 48 अवैध वोट बनवाए। आरोप है कि इस दौरान आधार कार्ड में अवैध संशोधन कर पहचान से जुड़ी जानकारियों में हेरफ़ेर की गई, जिससे फर्जी मतदाता सूची तैयार की गई। मामले का खुलासा ग्राम प्रधान कमर द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के बाद हुआ। शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित जांच समिति ने पड़ताल की। आरोप सही पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर लेखपाल ने असमोली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार, जांच के दौरान कई व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में अवैध तरीके से जोड़े जाने की पुष्टि हुई।

## भगवत श्रवण से होता है मृत्यु के भय का नाश : आचार्य ऋतुपर्ण

चन्दौसी कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर के सीता रोड स्थित सिद्ध पीठ हो गया वाली चल रही श्रीमद् भागवत कथा की तीसरे दिन मुख्य यजमान के रूप में अभिनव शर्मा मीनाक्षी शर्मा ने नरवर से आचार्य गौरव शर्मा व जय शिव भारद्वाज के द्वारा वैदिक मत्रों से गणेश आदि देवताओं का पूजन अर्चन किया वह भगवान कृष्ण और भागवत कथा का पूजन किया उसके पश्चात भागवत कथा आरंभ हुई कथा के तीसरे दिन श्रीमद भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण कृष्ण ने परीक्षित और शुकदेव के मिलन की कथा को श्रवण कराते हुए कहा कि व्यक्ति हर समय मृत्यु के समीप बैठा है लेकिन वह अपने अभियान में समझ नहीं पता वह अभियान में अपने आप को अमर माने हुए बैठा है जो व्यक्ति मृत्यु को जितना चाहे उसे छोटा सा काम करना चाहिए अपने मरण में आधा स जोड़ देना चाहिए अपने मरण को ठाकुर के स्मरण में बदल देना चाहिए जिससे मृत्यु का भय का विनाश हो जाएगा क्योंकि भागवत जो है वह मृत्यु के भय का नाश करती है रामायण की शरण में जाने से व्यक्ति जीना सिखाता है परंतु भागवत की शरण में आने से व्यक्ति मृत्यु पर विजय प्राप्त करता है कथा के तत्पश्चात आरती की गई आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर अभिनव शर्मा मिनाक्षी शर्मा कमल गुप्ता अभिषेक शर्मा मनीष शर्मा भावना शर्मा अंशु वार्ष्णेय राजेश शंखधार किरण शर्मा विनोद शंखधार लक्ष्मी शिवानी मीनू शर्मा रिंकी शर्मा दिव्या मानव शर्मा लक्ष्य शर्मा ध्रुव शर्मा संगीता ममता आदि उपस्थित रहे।

## आवारा छुट्टे गोवंश को पकड़े जाने के लिए चलाया अभियान

मुरादाबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता। अधिशासी अधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में नगर पंचायत पाक़बडा में आवारा छुट्टे गोवंश को पकड़े जाने हेतु अभियान चलाया गया जिसमें नगर पंचायत पाक़बडा के विभिन्न वार्डों से आवारा गोवंश को पड़कर नजदीकी कान्हा गौशाला मे भेजे जाने की कार्यवाही की गयी. उक्त अभियान में नगर पंचायत पाक़बडा से हिमांशु चौहान जितेंद्र कुमार, केशव गोस्वामी, सफाई नायक संजीव व सचिन अन्य सफाई कर्मचारी एवं पशु विभाग से डॉक्टर शोएब अंसारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे. अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पाकबड़ा द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान नगर पंचायत पाक़बडा द्वारा समय-समय पर चलाया जाता है एवं आवारा गोवंश को पकड़कर नजदीकी गौशाला में भेजा जाता है. उक्त अभियान पूर्व की भांति संचालित रहेगा ।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

मोहनगंज पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज क्षेत्र के रायबरेली अयोध्या मार्ग पर स्थित गांव गड़ेहरी मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुये शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव पूरे शिव गुलाम तिवारी मजरे जमुरवां निवासी कमलेश कुमार ओझा पुत्र स्व. रामखेलावन ओझा ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बीती दस दिसम्बर को सायं करीब साढ़े छह बजे मेरे भाई रमेश कुमार ओझा अपने थ्री व्हीलर टैम्पो नम्बर यूपी एटी 8221 से चला करके शंकरगंज से मोहनगंज जा रहे थे उसी गाडी मे पीछे हमारे भाई सुरेश कुमार ओझा भी बैठे हुये थे वह जैसे ही गडेहरी मोड़ से पहले पहुंचे कि सामने से तेज तफ्तार व लापरवाही पूर्वक अज्ञात वाहन ने टैम्पू मे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे टैम्पू चला रहे रमेश कुमार ओझा गाडी से अलग जा गिरे और टैम्पू मे बैठे सुरेश कुमार ओझा टक्कर लगने से घायल हो गये जिससे उनके सर व पैर मे काफी चोटे आयी व घर वालो की मदद से उन्हें बीएचईएल स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज कर चिकित्सकों ने उनकी हालत को नाजुक देखते हुये बीस दिसम्बर को लखनऊ ले जाने के लिये कहा तो वह दोपहर मे अपने भाई को घर ले आया और लखनऊ ले जाने की तैयारी कर रहा था कि शाम पांच बजे उनकी मृत्यु हो गयी है।पीड़ित ने पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और अज्ञात वाहन की तलाश सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही है।

## सांसद खेल स्पर्धा की तैयारियों को लेकर सांसद ने की बैठक

देवरिया। जिले के स्वर्गीय रविन्द्र किशोर शाही स्टेडियम में 25 दिसम्बर को आयोजित होने वाले सांसद खेल स्पर्धा की तैयारियों को लेकर सदर सांसद शशांक मणि ने बुधवार को डाक बंगला में बैठक की। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष भाजपा एवं अन्य जिला पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश मे खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को जिला स्टेडियम देवरिया में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन होने जा रहा है। कल ही समापन होगा और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा के निमित्त इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला पदाधिकारीगण को जिम्मेदारी दी गई है। सांसद खेल स्पर्धा संयोजक पवन कुमार मिश्र ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत अटल जी के 100वीं जन्मजयंती के अवसर पर अटल पद यात्रा का आयोजन किया गया है, जो राजकीय इंटर कालेज देवरिया से प्रारम्भ होकर सिविल लाइंस रोड होते हुए स्टेडियम तक जाएगी।

# दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव एवं मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन तथा उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव एवं मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम के द्वितीय दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन बदायूँ क्लब बदायूँ में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज, पार्वती कन्या इण्टर कॉलेज, सिंग्लर गर्ल्स इण्टर कॉलेज, नगर पालिका कन्या इण्टर कॉलेज तथा केदारनाथ महिला इण्टर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा मिलेट्स रेसीपी के स्वादिष्ट व्यजंन तैयार कर मिलेट्स के प्रति जन-मानस को जागरूक किया गया तथा इन्हीं विद्यालयों के बच्चों द्वारा मनोरम सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई।



जादूगर सागर द्वारा अपने मनमोहक कार्यक्रमों से उपस्थित जन समूहों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में जनपद के प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट्स दादी की रसोई, श्रीमुनि स्वीट्स एवं श्याम मोहन कैटर्स द्वारा मिलेट्स व्यजंन यथा चीला, खिचड़ी, बाजरे के लड्डू, पेटीज, इडली तथा डोसा आदि की प्रस्तुति की गई। निजी तथा राजकीय स्टॉलों के मूल्यांकन उपरान्त भूमि संरक्षण अनुभाग प्रथम, बेसिक शिक्षा विभाग द्वितीय तथा महर्षि दयानन्द सेवा समिति द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। सभी विद्यालयों को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मिलेट्स रेसीपी कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति हेतु प्रमाण-पत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया तथा सभी विद्यार्थियों को टी-शर्ट, कैप तथा मिलेट्स प्रचार थैला प्रदत्त किया गया। जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा सभी कृषकों को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं के प्रति जागरूक रहने हेतु तथा अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

उप कृषि निदेशक द्वारा समस्त आगुन्तकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री आनन्द चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिशिर उपाध्याय, चेतन सिंह, जयलोक चौहान, अवनीश कुमार, प्रदीप कुमार एवं अमित कुमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में भाजपा नेता अशोक भारती, अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा केशव चौहान, उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में खराब प्रदर्शन पर डीएम ने वेतन रोकने के दिये निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने सीएम डैश बो र्ड के माध्यम से जिले में चल रही विकास कार्यक्रमों के योजनाओं के रैंकिंग की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की।उन्होंने प्रोजेक्टर के मा ध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली।उन्होंने एनआरएलएम विभाग, जल निगम विभाग, फैमिली आईडी,पंचायत विभाग, विद्युत विभाग,पर्यटन विभाग,बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग,पशुपा लन विभाग, समाज कल्याण विभाग,प्रोवेशन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग,सिंचाई विभाग आदि विभागों की समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागीय अ धिकारियों से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि कार्यों का शतप्रतिशत कार्य करते हुए फीडिंग कराकर रैंकिंग में सुधार लायें अन्य था विभागीय कार्यवाही के लिए तैयार रहें।समी क्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित विभाग के अ धिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अप ने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधि त कार्यों,योजनाओं की बराबर समीक्षा करते र हें ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए,इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अ धिकारियों से कहा है कि निरंतर सीएम डैशबो र्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें।कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीर ता से लें।बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा के दौरान नगर पंचायत खरगूपुर, तरबगंज, मनकापुर तथा नगर पालि का नवाबगंज की खराब प्रगति मिलने पर अधि शासी अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।इसके साथ ही छात्रवृत्ति योजना डाटा फॉर वर्ड की समीक्षा के दौरान खराब प्रगति पर क ड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तीस दिसम्बर तक सभी कॉलेज शतप्रतिशत डाटा फॉरवर्ड करना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में जिन सरकारी कॉलेजों द्वारा समय से कार्य पूर्ण नहीं किया गया है उनके छात्रवृत्ति डाटा फॉरवर्ड नोडल का वेतन रोकने की कार्र वाई की जायेगी, तथा प्राइवेट कॉलेजों के विरु द्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील कु मार श्रीवास्तव,उपनिदेशक कृषि, डीपीआरओ, समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं सं ख्याधिकारी,डीसी उद्योग बाबूराम,सहायक प र्यटन अधिकारी सभी संबंधित विभाग के जि ला स्तरीय अधिकारीगण,समस्त बीडीओ,सम स्त एडीओ पंचायतगण, नेडा विभाग उपस्थित रहे।

# एसआईआर कार्य को समय व पारदर्शिता के साथ करें पूर्ण : जिला निर्वाचन अधिकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में निर्वाचन से संबंधित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगाए गए नोडल अधि कारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वा चन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदाता सू ची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन से संबंधित का र्यों की प्रगति की समीक्षा करना तथा शत-प्रति शत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्दे श देना रहा।बैठक के दौरान जिलाधिकारी जि ला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य लोकतांत्रिक प्र क्रिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है,जिससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी पात्र मतदा ता मताधिकार से वंचित न रहे और अपात्र व्य क्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो।उ न्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में एसआईआर का र्य को गंभीरता,पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि फील्ड स्तर पर कार्यरत बीएलओ, सुप रवाइजर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ नि रंतर समन्वय बनाए रखें।घर-घर जाकर सत्याप न नए मतदाताओं का नाम जोड़ने,मृतक मतदा ताओं के नाम हटाने तथा स्थानांतरित मतदाता ओं के विवरण में संशोधन जैसे कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी नोडल अधिकारी निय मित रूप से प्रगति की मॉनिटरिंग करें और कि सी भी समस्या या बाधा की जानकारी तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय को दें। बैठक में यह भी कहा गया कि एसआईआर कार्य के दौरान आम जनता को जागरूक करना अत्यंत आव श्यक है,ताकि अधिक से अधिक लोग अपने म तदाता विवरण की जांच कर आवश्यक सुधार करा सकें। इसके लिए प्रचार-प्रसार, जनसंपर्क तथा डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग क रने पर विशेष बल दिया गया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या उदासीन ता स्वीकार नहीं की जाएगी।सभी संबंधित अ धिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा सके।बैठक में अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने एसआईआर कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु पूर्ण सहयोग और प्रतिबद्धता व्यक्त की हैं।

# विकासखंड मुजेहना के डेबरीकला और दिनारा में मनरेगा के मस्टर रोल में फर्जीवाड़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा । सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में भ्रष्टाचार रोकथाम में लाख कोशिशों के बावजूद भी गोण्डा जिले के मुजेहना विकास खण्ड के गाँवो में मनरेगा में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है भ्रष्टाचार की शिकायत तो ग्रामीण करते हैं,और आए दिन प्रमुख समाचार पत्रों में भ्रष्टाचार की खबर प्रकाशित होती रह ती है।लेकिन विकास खण्ड मुजेहना के जिम्मे दारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती है।

**क्या है पूरा मामला**

बतादें कि गोण्डा जिले के विकास खंड मुजेहना के ग्राम पंचायत डेबरीकला, दिनारा, जैतापुर में मनरेगा से हो रहे कार्य में एक बड़ा फर्जी वाड़ा सामने आया है जहां पर चल रहे मस्टर रोल में एक ही श्रमिकों की फोटो बार - बार अपलोड की जा रही है।मस्टर रोल में डेबरीकला गाँव में तीन कार्य के लिए 85 मजदूर काम कर रहे हैं लेकिन मौके पर कुछ और ही दृश्य दिखाई दे रहे हैं।ऐसे ही ग्राम पंचायत दिनारा में एक कार्य के लिए 50 श्रमिकों का मस्टर रोल चल रहा है जहां पर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।वही एक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि सिर्फ एक जगह ही कार्य चल रहा है।सूत्र बता रहे है कि काम खत्म होने से पहले वहां लोगों को खड़ा करके केवल फ़ो टो खिंचवाने का काम किया जाता है कुछ जग ह ऐसी भी है जहां पर कुछ भी काम नहीं हुआ हैऔर मजदूरों के नाम से पैसे लिए जा रहे हैं लेकिन काम मनरेगा से दिखा कर ठेके से करा या जा रहा है।

**एमएमएस सिस्टम खुल रही घोटाले की पोल**

मनरेगा योजना की विकासखंड मुजेहना में हों रहे मनरेगा के कार्यों की एमएमएस सिस्टम से घोटाले की पोल खुलती हुई दिखाई दे रही है रोजगार सेवक द्वारा मस्टरोल में कहां से मज दूरों के फोटो खींचकर उसके स्क्रीन शॉट के फो टो को एमएमएस सिस्टम में अपलोड कर शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है एमएमएस एप के विशेष निर्देश की धज्जियां उड़ रही हैं।एमएमएस एप के विशेष निर्देश के अनुसार रोजगार सेवक द्वारा प्रतिदिन सुबह दस बजे से पहले सभी श्रमिकों की उप स्थिति एवं कार्यस्थल की फोटो एमएमएस एप के माध्यम से लेकर मनरेगा सॉफ्टवेयर पर अप लोड की जाएगी,लेकिन डेबरीकला,दिनारा और

शुक्लापुरवा ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक रा त को मनरेगा सॉफ्टवेयर पर जाकर विशेष निर्दे शों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।यही नहीं रो जगार सेवक के द्वारा दूसरी पारी का फोटो अप लोड नहीं किया जा रहा है और एक श्रमिकों की फोटो कई मास्टर रोल में अपलोड किया जा रहा है जिससे साफ-साफ फर्जीवाड़ा दिखा ई दे रहा है।

# आरटीओ ऑफिस में दलालों का बोल-बाला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गजब का खेल टेस्ट ड्राइविंग के ट्रेनिंग में लाइ सेंस किसी और का टेस्ट दे रहा कोई और

गोंडा । मंडल मुख्यालय पर स्थित परिवहन विभा ग के आरटीओ कार्यालय के एआरटीओ, लेखा कार,आरआई और बाबुओं से गठजोड़ तथा जिम्मेदार अ फसरों के द्वारा आंखें बंद किए रहने के कारण आरटीओ विभाग में सिस्टम बेपटरी है।यहां तै नात एआरटीओ और लेखा कार सभाजीत त्रि पाठी इन दिनों काफी चर्चा में है।इनके सूट-बूट और हाव-भाव किसी अधिकारी से कम नहीं है वैसे तो देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर स्थित आरटीओ कार्यालय आए दिन सुर्खियों में रहता है लेकिन इन दिनों कई वर्षो से यहां पर तैनात लेखाकार सभाजीत त्रिपाठी के संबंधों को लेक र चर्चा में है। सूत्रों का कहना है कि आरटीओ कार्यालय गोण्डा में तैनात लेखाकार सभाजीत त्रिपाठी का सिक्का चलता है। बताया जा रहा है कि आरटीओ विभाग में तैनात लेखाकार सभाजीत त्रिपाठी अपना अकाउंटेंट का काम धाम छोड़कर लाइसेंस के टेस्ट ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर पहुंचकर का टेस्ट लेते हैं लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि लेखाकार अपने को खुद को अधिका रियों का करीबी बताने वाले सभा जीत त्रिपा ठी के संरक्षण में ही दलालों का नेट वर्क फैला हुआ है,जो जिले के दूरदराज इलाकों से आने वाले लोगों से अवैध रूप से वसूली कर ते हैं।यहां पंजीकरण से लेकर लाइसेंस ट्रांसफर फिटनेस,सहित अन्य कार्य बिना दलालों का स हयोग लिए नहीं हो सकता है।हालत यह है कि आवेदकों के सीधे लेखाकार के पास जाने पर उन्हें इस पटल से उस पटल दौड़ाया जाता है।आखिर में थक-हारकर वह दलालों की शरण में ही जाने को विवश होते हैं।वैसे तो देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील व जिले की जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आर टीओ कार्यालय को दलाल मुक्त बनाने के सख्त निर्देश दे रखे हैं लेकिन आलाधिकारियों के इस फरमान का आरटीओ कार्यालय गोण्डा में तैना त एआरटीओ आरसी भारती और लेखाकार स भाजीत त्रिपाठी पर कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है।विभागीय सूत्रों का कहना है कि यहां पर तैनात लेखाकार सभाजीत त्रिपाठी दलालों के मुख्य संरक्षक है।इसका अंदाजा इससे भी लगा या जा सकता है कि अपनी ऊंची पहुंच से कई वर्षो से एक ही जगह कुर्सी पर तैनात लेखाकार सभाजीत त्रिपाठी गोंडा आरटीओ ऑफिस की कुर्सी छोड़ने मोह कम नहीं हो रहा है दरअसल दलालों को लेकर बदनाम आरटीओ ऑफिस में एआरटीओ और लेखाकार भी उसी ढर्रे पर का म कर रहे हैं।यहां शिक्षार्थी लाइसेंस पास कराने के लिए कार्यालय में ही रेट तय होता कई बार इसकी शिकायत भी संबंधित अधिकारियों से की गयी,लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है,जिससे लेखाकार के साथ ही दलालों के भी हौसले बुलं द हैं और यहां आने वाले आवेदकों को खुलेआ म लूटा जा रहा है। जिले में इन दिनों ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर वसूली का खेल चल रहा है हम बात कर रहे हैं गोंडा आरटीओ कार्यालय की आरटीओ ऑफिस के बाहर बैठे दलालों के बगैर आम आदमी का लाइसेंस बन ही नहीं सकता है, सारा गोरखधंधा आरटीओ ऑफिस के एआरटीओ के नाक के नीचे चल रहा है अगर आपको गाड़ी चलानी नहीं आती है और लाइसेंस बनवाना है तो गोण्डा आरटीओ आइए यहां पांच हजार रुपए का सुविधा शुल्क दीजिए और घर बैठे लाइसेंस लीजिए।आप रुप ए के साथ- साथ आधार कार्ड की फोटो कॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो,प्रमाण पत्र और एड्रेस प्रूफ देकर निश्चिंत होकर घर जाइए बस दो बार आपको आरटीओ ट्रेनिंग सेन्टर के गेट पर साइ न करने और फोटो खिंचवाने आना होगा और फिर घर बैठे आपको लर्निंग से लेकर परमानेंट तक का लाइसेंस मिल जाएगा।यहां के कर्मचा रियो और दलालो में ईमानदारी इतनी है कि य हां के हर कर्मचारी और दलाल का रेट एकदम फिक्स है न एक रुपया ज्यादा न एक रुपया कम एक रेट पांच रुपया फिक्स हैं अगर आप को गाड़ी भी चलानी नहीं आती तो कोई बात नहीं हैं एक हजार दीजिए और फस्ट क्लास के ड्राइवर होने का सर्टिफिकेट भी लीजिए।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने जरूरतमंदों को पहुंचाई राहत, वितरित किया कंबल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए तहसील प्रशासन द्वारा राहत कार्य तेज कर दिए गए हैं। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ झलकता नजर आया। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शीतलहर के दौरान लगातार सर्वे कर वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान की जाए और उन्हें समय से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान एसडीएम ने स्वयं उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वितरण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा करना ही प्रशासन का मूल दायित्व है। स्थानीय लोगों ने तहसील प्रशासन के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे संवेदनशील और सक्रिय अधिकारियों के कारण ही गरीब एवं असहाय लोगों को समय पर राहत मिल पाती है। कंबल प्राप्त करने वाले जरूरतमंदों ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तहसीलदार नानपारा, नायब तहसीलदार बलहा सहित क्षेत्रीय लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा में किसान सम्मान दिवस का भव्य आयोजन, 110 किसानों ने लिया भाग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 130वीं जयंती किसान सम्मान दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कुल 110 किसानों ने सहभागिता करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का मानना था कि देश की समृद्धि का मार्ग गांवों, खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उन्होंने किसानों के हित में ऐतिहासिक जमींदारी उन्मूलन अधिनियम को 1 जुलाई 1952 को लागू किया, जिसके विरोध में उस समय लगभग 27 हजार पटवारियों ने त्यागपत्र दे दिया था। डॉ. संदीप कुमार ने चौधरी चरण सिंह के देश और किसान हित में किए गए योगदानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.के. सिंह ने चौधरी चरण सिंह को किसानों का सच्चा मसीहा बताते हुए कहा कि उन्होंने जमींदारी प्रथा के उन्मूलन के साथ-साथ नाबार्ड की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए। साथ ही उन्होंने किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों, आधुनिक मशीनीकरण और नवाचारों की जानकारी दी। केंद्र के वैज्ञानिक सुनील कुमार ने चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जीवनपर्यंत किसानों के उत्थान के लिए कार्य किया और उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। महिला वैज्ञानिक डॉ. रेनू आर्या ने किसान सम्मान दिवस के अवसर पर किसानों एवं महिलाओं को संबोधित करते हुए कृषि तकनीकों, पोषण और महिलाओं की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एक किसान गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज, स्टेपीफाई तथा एग्रोस्योर कंपनी द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए। किसानों ने इन स्टॉलों का अवलोकन कर नवीन कृषि तकनीकों एवं आधुनिक मशीनों की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषकों श्री कैलाश वर्मा, कमला प्रसाद, मायाराम, शकुंतला देवी, सीता देवी, वंदना, आसाराम, बाबादीन सहित अन्य किसानों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्र के फार्म मैनेजर डॉ. एस.बी. सिंह, सचान बृजेश सिंह, उपेंद्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी.के. सिंह द्वारा किया।

# संरक्षित गोवंशों को ठंड से सुरक्षा के लिए गो आश्रय स्थलों में किये गये व्यापक बन्दोबस्त

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



बहराइच । मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद के गो आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गोवंशों को ठंड से सुरक्षा प्रदान करने के लिए व्यापक बन्दोबस्त किये गये है। समस्त गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को ठंड से बचाने हेतु प्लास्टिक पर्दे, त्रिपाल की पर्याप्त व्यवस्था एवं टाट बोरी बॉधकर गोवंशों को शीतलहर से बचाव किया जा रहा है। खाद्य आपूर्ति विभाग से समन्वय स्थापित कर अब तक 9832 जूट बोरों का प्रबंध कर उनका प्रयोग झूल (काउकोट) के रूप में करते हुए बृद्ध एवं छोटे गोवंशों को ठंड से बचाया जा रहा है। सीवीओ डॉ. उपाध्याय ने बताया कि सर्दी के मौसम में गोवंशों के बैठने के स्थान को सूखा रखने हेतु समस्त गोआश्रय स्थलों में पंचायती राज विभाग के सहयोग से पुआल की व्यवस्था की गई हैं। जिससे फर्श को सूखा रखने एवं साफ-सफाई भी आसानी से हो सके। इस क्रम में जनपद के विभिन्न गोआश्रय स्थलों में अब तक कुल 11,910 कुन्तल पुआल एकत्रित किया गया है। इसके अलावा गोवंशो को ताजा पानी पिलाया जा रहा है तथा गोवंशों का तापमान संयमित रखने के उद्देश्य से गोवंशों को हरे चारे के साथ भूसा व चोकर मिलाकर खिलाया जा रहा है। जिले के अधिकॉश गोआश्रय स्थलो में अलाव की व्यवस्था की गयी है। जिन्हें केयर टेकर की देख-रेख में सावधानीपूर्वक नियमित रूप से जलाये जाने की व्यवस्था की गई हैं। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि जनपद अर्न्तगत ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 113 गोआश्रय स्थल संचालित है। अब तक 100 से अधिक गोआश्रय स्थलों में सीसी कैमरे लगाये जा चुके है।

# श्री शंकर इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन छात्र-छात्राओं की वैज्ञानिक प्रतिभा आई सामने

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। नगर के श्री शंकर इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक सोच देखने को मिली। प्रदर्शनी का आयोजन प्रातः 8:30 बजे से सायं 4 बजे तक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना तथा उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने जल शोधक, वैक्यूम क्लीनर, प्रदूषण का पता लगाने एवं नियंत्रण करने वाले उपकरण, हाथ से बनाया गया सूक्ष्मदर्शी, जलविद्युत ऊर्जा उत्पादन मॉडल, सेंसर आधारित कार, स्वचालित स्ट्रीट लाइट, नेत्रहीनों के लिए सेंसर चश्मा, हाइड्रोलिक जेसीबी, विद्युत चुंबक, मोटर बोट, रेत घड़ी, यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलने वाले उपकरण, वाटर प्यूरिफिकेशन, मैजिक टैप, ग्लोबल वार्मिंग, चंद्रयान-3, शौर्य मंडल, सैटेलाइट, प्लांटेवल पेंसिल, पेपर मॉडल, डीएनए, वर्किंग लंग्स, स्वचालित प्रणालियां एवं जल संरक्षण से जुड़े अनेक मॉडल प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल द्वारा अर्थक्वेक मॉडल के लिए रोनित रस्तोगी को प्रथम स्थान प्रदान किया गया। बाढ़ पर नियंत्रण मॉडल के लिए कोमल गुप्ता एवं हाइड्रोपोनिक मॉडल के लिए मोहम्मद अली को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान मिला। वहीं प्रदूषण नियंत्रण मॉडल के लिए अनम बनो को तृतीय स्थान से सम्मानित किया गया। स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य प्रतिभागी विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। इस अवसर पर आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, राजेन्द्र मित्तल, शिक्षक सप्तदर्शी सिंह, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म के साथ ही हिन्दुत्व की रक्षा हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी : अनिल

## कस्बा अहोरवा भवानी में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । क्षेत्र के कस्बा अहोरवा भवानी में राष्टीय स्वयं सेवक संघ का शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें वक्ताओं ने हिन्दुओं के इतिहास पर प्रकाश डालते हुये हिंदुओं को एकजुटता का पाठ पढ़ाया और हिन्दू हिन्दुत्व और सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प लेते हुये नैतिक जिम्मेदारी बताया गया। हिन्दू सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के सह क्षेत्र कार्यवाह अनिल कुमार ने कहा कि सनातन संस्कृति लाखों वर्षो से चली आ रही है जो कि सतत धारा है। भारत देश सदैव अध्यात्म के आधार पर मार्गदर्शन करता रहा लेकिन कुछ लोगों ने अपनी संस्कृति स्थापित करने के लिये कई बार आक्रमण किया। यहां की शिक्षा संस्कृति और संस्कार सबसे अलग है और कुछ लोग यहां की शिक्षा पद्धति बदलकर समाज में विसंगतियों को फैला दिया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में विश्व का कल्याण हो और वसुधैव कुटुंबकम् का नारा लगाया जाता है इसी धर्म पेड़ो के साथ ही नदियों और तालाब पूज्यनीय है तभी सृष्टि बेहतर चल रही है। उन्होंने कहा कि भारत देश की सनातन संस्कृति में माता पिता के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया जाता है बच्चों को संस्कार देने का काम सनातन संस्कृति करती है। उन्होंने कहा कि खानपान बिगड़ रहा है प्रदूषण फैल रहा है और कीटनाशक के बगैर खेती करनी चाहिये यह सब बहुत नुकसानदेह है। पानी की बचत अपने घर से करनी चाहिये और का जरूरत से ज्यादा उपयोग कर प्रकृति से खिलवाड़ किया जा रहा है। आप सब लोगों को पालीथीन मुक्त करना चाहिये और बच्चे की तरह एक पेड़ रोपित करना चाहिये। कार्यक्रम के समापन के उपरांत भारत माता की आरती के साथ ही प्रसाद वितरित किया गया।कार्यक्रम को मोक्षेश्वरी मंदिर उसरहा के महंत सुरेशानंद जी महाराज,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनीता साहू,वरिष्ठ अधिवक्ता राम नरेश विक्रम,शिव प्रसाद मौर्या ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम का संचालन अनिल पाण्डेय ने किया।इस मौके पर राष्टीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक ऋषभ जी,सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह,प्रधान संघ के अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, धर्मेश मिश्रा, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, चंद्र मौली पाण्डेय, मिंटू सिंह, अरुण प्रताप सिंह, प्रमोद त्रिपाठी,तेज नारायण मिश्रा, विवेक पाण्डेय, रिंकू सिंह,राहुल पाठक, अनादि मिश्रा, रामजी शुक्ला, अखिलेश पासी, दिनेश जायसवाल, राहुल सिंह, सत्य नारायण सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती से बढ़ रही किसानों की आय सरकार व वैज्ञानिक संस्थानों का सहयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत । सूचना विभाग 24 दिसम्बर 2025/रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार और कृषि वैज्ञानिक संस्थान लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिला गंगा समिति पीलीभीत के द्वारा नमामि गंगे के तहत गोमती उद्गम स्थल पर प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ और उसके व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से जहां उत्पादन लागत में कमी आती है, वहीं किसानों की आमदनी में भी वृद्धि हो रही है। केंद्र और राज्य सरकारें प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर, किसान गोष्ठियां और प्रदर्शन प्लॉट के माध्यम से किसानों को जागरूक कर रही हैं।कृषि विभाग के अनुसार गोबर, गौमूत्र, जीवामृत, घनजीवामृत और बीजामृत जैसे प्राकृतिक संसाधनों से तैयार खाद व कीटनाशकों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ रही है और फसलों की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। जिले के प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों का कहना है कि रासायनिक खाद और कीटनाशकों पर होने वाला खर्च लगभग समाप्त हो गया है, जबकि बाजार में प्राकृतिक उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण उन्हें बेहतर मूल्य मिल रहा है। कृषि विशेषज्ञों ने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार प्राकृतिक खेती से जुड़ी योजनाओं के तहत किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। कृषि विभाग का दावा है कि आने वाले समय में प्राकृतिक खेती का दायरा और बढ़ेगा, जिससे खेती टिकाऊ बनेगी और किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। उप प्रभागीय वन अधिकारी रमेश चौहान, द्वारा अवगत कराया गया है कि टेरी के द्वारा शुरू की गयी कार्बन क्रेडिट योजना के तहत 7 यूकेलिप्टस के पौधे लगाने पर रुपये 500 के हिसाब से किसानो को दिया जायेगा इससे किसानो को खेती के साथ आर्थिक लाभ होगा।

कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ एसवएसव ढाका, उप कृषि निदेशक राममिलन परिहार, सहायक विकास अधिकारी दिलीप कुमार, उप प्रभागीय वन अधिकारी रमेश चौहान, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन की यूपी हेड सोनालिका सिंह, जिला परियोजना अधिकारी सौरभ प्रताप सिंह, कनिष्ठ अनुसंधान सहायक डॉ. आदर्श कुमार, गंगा समिति के सदस्य निर्भय सिंह व योगेश्वर सिंह सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# सड़क, फुटपाथ पर मिले अनाथ, परित्यक्त या आपात स्थिति में रह रहे व्यक्तियों एवं बच्चों के पुनर्वासन को गठित टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

### गठित टास्क फोर्स समय-समय पर चलाएगी रेस्क्यू अभियान : जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा गठित टास्क फोर्स की बैठक मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए।बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेशानुसार जनपद में सड़क,फुटपाथ पर रहने व मिलने वाले अनाथ,परित्यक्त या आपात स्थिति में रह रहे व्यक्तियों एवं बच्चों के पुनर्वासन हेतु जनपद में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स गठन किया जा चुका है।गठित टास्क फोर्स द्वारा समय-समय रेस्क्यू अभियान चलाकर सड़क,फुटपाथ पर रहने व मिलने अनाथ,परित्यक्त या आपात स्थिति में रह रहे व्यक्तियों एवं बच्चों रेस्क्यू कर संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए ऐसे व्यक्तियों, बच्चों और महिलाओं का पुनर्वासन किया जाना है, जिसके लिए तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को निर्देशित किया, कि सभी विभाग अपने-अपने अधीनस्थ को अपने स्तर से भी निर्देशित करें, कि जनपद में जनपद में सड़क,फुटपाथ पर रहने व मिलने अनाथ,परित्यक्त या आपात स्थिति में रह रहे व्यक्तियों एवं बच्चों चिन्हित कर अपने-अपने विभागाध्यक्षों को अवगत कराए ताकि रेस्क्यू अभियान चलाकर ऐसे व्यक्तियों का आश्रय देकर पुनर्वास कराया जा सके। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल,जिला विकास अधिकारी संजय कुमार,जिला कार्यक्रम अधिकारी,जिला समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यांजन सशक्तिकरण अधिकारी,मुख्य चिकित्साधिकारी एवं परियोजना अधिकारी द्वारा नामित सदस्य की उपस्थिति रही हैं।

## एसडीएम ने गौ आश्रय स्थल मंगरौरा के केयर टेकरों को बांटा कम्बल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । शीतलहर के दृष्टिगत जनपद में निराश्रित गोवंश की सुरक्षा एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के उददेश्य से बुधवार को उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया द्वारा गो आश्रय स्थल मंगरौरा का स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने गौशाला में शीतलहर से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने निराश्रित गोवंश के लिये चारे, पेयजल, साफ सफाई, ठहराव एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन करते हुये संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ठंड के मौसम को देखते हुये गोवंश को सुरक्षित रखने के लिये विशेष सावधानी बरतने पर जोर दिया गया। एसडीएम ने गौशाला में तैनात केयर टेकरों को शीतलहर से राहत प्रदान करने के लिये कम्बल वितरित किया।उन्होंने केयर टेकरों से गोवंश की नियमित देखरेख, समय पर चारा पानी उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता बनाये रखने का निर्देश दिया।

## सड़क, फुटपाथ पर रहने वाले परित्यक्त व्यक्तियों एवं बच्चों के पुनर्वासन को लेकर रेलवे स्टेशन पर चला गया रेस्क्यू अभियान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के आदेश एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी के निर्देशानुसार बुधवार को रेलवे स्टेशन पीलीभीत एवं आस-पास अभियान चलाकर संरक्षणहीन अवस्था में रह रही एक अज्ञात महिला को रेस्क्यू कर वन स्टॉफ सेंटर पीलीभीत में आवासित कराया गया। रेस्क्यू टीम ने रेलवे स्टेशन पीलीभीत के आस-पास सघन अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य सड़क, फुटपाथ पर रहने वाले परित्यक्त व्यक्तियों, महिलाओं एवं बच्चों की पहचान कर अज्ञात एवं संरक्षणहीन अवस्था प्राप्त होने पर उनको पुनर्वासन की प्रकिया में लाया जाए। रेस्क्यू टीम में मीनाक्षी पाठक संरक्षण अधिकारी, निर्वान सिंह चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक, तृप्ति मिश्रा सेंटर मैनेजर वन स्टॉफ सेंटर, गोविंद सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ए0एच0टी0, श्रम विभाग की उपस्थिति रही।

## धर्म के नाम पर हिंसा अस्वीकार्य है फिर चाहे वह किसी भी देश में हो

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारीयों,समाजिक कार्यकर्ताओ के साथ उपजिलाधिकारी महोदय द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की इस दौरान प्रमुख रूप से सपा प्रदेश सचिव सछास,पूर्व जिलाध्यक्ष सछास नोमान अली वारसी जी,समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष एवं सभासद तौफीक अहमद कादरी जी,समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव जी,जिला सचिव आदर्श पाण्डेय जी,अहीद खा,कामरान अहमद,सुशील मौर्य,दीनानाथ,रामेश्वश्वर दयाल सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्तिथ रहे।

## रामानुजन की जयंती पर विद्या मंदिर स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन, छात्रों ने उत्साह से लिया भाग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों के क्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत महान गणितज्ञ रामानुजन के चित्र के समक्ष प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा, प्रबंधक हरि बल्लभ गुप्ता, अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, मोनिका गुप्ता,मोहनलाल गंगवार, इंदु दीक्षित, अखिलकांत पांडेय,चंद्रकांत विश्वकर्मा आदि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई कार्यक्रम में लगभग 50 विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसके परिणाम में प्रथम स्थान अमरीश चंद्र, द्वितीय स्थान अंकित सिंह व तृतीय स्थान प्रिंस मिश्रा ने प्राप्त किया स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य जी व प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया इसके साथ पांच विद्यार्थियों नवजोत कौर, साक्षी यादव, जागृति सिंह, खुशी कुमार व शिव वर्मा को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन इंदु दीक्षित, बलराम वर्मा, राजीव मोहन अग्रवाल व अशोक वर्मा ने किया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रामानुजन के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा गणित को समझ और आत्मविश्वास के साथ पढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राओं व शिक्षक- शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही

## शिक्षक ने सिक्ख छात्रा का ब्रेनवाश कर बनाया मुस्लिम पढती थी कुरान धर्मांतरण कर किया यौनशोषण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर क्षेत्र मे एक एकेडमी मे शिक्षक रहा दिलनवाज ने नाबालिग छात्रा का ब्रेन वॉश कर युवती का शोषण और धर्मांतरण गतिविधियां का मामला सामने आया खुलासे होने के बाद पुलिस भी दंग रहे गई घर से ले जाने के बाद चार दिन तक आरोपी ने युवती को पूरनपुर के खानकाह मोहल्ले मे अपने करीबी के घर में बंधक बनाकर रखा खाने के नाम पर सिर्फ नमकीन बिस्किट दिए गए माधोटांडा पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर मामले में दर्ज मुकदमे को संगीन धाराओं में तब्दील कर दिया पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया कि युवती की कई माह से गतिविधियां बदल रही थी दिलनवाज के सम्पर्क मे आने के बाद युवती विशेष समुदाय की खूबियों का जिक्र करने लगी थी शादीशुदा दिलनवाज पेशे से भौतिक विज्ञान का अध्यापक था,लेकिन नीयत से वहशी शादीशुदा दिलनवाज की बड़ी बेटी 11 वर्ष और छोटी बेटी छह वर्ष की है दो बेटियों का पिता छात्रा को प्रेमजाल में फंसाता है इसके बाद उसका ब्रेनवाश करके पांच वर्ष से ज्यादा समय तक शारीरिक संबंध बनाता और फिर मतांतरण कराने के लिए तैयार कर लेता और युवती को घर से ले जाता 2020 तक उसने क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में छात्र-छात्राओं को पढ़ाता रहा दिलनवाज ने अपनी छात्रा को वर्ष 2020 में प्रेमजाल में फंसा लिया था जो सिख समुदाय से थी नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म किया नाबालिग छात्रा से फोन पर बातचीत करता रहा, जबकि मार्च 2020 के बाद शिक्षक ने दूसरे स्कूल में पढ़ाना शुरू कर दिया, लेकिन छात्रा के बालिग होने के बाद तक लगातार संपर्क करता रहा छात्रा ने बरेली से ब्यूटीशियन का कोर्स किया तो वहां पर भी जाकर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया शिक्षक के नाम को कलंकित करने वाला दिलनवाज सिख समुदाय की छात्रा के अलावा अन्य कई हिंदू छात्राओं के संपर्क में था वह अन्य छात्राओं के साथ भी चैटिंग करता था, जिससे कि उनको मतांतरण के लिए मना सके। अब वह किस गैंग के साथ काम कर रहा था और उसको फंडिंग कहां से हो रही थी। इन तथ्यों पर भी पुलिस जांच कर रही है। आरोपित शिक्षक के मोबाइल से डिटेल निकालकर तथ्यों की विस्तृत जांच शुरू हो गई है बातों में आकर छात्रा भी उसकी ओर आकर्षित हो गई थी दोनों के बीच मुलाकातें भी होती रहीं 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद युवती ब्यूटी पार्लर का कोर्स करने के लिए बरेली चली गई जहां आरोपी उससे मिलने जाता रहा। इंस्पेक्टर अशोक पाल सिंह का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## हत्त्या, जानलेवा हमला के आरोपित फरार छह बदमाशों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित

सुलतानपुर । उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर पुलिस ने छह वांछित आरोपितों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। जो अयोध्या पुलिस पर जानलेवा हमले, अमन यादव हत्याकांड और गोसाईगंज/मोतिगरपुर क्षेत्र में हुई गैंगवार सहित विभिन्न गंभीर मामलों में फरार चल रहे हैं। अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बुधवार को बताया कि हलियापुर थाना क्षेत्र में अयोध्या पुलिस पर हमला करने वाले आरोपित, चांदा थाना क्षेत्र के अमन यादव हत्याकांड में फरार आरोपित और गोसाईगंज/मोतिगरपुर क्षेत्र में हुई गैंगवार में शामिल आरोपित शामिल हैं। पुलिस लम्बे समय से इनकी तलाश कर रही थी। गुल्लू उर्फ विजय बहादुर राजभर (निवासी मरुई किशुनदासपुर, थाना अखण्डनगर), रजत सिंह उर्फ राका (निवासी जासापारा, थाना गोसाईगंज), प्रमोद सिंह उर्फ दशरथ सिंह (निवासी डोभियारा, थाना हलियापुर), आदर्श सिंह (निवासी डोभियारा, थाना हलियापुर), अजय गुप्ता उर्फ गोलू (निवासी नरैनी मजरे सफीपुर, थाना चांदा) और विजय यादव (निवासी नरैनी मजरे सफीपुर, थाना चांदा) पर इनाम घोषित किया गया है। सम्बंधित थानों को अभियुक्तों की तलाश में दबिश तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि इन अभियुक्तों के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या कंट्रोल रूम को दें। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।

## मझिगवां की बेटी प्रियंका ने रचा इतिहास, नेशनल क्रिकेट में चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर

मीरजापुर। विकासखंड कोन क्षेत्र के मझिगवां गांव की होनहार छात्रा प्रियंका गुप्ता के नेशनल क्रिकेट में चयन होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। प्रियंका, बसंत इंटर कॉलेज की कक्षा 8 की छात्रा है और महेश कुमार गुप्ता की पुत्री हैं। उन्होंने कम उम्र में ही अपने खेल कौशल से जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रियंका ने वर्ष 2023 में विद्यालय स्तर पर क्रिकेट खेलते हुए स्टेट लेवल तक पहुंच बनाई थी। इसके बाद वर्ष 2025 में स्टेट लेवल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नेशनल क्रिकेट टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, परिजन और क्षेत्रवासियों में गर्व की अनुभूति है। नेशनल क्रिकेट में चयन की खबर मिलते ही विद्यालय परिवार व क्षेत्र के लोगों ने प्रियंका के घर पहुंचकर माल्यार्पण किया, मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दीं। सभी ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे आगे भी मेहनत और लगन से खेलने के लिए प्रेरित किया। बधाई देने वालों में समाजसेवी रवि यादव, शशिकांत यादव, पृथ्वीराज सिंह, पंकज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और शुभचिंतक शामिल रहे।

# कन्नौज के बाबा विश्वनाथ मंदिर के पर्यटन विकास को मिली स्वीकृति

एजेंसी

कन्नौज। उत्तर प्रदेश के जनपद कन्नौज के ग्राम पंचायत चौधरियापुर बांगर में स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों के लिए शासन ने प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। उक्त विषय के संबंध में प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के प्रस्ताव पर शासन को प्रेषित प्रस्ताव के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की ओर से गठित अप्रेजल समिति द्वारा परियोजना का मूल्यांकन किया गया, जिसमें कुल लागत 66.33 लाख रुपये (जीएसटी सहित) आंकी गई है। यह परियोजना वित्तीय वर्ष 2025ऽ26 के अंतर्गत मद संख्या 8 (मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों का विकास) से आच्छादित की गई है। परियोजना के अंतर्गत बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर एवं उसके आसपास श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार एवं सौंदर्यीकरण के लिए मल्टीपरपज हॉल का निर्माण, शौचालय ब्लॉक की स्थापना, सोलर पैनल की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट्स, आरसीसी बेंच, ट्विन डस्टबिन, साइनिज, पेविंग कार्य, पेयजल सुविधा तथा हॉर्टीकल्चर एवं लैंडस्केपिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य कराए जाएंगे। इस संबंध में समाज कल्याण मंत्री ने बताया कि शासन द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए कुल 66.33 लाख रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही परियोजना के शीघ्र एवं सुचारु क्रियान्वयन हेतु प्रथम किश्त के रूप में 50.00 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त किए जाने की भी स्वीकृति दी गई है। परियोजना के पूर्ण होने से बाबा विश्वनाथ मंदिर का समग्र विकास सुनिश्चित होगा, श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा स्थानीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी।

# परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान का किया शैक्षिक भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । विकास खण्ड सिंहपुर के पूर्व माध्यमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के लिये बीआरसी मुख्यालय से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह बच्चे राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान बहादुरपुर की एतिहासिक वैज्ञानिक सांस्कृतिक विरासत के स्थानों का भ्रमण करेंगे। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह उर्फ बंटी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आज बच्चों को बेहतर से बेहतर कक्षा शिक्षण तो प्रदान कर ही रही है वहीं उसके साथ साथ उन्हें ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वाले, वैज्ञानिक पृष्ठभूमि वाले और सांस्कृतिक विरासत के स्थानों का शैक्षिक भ्रमण भी करा रही है जिससे बच्चों में बेहतर यथार्थ समझ विकसित हो सके।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों



के बच्चों का यह जत्था राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान बहादुरपुर पहुंचकर इस स्थान की महत्ता व इसके क्रिया कलापों के बारे में बेहतर ढंग से जानकारी प्राप्त किया और उसके बारे में वैज्ञानिक तरीके से जानकारी हासिल की इसके बाद बच्चों को लंच कराकर देर शाम बस बीआरसी सिंहपुर पहुंची जहां से बच्चों को उनके घरों तक सम्बंधित विद्यालयों के शिक्षकों की देख रेख में पहुंचाया गया।भ्रमण करने वाले बच्चों के चेहरे वापस आने पर बहुत ही खिले खिले नजर आ रहे थे। सम्बंधित विद्यालयों के बच्चों के बच्चों के साथ उनकी देखरेख के लिए सम्बंधित विद्यालयों के शिक्षक भी उनके साथ रहे। इस मौके पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रविकांत श्रीवास्तव,आशीष मिश्रा, राम शंकर, विकल्प श्रीवास्तव, सुनील कुमार, आयुष्मान श्रीवास्तव, दीप शिखा, आलोक शुक्ला, पवन कुमार सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## मेला रामनगरिया तम्बाकू निषेध क्षेत्र घोषित

फर्रुखाबाद । गंगा तट पांचाल घाट पर तीन जनवरी से लगने जा रहे मेला रामनगरिया को तंबाकू निषेध क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति यहां बीड़ी, सिगरेट या चिलम पीता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी । जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बुधवार को ये जानकारी देते हुए बताया की तंबाकू पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि गंगा तट पांचाल घाट पर एक माह के लिए 3 जनवरी से 3 फरवरी तक अर्ध कुंभ की भांति मेला लगने जा रहा है। इस मेले में प्रदेश के कोने-कोने से कल्पवासीय आकर कल्पवास करते हैं । मनवांछित फल पाकर आत्मिक आनंद और मानसिक शांति की अनुभूति करते है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मेला रामनगरिया में तंबाकू को पूरी तरह से निषेध कर दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति इस नियम का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मेला पूरी तरह से तंबाकू निषेध क्षेत्र रहे इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी भी इस पर नजर रखेंगे ।

# ड्रिप सिंचाई व मल्चिंग से स्ट्राबेरी की सफल खेती की मिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश भर के किसानों के लिए आधुनिक बागवानी और सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में अमेठी जिले के किसानों ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत स्ट्रॉबेरी की सफल खेती करके एक नया कीर्तिमान रचा है। जहां पहले धान-गेहूं जैसी परंपरागत फसलों पर निर्भर किसान संघर्ष कर रहे थे वहीं अब आधुनिक तकनीकों से उच्च मूल्य वाली फसलें उगाकर वे लाखों की आमदनी कमा रहे हैं। जिले के प्रगतिशील किसान विकास खण्ड जगदीशपुर के ग्राम बनभरिया के जगदेव प्रसाद पुत्र सद्धू इस क्रांति के प्रमुख प्रतीक बन चुके हैं। यह उपलब्धि न केवल जगदेव प्रसाद के लिये बल्कि पूरे अमेठी जिले के किसानों के लिये प्रेरणा का स्रोत बनी है।जगदेव बताते हैं कि उद्यान विभाग के मार्गदर्शन और एकीकृत



बागवानी मिशन के तहत मिले अनुदान ने उन्हें आधुनिक खेती अपनाने में मदद की। खासतौर पर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत चलाई जा रही ''पर ड्रॉप मोर क्रॉप'' योजना ने उनकी खेती को नई दिशा दी। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग के सहयोग से 0.5 हेक्टेयर में स्ट्राबेरी की खेती के साथ ही ''पर ड्राप मोर क्राप'' माइक्रोइरीगेशन योजना से ड्रिप सिंचाई पद्धति की स्थापना करायी गयी। कृषक द्वारा परम्परागत खेती के स्थान पर ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग कर लगभग अस्सी कुंतल स्ट्राबेरी का उत्पादन प्राप्त किया। फसल की बिक्री स्थानीय मण्डी में कर समस्त खर्चों की कटौती करते हुए मात्र छह माह में पांच लाख रुपये का लाभ प्राप्त कर अन्य कृषकों के लिए प्रेरणा स्रोत बनें।इस योजना के तहत ड्रिप सिंचाई सिस्टम पर अस्सी से नब्बे प्रतिशत तक सब्सिडी मिलने से पानी की बचत हुई और फसल की गुणवत्ता

### बनभरिया के किसान जगदेव प्रसाद बने अमेठी के किसानों के लिये प्रेरणा स्रोत

बढ़ी।अमेठी में स्ट्रॉबेरी की मांग स्थानीय बाजारों के अलावा लखनऊ, प्रयागराज और अन्य शहरों में भी तेजी से बढ़ रही है। एक किलो अच्छी क्वालिटी की स्ट्रॉबेरी डेढ़ सौ से ढाई सौ रुपये तक बिक रही है जिससे प्रति हेक्टेयर आठ से बारह लाख तक की कमाई संभव हो रही है।उद्यान विभाग के जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि अमेठी में अब कई अन्य किसान भी इस राह पर चल पड़े हैं। सरकार की ''आत्मनिर्भर किसान'' की अवधारणा को साकार करते हुये यह प्रयोग साबित कर रहा है कि परंपरागत खेती से हटकर उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलें अपनाने से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। जगदेव प्रसाद की सफलता अब अमेठी के सैकड़ों किसानों के लिये प्रेरणा बन चुकी है।

## प्रशिक्षु सिपाही के खिलाफ दर्ज होगी दुष्कर्म में प्राथमिकी

मुरादाबाद। बिन व्याही युवती ने बच्चे को जन्म दिया है उसने पति सिपाही को बच्चे का पिता बताया है। लेकिन प्रशिक्षु सिपाही डीएनए कराकर बच्चे को अपनाने से इन्कार कर दिया है। अब पुलिस दोबारा डीएनए कराने से पहले प्रशिक्षु सिपाही के खिलाफ दुष्कर्म प्राथमिकी दर्ज कर रही है। डीएनए जांच कराने के लिए सीएमओ को पत्र भेजा जा रहा है। थाना मझोला क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह से मिलकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसमें पीडिता ने बताया कि अमरोहा जिले के डिडोली जाना क्षेत्र के गांव निवासी प्रशिक्षु सिपाही से उसके प्रेम संबंध थे। आरोप है कि आरोपित सिपाही ने उसे मुरादाबाद के होटल में बुलाया और शारीरिक संबंध बनाए। नवम्बर माह में पीड़िता युवती ने एक बेटे को जन्म दिया। लेकिन बच्चो के जन्म के बाद प्रशिक्षु सिपाही ने उसे अपनाने से इनकार कर दिया। प्रशिक्षु सिपाही की पुलिस अफसरों से शिकायत की। इसके बाद आरोपित का डीएनए टेस्ट हुआ।

# नवयुवक की धारदार हथियार से नृशंश हत्या से ग्रामीणों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी ।थाना मुसाफिरखाना क्षेत्र के गांव पिंडारा ठाकुर में मंगलवार देर रात शौच के लिये घर से बाहर निकले एक नव युवक पर अज्ञात हमलावरों द्वारा धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसे दिलाया। पुलिस ने आधार दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये दो टीमें गठित की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव पिंडारा ठाकुर निवासी रत्नेश मिश्रा पुत्र संतोष मिश्रा उम्र बीस वर्ष मंगलवार की देर रात शौच के लिये घर से बाहर गया था तभी पहले से घात लगाये बैठे अज्ञात हमलावरों ने उस पर अचानक धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में रत्नेश मिश्रा गम्भीर रुप से लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा।



### मुसाफिरखाना पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

युवक की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना ले जाया गया।हालत गम्भीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान रत्नेश मिश्रा ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ ही पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और घटना के खुलासे के लिये दो टीमों का गठन किया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और हत्या के इस मामले की गम्भीरता से छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

### परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी पर अड़े मृतक रत्नेश मिश्रा के परिजन

अमेठी ।थाना मुसाफिरखाना क्षेत्र के गांव पिंडारा ठाकुर गांव में मंगलवार की शाम हुई एक जघन्य घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। तेइस वर्षीय रत्नेश मिश्र का शव बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जब गांव पहुंचा तो परिजन फफक कर रो पड़े और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग एवं डीएम और एसपी को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे।बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचते ही ग्रामीणों और रिश्तेदारों की भारी भीड़ घर के सामने जमा हो गई। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर दाह संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिजनों का कहना है कि जब तक हत्या में शामिल सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जायेगा।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौके पर आए तभी उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा जायेगा।मौके पर स्थिति को संभालने के लिये मुसाफिरखाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह, क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सहित भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस अधिकारियों द्वारा परिजनों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन परिजन जिलाधिकारी अमेठी और पुलिस अधीक्षक अमेठी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हुये हैं।फिलहाल पुलिस हमलावरों की तलाश में दबिश दे रही है। इस हत्याकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## सम्पादकीय

# जानलेवा आबोहवा

देश-दुनिया में दिल्ली में प्रदूषण को लेकर भारी चिंता है, लेकिन यह सिर्फ दिल्ली का ही संकट नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरियाणा, उ.प्र. व राजस्थान के कई शहर भी प्रदूषणग्रस्त हैं। इसके अलावा लखनऊ, वाराणसी, जयपुर, पटना, मुजफ्फरपुर, कानपुर व देश के अन्य शहरों में भी प्रदूषण संकट आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। हालांकि, इन शहरों में संकट दिल्ली जैसा नहीं है, लेकिन पूरे देश के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने की जरूरत तो है। दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में तीसरे स्थान पर आने वाली दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक का 450 के आसपास बना रहना, निश्चय ही खतरे की घंटी है। दिल्ली सरकार द्वारा उत्सर्जन मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक, दफ्तरों में वर्क फ्रॉम-होम, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई, तोड़फोड़ व निर्माण पर रोक के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। इसी बीच, चीन के दूतावास ने दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण में मदद की पेशकश की है। चीनी दूतावास की एक प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट में स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें दिल्ली में एक्यूआई 447 व बीजिंग में 67 दिखाई दे रहा है। निस्संदेह, भारत व चीन दोनों ही तीव्र शहरीकरण की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन चीन ने योजनाबद्ध ढंग से उस परिदृश्य को दूर किया है, जिसमें चीन के तमाम शहर सर्दियों में स्मॉग से ढके रहते थे। हालांकि, साम्यवादी चीन व लोकतांत्रिक भारत में नीतियों के क्रियान्वयन में मूलभूत अंतर है। फिर भी चीन की सफलता से सीखा जा सकता है। चीन ने पिछले दो दशकों में आक्रामक ढंग से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया। वाहन उत्सर्जन पर नियंत्रण किया। लाइसेंस प्लेट लॉटरी व ऑड-ईवन से सड़कों पर वाहनों को कम किया। उसने बड़े मेट्रो-बस नेटवर्क को बढ़ाकर सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाया। करीब तीन हजार के करीब भारी उद्योगों को बीजिंग व आसपास के शहरों से हटाया गया। एक बड़ी स्टील कंपनी को हटाने से घातक कणों में बीस फीसदी की कमी आई। सबसे अधिक जोर कोयले पर आधारित बिजली संयंत्रों व उद्योगों पर रोक लगाने में लगा। इसके अलावा, निर्माण स्थलों पर धूल-रोधी जाली लगाने, पानी के छिड़काव-सफाई, किसानों को पराली भत्ता देने व प्रदूषण के पीक समय में निर्माण पर रोक जैसे कदम उठाए। वहां पौधारोपण को बढ़ावा दिया गया। निस्संदेह, बीजिंग व दिल्ली की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन बीजिंग मॉडल पर विचार होना चाहिए। दरअसल, दिल्ली की भौगोलिक परिस्थिति बीजिंग से भिन्न है, दिल्ली लैंडलॉक्ड क्षेत्र है, आसपास समुद्री इलाका भी नहीं है। लेकिन कोयला आधारित संयंत्रों को बंद करने, सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने तथा औद्योगिक संस्थानों को राजधानी की सीमा से बाहर किया जाना चाहिए। इस कार्य के लिए विशेष बजट की भी व्यवस्था हो। चिंता की बात यह भी है कि दिल्ली की तीन सौ किमी की परिधि में ग्यारह कोयला आधारित पॉवर प्लांट्स हैं, जिन्हें सर्वाधिक प्रदूषण का स्रोत माना जाता है। बहरहाल, दीर्घकालिक नीति बनाने व फैसलों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है।

> राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरियाणा, उ.प्र. व राजस्थान के कई शहर भी प्रदूषणग्रस्त हैं। इसके अलावा लखनऊ, वाराणसी, जयपुर, पटना, मुजफ्फरपुर, कानपुर व देश के अन्य शहरों में भी प्रदूषण संकट आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। हालांकि, इन शहरों में संकट दिल्ली जैसा नहीं है, लेकिन पूरे देश के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने की जरूरत तो है।

# अटल बिहारी वाजपेयी: लोकतांत्रिक नेतृत्व के आदर्श पुरुष

**आधुनिक मन वाले वाजपेयी जी ने आगे बढ़ कर देश की व्यापक कल्पना को संकल्प, प्रतिज्ञा और कर्म से जोड़ा और समर्पण के लिए आवाहन किया। स्मरणीय है कि भारत पर अंग्रेजी औपनिवेशिक राज की लम्बी दासता से मुक्ति मिलने के बाद आज लोकतांत्रिक देशों की प्रथम पंक्ति में वैश्विक क्षितिज पर भारत आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से एक सशक्त देश के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। इस विरल उपलब्धि के पीछे राष्ट्रीय नेतृत्व और रीति-नीति की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने विभाजन के बाद की कठिन परिस्थितियों में साल 1947 में एक आधुनिक और समाजवादी रुझान के साथ उत्तर उपनिवेशी स्वतंत्र भारत की यात्रा शुरू की थी। इस यात्रा में जिस ढांचे को लेकर हम आगे बढ़े वह अपने बौद्धिक गठन में बहुत हद तक अंग्रेजों द्वारा अपने उपनिवेश के लोगों के लिए खड़ा किया था। शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्रों में नवाचार जरूर शुरू हुए और पंचवर्षीय विकास योजनाओं का दौर भी चला ताकि देश विकास की दौड़ में विकासशील देशों से पीछे न रह जाय।**

स्वतंत्र भारत में यहाँ की विराट सांस्कृतिक परम्परा के संधान और उन्मेष की मानसिकता संजोने वाले जन-नायकों में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी निश्चय ही अनूठे व्यक्तित्व हैं। वह बिना किसी पूर्वाग्रह के पक्ष हो या विपक्ष, वाम हो या दक्षिण, केद्र हो या परिधि सब प्रकार के लोगों के साथ संवाद करने के लिए प्रस्तुत रहते थे। लोकाभिमुख होने की यह वृत्ति प्रचारक के रूप में उनकी लम्बी देश-साधना के दौरान विकसित हुई थी। साथ ही संपादन कार्य उनको अद्यतन करता रहा। इस क्रम की ही परिणति थी कि भारतीय संस्कृति की साधना के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। आधुनिक मन वाले वाजपेयी जी ने आगे बढ़ कर देश की व्यापक कल्पना को संकल्प, प्रतिज्ञा और कर्म से जोड़ा और समर्पण के लिए आवाहन किया। स्मरणीय है कि भारत पर अंग्रेजी औपनिवेशिक राज की लम्बी दासता से मुक्ति मिलने के बाद आज लोकतांत्रिक देशों की प्रथम पंक्ति में वैश्विक क्षितिज पर भारत आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से एक सशक्त देश के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। इस विरल उपलब्धि के पीछे राष्ट्रीय नेतृत्व और रीति-नीति की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने विभाजन के बाद की कठिन परिस्थितियों में साल 1947 में एक आधुनिक और समाजवादी रुझान के साथ उत्तर उपनिवेशी स्वतंत्र भारत की यात्रा शुरू की थी। इस यात्रा में जिस ढांचे को लेकर हम आगे बढ़े वह अपने बौद्धिक गठन में बहुत हद तक अंग्रेजों द्वारा अपने उपनिवेश के लोगों के लिए खड़ा किया था। शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्रों में नवाचार जरूर शुरू हुए और पंचवर्षीय विकास योजनाओं का दौर भी चला ताकि देश विकास की दौड़ में विकासशील देशों से पीछे न रह जाय। पर असंतोष भी बढ़ा जिसके फलस्वरूप स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण की अगुआई में देश में व्याप्त विसंगतियों के खिलाफ संपूर्ण क्रांति का बिगुल बजा और भारत में सामाजिक-राजनैतिक परिवर्तन की ऐतिहासिक शुरुआत हुई। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों की उपेक्षा जैसे प्रश्नों से उलझते राजनीति का विकेंद्रीकरण शुरू हुआ। संभ्रांत के वर्चस्व की जगह व्यापक समुदाय जिसमें हाशिए पर स्थित मध्यम और दलित वर्ग भी शामिल था राजनीति में प्रतिभागी बन कर अपनी प्रभावी भूमिका के लिए अग्रसर हुआ। वाजपेयी जी ने देश के लिए व्यापक परिवर्तन की आकांक्षा को इन शब्दों में रेखांकित किया: आजादी अभी अधूरी है, सपने सच होने बाक़ी हैं, रावी की शपथ अधूरी है। भारतीय राजनीति के नए दौर में पारदर्शिता, साझेदारी और संवाद की ख़ास भूमिका रही। लोकतंत्र के लिए आपातकाल बड़ा आघात था। उसके बाद कांग्रेस के विकल्प के रूप में 'जनता दल' का गठन हुआ और मोरारजी देसाई के नेतृत्व में सरकार बनी। वाजपेयी ने इस सरकार में परराष्ट्र मंत्री का दायित्व संभला। आगे चलकर भारत का राजनैतिक परिदृश्य इस अर्थ में क्रमशः जटिल होता गया। यह स्पष्ट होने लगा कि विभिन्न राजनैतिक दलों को साथ लेकर चलने वाली एक समावेशी दृष्टि ही कारगर हो सकती थी। इसके लिए सहिष्णुता, खुलेपन की मानसिकता, सबको साथ ले चलने की क्षमता, सुनने-सुनाने का धैर्य और युगानुरूप सशक्त तथा दृढ़ संकल्प की आवश्यकता थी। इन सभी कसौटियों पर एक सर्वमान्य नेता के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ही खरे उतरे। विविधता भरी राजनीति में उनको लेकर बनी सहमति का ही परिणाम था कि भारतीय संसद में उनको तीन बार देश के प्रधानमंत्री पद के लिए स्वीकार किया गया। यह अनूठी घटना थी। वर्ष 1999 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (नेशनल डेमोक्रेटिक अलाएंस या एनडीए) के कठिन नेतृत्व की कमान संभालते हुए वाजपेयी जी तीसरी बार प्रधान मंत्री बने। गठबंधन वाली यह पहली पूर्णकालिक सरकार थी। एनडीए में दो दर्जन के करीब राजनैतिक दल साथ आये थे और 81 मंत्री थे। इन सबको साथ लेकर चलना कठिन चुनौती थी जिसे वाजपेयी जी ने स्वीकार किया था और उस अवधि में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये। इनमें कुछ का उल्लेख प्रासंगिक होगा। उन्हीं की पहल पर भारत के चारों कोनों को सड़क से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना शुरू की गई जिसके तहत दिल्ली, कलकत्ता, चेन्नई और मुंबई को राजमार्गों से जोड़ा गया। संरचनात्मक ढाँचे के लिये कार्यदल, सॉफ्टवेयर विकास के लिये सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यदल, विद्युतीकरण में गति लाने के लिये केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग आदि गठित किए गए। नई टेलीकॉम नीति आई। कोकण रेलवे की शुरुआत हुई। ये सब बुनियादी संरचनात्मक ढाँचे को मजबूत करने वाले कदम थे। उड़ीसा के सर्वाधिक निर्धन क्षेत्र के लिये सात सूत्रीय निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रम आरम्भ किया। ग्रामीण रोजगार सृजन एवं विदेशों में बसे भारतीयों के लिये बीमा योजना शुरू की। पुराने कावेरी जल विवाद को सुलझाया। आवास निर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए अर्बन सीलिंग एक्ट ख़त्म किया। वर्ष 2004 में कार्यकाल पूरा होने से पहले हुए आम चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन ने वाजपेयी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और भारत उदय (अंग्रेजी में इण्डिया शाइनिंग) का नारा दिया। इस चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। ऐसी स्थिति में वामपन्थी दलों के समर्थन से काँग्रेस ने भारत की केन्द्रीय सरकार पर कायम हुई। स्वास्थ्य कारणों से वाजपेयी जी ने सक्रिय राजनीति से विराम ले लिया। निजी स्वार्थ से परे हट कर लोकहित की व्यापक चिंता वाजपेयी जी के लिए व्यापक जनाधार का निर्माण कर रही थी। लोकैषणा उनके व्यक्तित्व का वह केन्द्रीय पक्ष था जो जन-जीवन में किसी चुम्बक की तरह कार्य करता था। वे सबको सहज उपलब्ध रहते थे। अपने लक्ष्य के प्रति एकनिष्ठ समर्पण, सतत अध्यवसाय और सशक्त भारत देश के स्वप्न को साकार करने की असंदिग्ध और सघन चेष्टा ही थी जिसने वाजपेयी जी को पक्ष-विपक्ष का सर्वमान्य नेता बना दिया था। भारतीय संसद के चार दशकों में विस्तृत अवधि में उनकी भूमिका के सभी क़ायल हुए। वे 1957 में पहली बार संसद पहुंचे थे और 2004 तक कुल दस बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा में सदस्य के रूप में जन प्रतिनिदित्व करते रहे। इतनी लंबी अवधि तक जनता का भरोसा जीतना बहुत कुछ बोलता है। वे निश्चित ही एक श्रेष्ठ और रचनात्मक दृष्टि से संपन्न सांसद थे। वे वाक पटु थे और उनकी आरोह-अवरोह वाली द्रुत-विलंबित वाग्मिता सबको प्रभावित करती थी और श्रोता को अपने साथ बहा ले जाने वाली होती थी। वे अपना पक्ष प्रभावी पर सहज और तर्कपूर्ण ढंग से रखते थे और ऐसा करते हुए सांसदीय मर्यादाओं का यथोचित सम्मान करते थे। बहुलता और विविधता वाले भारत में किसी भी तरह की वैचारिक एकरसता और जड़ता श्रेयस्कर नहीं है। कंाग्रेसी सरकारों की उपलब्धियों और नाकामियों को लेकर बहसें चलती रहती हैं और आगे भी चलेंगी पर उस नज़रिए का सशक्त विकल्प तलाशना और उसे आकार देना ज़रूरी था और वैसा ही हुआ भी। काल देवता की गति ऐसी हुई कि भारत की पहली पूर्णकालिक मुकम्मल ग़ैर-कंाग्रेसी सरकार बनाने का श्रेय वाजपेयी जी को मिला। भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में देश के स्वाभिमान और गौरव के लिए वाजपेयी जी ने अनेक निर्णय लिए। पोखरन -2 का परमाणु परीक्षण एक गोपनीय और बड़े जोखिम से भरा निर्णय था। अनेक बड़े देशों ने इस कदम के चलते भारत पर कई किस्म की बंदिशें भी लगाईं परंतु वाजपेयी जी ने दृढ़तापूर्वक सभी चुनौतियों का सामना किया और देश के परमाणु कार्यक्रम को निर्विघ्न आगे बढ़ाया। वे पड़ोसी देशों के साथ सहयोग, संवाद और सौहार्द के महत्व को पहचानते थे और इसके लिए लगातार प्रयास करते रहे। देश में सड़कों का विस्तार कर आवागमन में सुविधा के लिए बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तृत संजाल के निर्माण की योजना आधार संरचनाओं के विस्तार लिए यह उपक्रम वरदान सिद्ध हुई । इसी तरह 'सर्व शिक्षा अभियान' द्वारा शिक्षा के सार्वभौमीकरण का बड़ा लक्ष्य हासिल करने की दिशा में देश आगे बढ़ा है। अनेक आर्थिक सुधारों को गति देते हुए इक्कीसवीं सदी के भारत को दिशा देने में वाजपेयी जी का योगदान अविस्मरणीय है। वाजपेयी जी राजनेता के साथ सुकवि थे और उनके कई काव्य संग्रह भी प्रकाशित हुए थे। उनका स्पष्ट मत था कि भारत में अंग्रेजी जो एक विदेशी भाषा है, वह हावी है और उसका रोजगार पर असर है, जिसका एकजुट होकर गढ़ तोड़ना होगा। संयुक्त राष्ट्र संघ की साधारण सभा में 1977 में भारत के परराष्ट्र मंत्री के रूप में वाजपेयी जी ने हिंदी में भाषण देकर एक नई पहल की । एक लेखक, कवि, पत्रकार और राष्ट्र-भक्त के रूप में भारतीय समाज और संस्कृति के लिए समर्पित विनय, संयम और धैर्य के धनी भारत माता के इस अनमोल सपूत ने अपनी दृढ़ इच्छा-शक्ति और कर्तव्य-निष्ठा से भारत माता की उल्लेखनीय सेवा की। वर्ष 2015 में उनको देश सेवा के लिए 'भारत रत्न' का सर्वोच्च सम्मान दिया गया था। भारत सरकार ने साल 2014 में उनका जन्मदिन 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाने का निश्चय किया। आज आम जनता में राजनीतिज्ञों को लेकर अक्सर कपट, छल-छद्म और भ्रष्टाचार में लिप्त व्यक्ति की छवि बन रही है जिसके आचरण में पारदर्शिता का अभाव और स्वार्थ की अधिकता होती है। उन सबके विपरीत वाजपेयी जी सहज, स्पष्टवादी और विश्वसनीय आचरण की मिसाल हैं। **–गिरीश्वर मिश्र**

# काम का अधिकार कम न हो, उलटे इसे बढ़ाया जाना चाहिए

**डॉ. अरुणा शर्मा**

मनरेगा का विचार 'राइट टु वर्क' से प्रेरित था। यूएन ने काम के अधिकार को बुनियादी मानवीय हक माना था। इसे मानवाधिकारों के सार्वभौमिक घोषणा-पत्र में भी सम्मिलित किया गया है। श्रम कानून और उचित मजदूरी भी बुनियादी सिद्धांत हैं। इस परिप्रेक्ष्य में मनरेगा में किए गए बदलावों को समझना जरूरी है। काम के अधिकार के तहत स्थानीय निकायों, विशेषकर पंचायतों, को जिम्मेदारी दी गई थी कि वे स्थानीय स्तर पर चिहि्नत परियोजनाओं की सूची से काम उपलब्ध कराएं और उनका क्रियान्वयन करें। मनरेगा ने इसे संस्थागत रूप दिया था। अनेक वर्षों के दौरान डिजिटलीकरण, जीपीएस टैगिंग और मजदूरी के सीधे बैंक खातों में भुगतान से इसमें पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत हुई। वहीं राज्यों ने मनरेगा को अन्य बुनियादी ढांचा योजनाओं के साथ जोड़ा, जिससे टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण हुआ। लेकिन नई योजना के तहत किए गए बदलाव इस मॉडल से हटने का संकेत देते हैं। चयनित क्षेत्रों और सीमित कार्यों को एक केंद्रीकृत ढांचे में सीमित कर देने से स्थानीय जरूरतों की पहचान कमजोर होगी। खेती के मौसम के दौरान वाले कार्यों को बंद करने से खेत-मजदूर की मोलभाव की क्षमता कमजोर होगी। जबकि पुरानी योजना के तहत मनरेगा ने कृषि मजदूरी को बेहतर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी। नई व्यवस्था में चिंता का विषय केवल यही नहीं है कि राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाकर 40ः कर दी गई है- जो पहले सामग्री की लागत का केवल 10ः थी। चिंता का विषय यह भी है कि इससे राज्यों के संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। जीएसटी के बाद कर-संग्रह मुख्यतया केंद्र के हाथ में चला गया है (ईंधन पर वैट और शराब पर उत्पाद शुल्क को छोड़कर)। सीमित संसाधनों वाले राज्य 40ः हिस्सेदारी को वहन करने में असमर्थ रहेंगे, जिसका नतीजा मजदूरी के भुगतान में देरी या काम न मिलने के रूप में सामने आ सकता है। एक और समस्या उस शर्त से जुड़ी है, जिसमें कहा गया है कि काम 'फंड की उपलब्धता' के अनुसार दिया जाएगा। इसका अर्थ है कि काम पर सीमा तय कर दी गई है, जो 'काम के अधिकार' की मूल भावना के विपरीत है। अब काम तभी मिलेगा, जब पैसा होगा। नई व्यवस्था में जिन क्षेत्रों को कार्य के लिए चिहि्नत किया गया है, वे भी श्रम की तुलना में अधिक सामग्री-आधारित हैं। उदाहरण के लिए जल परियोजनाओं में अधिकतम खर्च पाइप और टैंक निर्माण पर होता है, यही स्थिति टॉयलेट्स के निर्माण में भी है। इससे श्रम आधारित रोजगार सृजन की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। इसके विपरीत, पहले की व्यवस्था के तहत सड़क निर्माण में मिट्टी के काम, कृषि भूमि में कार्य, कुओं का निर्माण जैसे श्रम-प्रधान कार्य संभव हो पाते थे, जिससे अधिक रोजगार सृजित होते थे। जरूरत इस बात की है कि नई योजना के स्ट्रक्चर को दुरुस्त किया जाए और कार्यों की उपलब्धता पूरे साल सुनिश्चित की जाए। 'काम के अधिकार' की मूल भावना यह है कि परियोजनाओं की उपलब्ध सूची से, निर्धारित न्यूनतम मजदूरी पर, मांग के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाए और परिसंपत्तियों का निर्माण भी हो। निस्संदेह, इस व्यवस्था में समय-समय पर सुधार की आवश्यकता रही है और आगे भी रहेगी, विशेष रूप से समय पर धन का प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए। कार्य क्षेत्रों को सीमित करने की अवधारणा केवल पिछड़े और आदिवासी जिलों तक ही उचित हो सकती है। लेकिन निर्णय लेने का अधिकार विकेंद्रीकृत होना चाहिए। कई बार आपदा की स्थिति में बड़े पैमाने पर काम लेना अनिवार्य हो जाता है- जैसा कि महामारी के दौरान हुआ था। तब प्रवासी मजदूरों के लिए मनरेगा जीवनरेखा साबित हुई थी। मनरेगा पहली ऐसी योजना थी, जिसने मजबूत घरेलू डेटा आधार पर डीबीटी को लागू किया और वित्तीय-समावेश की दिशा में महत्वपूर्ण शुरुआत की। शून्य-बैलेंस खाते खोले गए, जो बाद में बचत खातों में बदले और जमा तथा अन्य बचत लाभों को प्रोत्साहित किया। मनरेगा किसी भी तरह के खाद्यान्न वितरण की तुलना में कहीं अधिक समावेशी योजना साबित हुई थी और मजदूरी के माध्यम से भुगतान ने लाभार्थियों की गरिमा भी बनाए रखी थी। मनरेगा किसी भी तरह के खाद्यान्न वितरण की तुलना में कहीं अधिक समावेशी योजना साबित हुई थी और मजदूरी के माध्यम से भुगतान ने लाभार्थियों की गरिमा भी बनाए रखी थी। इसकी मूल भावना यथावत रहनी चाहिए।

## सेहत मंत्र

# शाम को जरूर करें सैर, मिलेंगे यह जबरदस्त फायदे

यह तो हम सभी जानते हैं कि वॉक करना शरीर के लिए काफी अच्छा है और इसे किसी भी उम्र के लोग बेहद आसानी से कर सकते हैं। आमतौर पर बुजुर्ग लोगों के लिए तरह?तरह की एक्सरसाइज करना संभव नहीं होता। ऐसे में वह वॉक करके खुद को फिट रख सकते हैं। यूं तो सुबह के समय सैर करना काफी अच्छा माना जाता है, लेकिन आप सुबह के समय वॉक नहीं कर पाते हैं तो हर दिन शाम को वॉक करने का नियम बनाएं। दिनभर काम करने के बाद जब आप रात में एक वॉक लेंगे तो यकीनन आप खुद को मेंटली काफी रिलैक्स महसूस करेंगे। यही एक समय है, जब आप महज 30 मिनट वॉक लेकर अपनी शारीरिक व मानसिक थकान को आसानी से दूर कर सकते हैं। अधिकतर घरों में देखने में आता है कि लोग खाना खाने के तुरंत बाद सो जाते हैं। जिसके कारण उनका भोजन सही तरह से पच नहीं पाता और उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन वहीं दूसरी ओर अगर आप भोजन के कुछ देर बाद शाम को टहलते हैं, जो इससे आपका खाना भी आसानी से पच जाता है और आपके पाचनतंत्र पर अतिरिक्त दबाव भी नहीं पड़ता। आपको शायद पता ना हो लेकिन शाम की सैर आपके ब्लड प्रेशर को भी रेग्युलेट करने में मदद करती है। अगर आप हाइपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं तो आपको शाम की सैर जरूर करनी चाहिए। इससे आपका शरीर व दिमाग रिलैक्स महसूस करता है और आपका ब्लड प्रेशर लेवल में रहता है। शाम के समय ब्रिस्क वॉक करना अतिरिक्त वजन को कम करने में काफी सहायक है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं और जिम में मेहनत करना या समय खर्च करना आपके लिए संभव नहीं है तो आप शाम के समय ब्रिस्क वॉक करने का नियम बनाएं। आपको कुछ ही दिनों में असर नजर आने लगेगा। जब आप एक लंबे व तनाव भरे दिन के बाद वॉक करते हैं तो इससे आपको काफी रिलैक्स महसूस होता है और आप सारी नकारात्मकता को खुद से दूर रख पाते हैं।

## धर्म मंत्र

# अदभुद वास्तुकला का प्रतीक है मार्तण्ड सूर्य मंदिर

मार्तण्ड सूर्य मंदिर इस मंदिर का निर्माण मध्यकालीन युग में 7वीं से 8वीं शताब्दी के दौरान हुआ था। सूर्य राजवंश के राजा ललितादित्य ने इस मंदिर को एक छोटे से शहर अनंतनाग के पास एक पठार के ऊपर स्थापित किया था। इसकी गणना ललितादित्य के प्रमुख कार्यों में की जाती है। इसमें 84 स्तंभ हैं जो नियमित अंतराल पर रखे गए हैं। मंदिर को बनाने के लिए चूने के पत्थर की चौकोर ईंटों का उपयोग किया गया है, जो उस समय के कलाकारों की कुशलता को दर्शाता है। मंदिर की राजसी वास्तुकला इसे अलग बनाती है। बर्फ से ढंके हुए पहाड़ों की पृष्ठभूमि के साथ केंद्र में यह मंदिर करिश्मा ही कहा जाएगा। इस मंदिर से कश्मीर घाटी का मनोरम दृश्य भी देखा जा सकता है। कारकूट वंश के राजा हर्षवर्धन ने ही 200 साल तक मध्य एशिया सहित अरब देशों में राज किया था। पहलगाम का मशहूर शीतल जल वाला चश्मा इसी वंश से संबंधित है। ऐसी किंवदंती है कि सूर्य की पहली किरण निकलने पर राजा अपनी दिनचर्या की शुरुआत सूर्य मंदिर में पूजा कर चारों दिशाओं में देवताओं का आह्वान करने के बाद करते थे। वर्तमान में खंडहर हो चुके इस मंदिर की ऊंचाई भी अब 20 फुट ही रह गई है। मंदिर में तत्कालीन बर्तन आदि अभी भी मौजूद हैं। कश्मीरियों को चार सौ साल बाद मार्तंड के सूर्य मंदिर की याद फिर से आ गई है। चौदह सौ साल पुराने इस मंदिर में एक बार फिर आहुति डालने की तैयारियाँ चरमोत्कर्ष पर हैं। इतना जरूर है कि यह मंदिर, जो खंडहरों में तब्दील हो चुका है, आज भी सैलानियों को अपनी ओर खींचने की शक्ति रखता है।

## पर्यटन



# दुनिया की सबसे दूसरी लंबी दीवार है कुंभलगढ़

राजस्थान का अपना एक अलग समृद्ध इतिहास है, जो इसे सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनाता है। यहां के किले व महल अनजाने ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वैसे तो जयपुर के आमेर फोर्ट से लेकर जैसलमेर के किले लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध हैं, लेकिन इन्हीं के बीच कुंभलगढ़ का किला अपना एक अलग महत्व रखता है। कुम्भलगढ़ किला पश्चिमी भारत में राजस्थान राज्य के उदयपुर के पास राजसमंद जिले में अरावली पहाड़ियों की एक विस्तृत श्रृंखला पर मेवाड़ का किला है। इस किले की खासियत है उसकी 36 किलोमीटर लंबी दीवार। यह राजस्थान के हिल फॉर्ट्रस में शामिल एक विश्व धरोहर स्थल है। 15 वीं शताब्दी के दौरान राणा कुंभा द्वारा निर्मित इस किले की दीवार को एशिया की दूसरी सबसे बड़ी दीवार का दर्ज़ा प्राप्त है। ग्रेट वॉल ऑफ चाइना के बारे में तो आपने सुना होगा, लेकिन कुंभलगढ़ को ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया कहा जाता है। 80 किलोमीटर उत्तर में उदयपुर के जंगल में स्थित, कुंभलगढ़ किला चित्तौड़गढ़ किले के बाद राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा किला है। किले की दीवार 36 किलोमीटर की विशाल लंबाई तक फैली हुई है और इसलिए इसे ''द ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया'' के नाम से जाना जाता है। अरावली रेंज में फैला कुंभलगढ़ किला मेवाड़ के प्रसिद्ध राजा महाराणा प्रताप का जन्मस्थान है। यही कारण है कि राजपूतों के दिलों में इस किले के प्रति एक विशेष स्थान है। 2013 में, किले को विश्व धरोहर समिति के 37 वें सत्र में यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था। किले को सात विशाल द्वारों से बनाया गया है। इस भव्य गढ़ के अंदर मुख्य भवन बादल महल, शिव मंदिर, वेदी मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर और मम्मादेव मंदिर हैं। कुम्भलगढ़ किला परिसर में लगभग 360 मंदिर हैं, जिनमें से 300 जैन मंदिर हैं, और बाकी हिंदू हैं। इस किले की एक खासियत यह भी है कि इस भव्य किले को वास्तव में युद्ध में कभी नहीं जीता गया था। हालांकि इस पर केवल एक बार मुगल सेना द्वारा छल द्वारा कब्जा कर लिया गया था जब उन्होंने किले की पानी की आपूर्ति में जहर डाल दिया था।

# खेल प्रतियोगिताओं से निखरती हैं छिपी प्रतिभाएं : सिद्धार्थ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामनगर बाराबंकी। खेलकूद के आयोजनों से देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूती मिलती है।हर वर्ग और हर धर्म के खिलाड़ी खेल भावना के साथ प्रतिभाग करते हैं।यह विचार भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने व्यक्त किए।वह महादेवा मेला मैदान में भारत रत्न स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के प्रथम दिन वॉलीबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं।पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने फीता काटकर तथा बॉलिंग कर शंखध्वनि के बीच प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।टूर्नामेंट में खेले गए मुकाबलों में पहला मैच चौखंडी व किंतूर के बीच हुआ जिसमें चौखंडी की टीम विजेता बनी।दूसरा मैच मरकामऊ व लोधौरा के मध्य खेला गया जिसमें मरकामऊ ने जीत दर्ज की।तीसरा मुकाबला जैतपुर व सहादतगंज के बीच हुआ जिसमें सहादतगंज विजयी रहा।चौथा मुकाबला महादेवा व बदोसराय के बीच खेला गया जिसमें महादेवा की टीम ने बाजी मारी।सेमीफाइनल में सहादतगंज व मरकामऊ के बीच मुकाबला हुआ जिसमें मरकामऊ ने जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया।दूसरे सेमीफाइनल में महादेवा व चौखंडी आमने सामने रहे जिसमें महादेवा टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।फाइनल मुकाबला महादेवा व मरकामऊ के बीच खेला गया जिसमें महादेवा की टीम विजेता बनी।प्रतियोगिता में चौखंडी की टीम उपविजेता रही।टूर्नामेंट के समापन पर आयोजक पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने विजेता टीम को ट्रॉफी व 11 हजार रुपये नकद जबकि उपविजेता टीम को ट्रॉफी व 2100 रुपये नकद पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए।दिवाकर अवस्थी ने स्कोरर डॉ.आलोक शुक्ला ने उद्घोषक तथा मनोज चौधरी व रजनीश सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सिंह अमित अवस्थी जनार्दन शुक्ला आकाश त्रिपाठी दिलीप तिवारी अनुभव तिवारी प्रदीप सिंह उमाशंकर शर्मा पंकज संतोष सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# पाइका मैदान से सतीश ने दिया सुशासन का संदेश, किसान, वृद्ध, विकलांग व वंचित लाभांवित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई समारोह स्थानीय पाईका मैदान में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ देते हुए जहां उन्हें स्वीकृत पत्र दिए गए, 50 योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया गया। इस मौके पर प्रदेश के खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का जीवन राष्ट्रसेवा और सुशासन का प्रतीक रहा है। उन्होंने अटल जी के प्रसिद्ध कथन–ल्हम जिएंगे तो भारत के लिए और मरेंगे भी तो भारत के लिएङ्क–को याद करते हुए कहा कि आज भाजपा उन्हीं आदर्शों पर चलकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का काम कर रही है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के लगभग 1700 लाभार्थियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही लोक निर्माण विभाग और नगर पंचायत द्वारा करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से 50 विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। इनमें नगर पंचायत के 25 तथा लोक निर्माण विभाग के 25 कार्य शामिल रहे।

सुशासन दिवस के मौके पर राजस्व विभाग द्वारा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत 25 मृतक आश्रितों को सवा करोड़ रुपये के चेक प्रदान किए गए। समाज कल्याण विभाग ने 100 लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति पत्र दिए। महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत 100 महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना का लाभ मिला। कृषि विभाग द्वारा 100 किसानों को सोलर पंप,फसल बीमा एवं किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित स्वीकृत पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में 200 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राईसाइकिल व सहायक उपकरण वितरित किए गए। मत्स्य विभाग द्वारा 55 लाभार्थियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई। उद्यान विभाग ने 25 लोगों को बीज वितरित किए। ग्रामोद्योग विभाग ने विश्वकर्मा योजना के तहत 55 लाभार्थियों को यंत्र दिए,जबकि खादी ग्रामोद्योग द्वारा 10 लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। बेसिक शिक्षा विभाग ने 150 छात्र-छात्राओं को शैक्षिक उपकरण वितरित किए। पूर्ति विभाग द्वारा 200 लोगों को राशन कार्ड और चिकित्सा विभाग द्वारा 100 लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए गए। ग्राम विकास विभाग ने 100 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र और चाबियां सौंपीं।

समारोह को पूर्व सांसद लल्लू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, बनीकोडर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ चंद्रशेखर वर्मा, भाजपा नेता जवाहर वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबू राम नारायण, बनीकोडर मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह सहित अन्या जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया।

## ज्योति कलश यात्रा, विधिवत हुआ पूजन



रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश यात्रा का गनेशपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत कर पूजन किया गया।ज्योति कलश रथ के पंहुचते ही गायत्री माता की जय और हर हर महादेव के जयघोषों से वातावरण गूंज उठा।श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर कल्याण की कामना की व शांतिकुंज की टोली का तिलक कर सम्मान किया।गायत्री परिवार के अगुवा अवधेश कुमार शुक्ला अशोक अवस्थी व शिक्षक सुनील पांडे सहित अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल रहे।यह कलश यात्रा सूरतगंज रानीगंज लोधौरा गणेशपुर आदि स्थानों से होते हुए रामनगर पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।ललिता माता मंदिर में हुए प्रवचन के बाद आयुषी त्रिपाठी के भजन गायन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल आरक्षी सम्मानित



जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गैस कटर से एटीएम में चोरी की तीन घटनाओं का सफल अनावरण कर तीन अंतर्जनपदीय चोरों की गिरफ्तारी व चोरी के सामान बरामद करने वाले उप निरीअक्षालोक कुमार सिंह,हेड कांस्टेबल मिंटू सिंह व? आरक्षी सुजीत कुमार को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## इनामिया दस हजारी बदमाश गिरफ्तार

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजय वर्गीय के निर्देशन में जारी अभियान में जैदपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस टीम द्वारा मैन्युअल इंटेलिजेंस के आधार पर यू.पी.गैंगस्टर एक्ट में वांछित ?10000 का इनामिया बदमाश संजय गौतम पुत्र राम अवतार निवासी ग्राम रोटी गांव थाना जहांगीराबाद जनपद को बरैया चौराहे से दबोच लिया।

## टिकैतगंज चौराहा पर अवैध टैक्सी स्टैंड, बढी दुश्वारियां

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा टिकैतगंज के प्रमुख चौराहा बाबागंज मोड़ पर ई-रिक्शा व ऑटो चालकों द्वारा संचालित अवैध स्टैंड से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के दोनों ओर और चौराहे के बीचोबीच ई-रिक्शा व ऑटो खड़े रहने के कारण यहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बाजार समय और स्कूल खुलने,छुट्टी के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। पैदल राहगीरों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को सड़क पार करने में जोखिम उठाना पड़ता है। कई बार एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी जाम में फंसना पड़ता है, जिससे कीमती समय नष्ट होता है। व्यापारियों का कहना है कि जाम के कारण ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पाते, जिससे व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं, दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों के बीच आए दिन नोकझोंक और दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।

अगर बाबागंज मोड़ से अवैध ई-रिक्शा व ऑटो स्टैंड को तत्काल हटवाया न गया तो समस्या और भी गंभीर हो जाएगी।स्थानीय लोगों राजा,कमल,सतीश,अभिषेक,आदेश का कहना है कि जिस प्रकार कुर्सी चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती है वैसे ही टिकैतगंज चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती होनी चाहिए, यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।

## एक सप्ताह से गांव अंधेरे में, ट्रांसफार्मर फुंका, मूकदर्शक

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अच्छी विद्युत आपूर्ति के लिए कृत संकल्पित योगी सरकार में बेलगाम अधिकारियों के चलते करीब एक सप्ताह से गांव में अंधेरा छाया हुआ है। हाजीपुर गांव का ट्रांसफार्मर जल जाने से विगत करीब एक सप्ताह से गांव अंधेरे में है। कुछ दिनों पूर्व अचानक 14 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया था जो अब तक बदला नहीं जा सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग के अधिकारियों की मनमानी के कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश है। चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो पावर हाउस पर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।ग्रामीणों ने बताया कि कुर्सी पावर हाउस से गांव में विद्युत की सप्लाई की जाती है। बिजली विभाग के टोल फ्री नंबर पर शिकायत करने के बाद भी अबतक ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने से लोगों में बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश है। ग्रामीणों लवकुश रावत, खुसीराम रावत, राजू रावत, दिनेश रावत, दुर्गा रावत, मुन्नी लाल , रामपाल मौर्य, घनश्याम मौर्य, परसादी मौर्य, अजीत यादव, सियाराम, प्रेम रावत आदि ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जले हुए ट्रांसफार्मर को तत्काल बदले जाने की मांग की है। इस संबंध में कुर्सी उपकेंद्र के अवर अभियंता विकास शुक्ल से फोन द्वारा संपर्क किया गया परन्तु उनका फोन अनुत्तरित रहा।

## ज्योति कलश यात्रा का भव्य स्वागत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश यात्रा का गनेशपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत कर पूजन किया गया।ज्योति कलश रथ के पंहुचते ही गायत्री माता की जय और हर हर महादेव के जयघोषों से वातावरण गूंज उठा।श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर कल्याण की कामना की व शांतिकुंज की टोली का तिलक कर सम्मान किया।गायत्री परिवार के अगुवा अवधेश कुमार शुक्ला अशोक अवस्थी व शिक्षक सुनील पांडे सहित अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल रहे।यह कलश यात्रा सूरतगंज रानीगंज लोधौरा गणेशपुर आदि स्थानों से होते हुए रामनगर पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।ललिता माता मंदिर में हुए प्रवचन के बाद आयुषी त्रिपाठी के भजन गायन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# सिद्धौर शिक्षा क्षेत्र में अवैध विद्यालयों का मकड़जाल, विभाग मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरख बाराबंकी। सरकार द्वारा कोई भी डर पकड़ अभियान चलाया जाए जनहित से कहीं अधिक उसका लाभ संबंधित विभाग और नौकरशाह अर्जित कर लेते हैं।

खाद्य औषधि प्रशासन को ही ले लीजिए क्रिसमस डे के नाम पर चेकिंग अभियान गंवई गांव में चलाया जा रहा है। छोटे-छोटे दुख कारोबारी को दुकानदारों पर नाम पर खाना पूरी की जा रही है। जब के बड़े कारोबारी के दुकान प्रतिष्ठान दरवाजे तक नहीं जाया जाता। मतलब साफ। इसी प्रकार अभी कुछ दिन पहले भी नाम मान्यता संचालित स्कूलों के खिलाफ अभियान छोड़ा गया। जनहित से कहीं अधिक विभागीय अधिकारियों ने अपना उल्लू सीधा कर लिया। दबंग शिक्षा माफिया तो ऐसे हैं कि पूछताछ पर अभिभावक को अपने परिसर से भगा देते हैं। जैदपुर सिद्धौर शिक्षा क्षेत्र में तमाम विद्यालय हैं जो वेद रूप से संचालित है मान्यता प्राइमरी की है तो

### रेवड़ी की तरह बंट रही मान्यता




जूनियर हाई स्कूल चलाएं रहे हैं कुछ विद्यालय तो ऐसे हैं जो हाई स्कूल व इंटर तक कक्षाएं संचालित कर रहे है मान्यता मिडिल तक है। मानक के अनुरूप भवन नहीं है, या फिर खुद का भवन और जमीन नहीं है, परंतु शिक्षा विभाग ने उनको मान्यताएं दे दी। तीन सेड के नीचे विद्यालय चल रहे हैं। कब कोई अप्रिय घटना हो जाए शिक्षा विभाग के अधिकारी कान में रुई लगाए बैठे हैं। अनेक विद्यालय ऐसे हैं जिनके पास खेल मैदान नहीं है शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अपना जब भरकर उन्हें खाना पूरी करके मान्यता दे दी है। ऐसी चर्चा खुद विद्यालय संचालक करते मिलते हैं। कहते हैं पैसे में बड़ी ताकत है। कोठी में विद्यालय में दाखिला के लिए एक अभिभावक गया मान्यता संबंधी जानकारी चाहा तो विद्यालय संचालक ने उसको बाहर का रास्ता दिखा दिया। सिद्धार्थ शिक्षा क्षेत्र में तो बिना मान्यता के या फिर मानक के विपरीत विद्यालय की जैसे होड़ लगी है। शिक्षा विभाग के अधिकारी क्षुधा पूर्ति कर मान्यता रेवड़ी की तरह बांट रहे हैं। कोठी के बीस चौराहा पर संचालित विद्यालय शिक्षा विभाग की लापरवाही और संलिप्तता का गवाह बना है। कोठरी और टीन सेड में यह जूनियर हाई स्कूल तक संचालित है। ग्रामीणों की माने तो विद्यालय का अपना जमीन भवन नहीं है। इसी प्रकार सिद्ध और कोठी क्षेत्र में अनेक विद्यालय अनियमित रूप से चल रहे हैं। मानक विभिन्न विद्यालय की जानकारी क्या शिक्षा विभाग को नहीं है। यह तो विभाग के अधिकारी ही बेहतर बता सकते हैं।

# नहर कटी, सैकड़ो बीघा फसल जलमग्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। सीतापुर के सरौरा जक्शन से निकली बिसई नहर की विभाग द्वारा टेल तक सफाई न होने से क्षेत्रीय किसानों की दुश्वारियां बढ़ गई। नहर उफनाने से मिर्ज़ापुर, बिसई, पीरानगर और पकरियापुर गांवों के किसानों की गेहूं, सरसों और आलू की फसल पानी में डूब गई। फसल क्षति झेलने वाले किसानों में रामप्रताप रावत, रामसेवक यादव, गुड्डू यादव, भरोसे, संजय, रामू, रामप्रवेश, प्रदीप यादव, रामस्वरूप, उदय रावत और रामचंद्र सहित अन्य शामिल हैं। किसानों का कहना है कि यदि समय से टेल तक सफाई कराई जाती तो यह नुकसान नहीं होता। इस संबंध में नहर विभाग के अवर अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि नहर का पानी बंद करा दिया गया है। जहां सफाई शेष रह गई थी, वहां जेसीबी मशीन मंगाकर टेल तक सफाई कराई जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

# पुलिस की मदद से बच्चों को दी जीरो डोज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। पुलिस के सहयोग से बुधवार को क्षेत्र के ग्राम डुबकी मे तीन अनिच्छुक परिवारों के 3 बच्चों के जीरो डोज का सफल टीकाकरण किया गया तथा सीएचसी अधीक्षक डा0 राधेश्याम गौड़ ने टीकाकरण के बारे मे जानकारी दी ।

बताते चले कि ग्राम पंचायत नेवला करसंडा के मजरे डुबकी निवासी सज्जाद के पुत्र अनस, तरबेज की पुत्री सुहानी, राहुल के पुत्र जियान के जीरो डोज का टीकाकरण नहीं हुआ था स्वास्थ्य विभाग की टीमों के लगातार प्रयासों के बाद भी परिवार बच्चो को टीका नहीं लगवा रहे थे सीएचसी अधीक्षक डा0 राधेश्याम गौड़ की सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस की टीम ने अनिच्छुक परिवार के सदस्यों से मिलकर टीकाकरण से मिलने वाले लाभो की जानकारी दी परिवार की हां पर सीएचसी अधीक्षक डा0 राधेश्याम गौड़ और उनकी टीम ने अनिच्छुक परिवार के बच्चो का सफल टीकाकरण किया। सीएचसी अधीक्षक डा0 राधेश्याम गौड़ ने कहा कि बच्चों में होने वाली कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों को केवल टीकाकरण के माध्यम से रोका जा सकता है। इससे बाल मृत्यु दर में कमी आएगी और बच्चे स्वस्थ रहेंगे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

मसौली,बाराबंकी। ब्लाक संसाधन केंद्र बड़ागांव मे चल रहे तीन दिवसीय कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बाल विकास परियोजना अधिकारी पारूल शुक्ला एवं खंड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अपने उद्बोधन में अधिकारीद्वय ने समावेशी शिक्षा की अवधारणा, उसके सामाजिक दायित्व तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए प्रशिक्षण को व्यवहारिक, संवेदनशील एवं बाल-केंद्रित बनाने पर विशेष बल दिया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण के दौरान कार्यकत्रियों को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान, उनकी शैक्षिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं की समझ, सहयोगात्मक शिक्षण पद्धतियों तथा समावेशी वातावरण के निर्माण से संबंधित विविध विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्रों ने न केवल कार्यकत्रियों के ज्ञान-वर्धन में सहायक भूमिका निभाई, बल्कि उनमें संवेदनशीलता, उत्तरदायित्वबोध एवं सेवा-भाव को भी सुदृढ़ किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में ब्लॉक स्पेशल एजुकेटर कमलेश कुमार रावत, एकता सक्सेना, नोडल एआरपी आदित्य कुमार वर्मा, एआरपी आशीष शुक्ल, उमेश कुमार वर्मा, राजेश कुमार यादव, राहत फातिमा, शिक्षक शिवम तिवारी, ब्लॉक गुणवत्ता समन्वयक विनोद वर्मा,अविनाश, हरिश्चंद्र, अर्पण परिहार,अब्दुल माजिद की भूमिका रही।

## तेजस के हाथों स्वेटर पाकर मेधावियों के चेहरे खिले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।प्राथमिक विद्यालय बदोसराय में मेधावी छात्र छात्राओं को निः शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के,एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डायट मेंटर आर पी यादव उपस्थित रहे। प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रथम के अध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय परिवार के सहयोग से निपुण एवं अच्छी उपस्थिति तथा खेल कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य प्रतिभावान छात्र छात्राओं को उत्साहवर्धन हेतु निः शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, इसी क्रम में वर्तमान सत्र में प्रत्येक कक्षा के 10 -10 छात्र छात्राओं एवं कुल 50 छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए हैं। उपजिलाधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस के ने समस्त छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरित किए, इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिवार द्वारा चलाई जा रही मुहिम की सराहना करते हुए विद्यालय के भौतिक प्रांगण एवं शिक्षण व्यवस्था की प्रशंसा की। डायट मेंटर आर पी यादव ने भी छात्रों को स्वेटर वितरित करते हुए उनका माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया एवं समस्त शिक्षकों द्वारा कक्षा कक्ष में किए जा रहे शिक्षण के साथ साथ साथ अन्य गतिविधियों की तुलना कान्वेंट विद्यालय जैसी बताई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, ग्राम प्रधान बदोसरांय निसार मेंहदी,प्रधानाध्यापक धर्मराज, सहायक शिक्षिका पूजा गुप्ता, पूनम वर्मा, आरफा खातून, शबीना इब्राहिम, संगीता, अर्शिया खातून सहित विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# क्षेत्र पंचायत सदस्य का नाम पंचायत सूची से लापता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।अलीनगर निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम कुमार श्रीवास्तव ने उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर से शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पंचायत चुनाव की मतदाता सूची से उनका नाम हटा दिया गया है। श्रीवास्तव ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।असीम कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वह अलीनगर के निवासी हैं। पहले उनका नाम अलीनगर के वार्ड संख्या एक की मतदाता सूची में शामिल था। वह हजरतपुर प्रथम से क्षेत्र पंचायत सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रकाशित हुई वोटर लिस्ट में उनका नाम काट दिया गया है।श्रीवास्तव ने उपजिलाधिकारी सिरौली गौसपुर को प्रार्थना पत्र देकर अपने नाम हटाए जाने के कारण की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने बीएलओ से संपर्क किया था। बीएलओ द्वारा दी गई विलोपन सूची में भी उनका नाम शामिल नहीं था।इस संबंध में सिरौली गौसपुर के तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच करवाई जाएगी। तहसीलदार ने यह भी बताया कि जिन मतदाताओं के नाम सूची में नहीं हैं, वे दावा-आपत्ति प्रक्रिया के माध्यम से अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

# सूर्यवंशी और गनी की तूफानी बल्लेबाजी से बिहार ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी

रांची। भारतीय क्रिकेट की युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी और कप्तान साकिबुल गनी की अगुवाई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से बिहार ने विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में छह विकेट पर 574 रन बनाए, जो लिस्ट ए में एक पारी में सर्वाधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड है। प्लेट ग्रुप के इस मैच में बिहार के बल्लेबाजों ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गनी (40 गेंदों में 128 रन) ने महज 32 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो लिस्ट ए क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे तेज शतक का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले सूर्यवंशी ने 84 गेंद पर 190 रन बनाए जिसमें 16 चौके और 15 छक्के शामिल हैं। उन्होंने केवल 36 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। विकेटकीपर आयुष लोहारुका ने भी 56 गेंदों में 116 रन बनाकर अपना



योगदान दिया। बिहार ने अपनी पारी में 49 चौके और 38 छक्के लगाए। सूर्यवंशी, गनी और लोहारुका के शतकों की बदौलत बिहार ने तमिलनाडु के लिस्ट ए में सर्वाधिक स्कोर के पिछले रिकार्ड को तोड़ दिया। तमिलनाडु में नवंबर 2022 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ ही दो विकेट पर 506 रन बनाए थे। लिस्ट ए में भारत की तरफ से सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड इससे पहले पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम पर था, जिन्होंने 2024 में इसी टीम के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी ने यह कारनामा यूएई में पाकिस्तान के खिलाफ अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में मिली हार से केवल तीन दिन बाद किया। गनी ने 10 चौके और 12 छक्के, जबकि लोहारुका ने 11 चौके और आठ छक्के लगाए। इस प्रारूप में सबसे तेज शतक का विश्व रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर मैकगर्क (29 गेंद) के नाम पर दर्ज है। उन्होंने 2023-24 के सत्र में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए तस्मानिया के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स (31 गेंद) के नाम पर है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ जोहानिसबर्ग में यह कारनामा किया था। सूर्यवंशी के नाम अब सबसे कम उम्र में लिस्ट ए शतक लगाने वाले खिलाड़ी का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। इस बीच विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में वापसी का जश्न अहमदाबाद में एलीट ग्रुप ए के एक मैच में झारखंड की तरफ से कर्नाटक के खिलाफ 33 गेंदों में शतक लगाकर मनाया। किशन ने 39 गेंदों में सात चौकों और 14 छक्कों की मदद से 125 रन बनाए। उनकी इस पारी से झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 412 रन बनाए।

# कोहली लिस्ट ए में 16,000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली लिस्ट ए क्रिकेट में 16 हजार रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गये है। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट में बुधवार को आंध्र प्रदेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। वह सचिन तेंदुलकर के बाद यह कारनामा करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। कोहली ने इस मैच से पहले तक 342 लिस्ट ए मैचों में 57.34 की शानदार औसत से 15,999 रन बनाए हैं, जिसमें 57 शतक और 84 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने अपनी पारी का पहला रन बनाने के साथ ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। कोहली ने आज यहां आंध्र प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच में 16 हजार रन बनाने की उपलब्धि हासिल करने के साथ क्रिकेट इतिहास में यह कारनामा करने वाले नौवें बल्लेबाज बन गये है। कोहली लगभग 15 साल बाद 2025-26 सीजन में भारत के प्रमुख घरेलू 50 ओवर



के टूर्नामेंट में वापसी कर रहे हैं। वह ऋषभ पंत की कप्तानी में खेल रहे है। वह ग्राहम गूच, ग्रीम हिक, तेंदुलकर, कुमार संगकारा, सर विवियन रिचर्ड्स, रिकी पोंटिंग, गॉर्डन ग्रीनिज और सनत जयसूर्या जैसे खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। सर्वाधिक लिस्ट-ए रनों का रिकॉर्ड गूच के नाम पर दर्ज हैं। पूर्व महान इंग्लिश बल्लेबाज ने 601 पारियों में 40.1 की औसत के साथ 22,211 रन बनाए थे। कोहली ने 2006 में दिल्ली की ओर से खेलते हुए अपने लिस्ट-ए करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने अब तक 343 मैचों की 330 पारियों में 16,000 से अधिक रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 183 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 57 शतक और 84 अर्धशतक लगाए हैं। उनके प्रथम श्रेणी करियर की बात करें तो 259 पारियों में 48 की औसत के साथ 11,485 रन बनाए हैं।

# विजय हजारे ट्रॉफी: ईशान किशन का तूफान, मात्र 33 गेंदों में जड़ा शतक

एजेंसी

अहमदाबाद। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ईशान किशन ने विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के खिलाफ झारखंड की ओर से खेलते हुए महज़ 33 गेंदों में विस्फोटक शतक जड़ दिया। इस धुआंधार पारी में किशन ने गेंदबाज़ों की जमकर खबर ली और अपने आक्रामक अंदाज़ से मुकाबले का रुख पूरी तरह झारखंड के पक्ष में मोड़ दिया। ईशान किशन का यह शतक लिस्ट-ए क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज़ द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे तेज़ शतक है। वह इस मामले में बिहार के कप्तान साकिबुल गनी से सिर्फ एक गेंद पीछे रहे, जिन्होंने इससे पहले बुधवार को ही अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 32 गेंदों में शतक लगाया था। किशन की इस पारी ने दर्शकों को




रोमांच से भर दिया और उनकी शानदार फॉर्म की एक और झलक पेश की। यह पारी बाएं हाथ के इस बल्लेबाज़ के शानदार दौर (पर्पल पैच) को और मजबूत करती है। बीते सप्ताह ही ईशान किशन को टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में चौंकाने वाली वापसी मिली थी। इससे कुछ दिन पहले उन्होंने झारखंड को उसकी पहली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पूरे सीजन में किशन का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा। उन्होंने 517 रन बनाए, जिसमें हरियाणा के खिलाफ फाइनल मुकाबले में खेली गई मैच जिताऊ शतकीय पारी भी शामिल थी। उस फाइनल में ईशान किशन ने महज़ 45 गेंदों में शतक पूरा किया था, जो किसी पुरुष टी20 टूर्नामेंट फाइनल में तीसरा सबसे तेज़ शतक है। इसके साथ ही वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज़ बने। इतना ही नहीं, पूरे टूर्नामेंट में पांच शतक लगाकर ईशान किशन अब इस प्रतियोगिता के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज़ बन गए हैं। इस सूची में उनके साथ अभिषेक शर्मा का नाम भी शामिल है।

# सूरमा क्लब की महिला हॉकी इंडिया लीग के खिताब पर नजर, पिछले सीजन की कसर पूरी करने उतरेगी टीम

एजेंसी

नई दिल्ली। महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के दूसरे सीजन में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब एक बार फिर खिताब की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। उद्घाटन सत्र में पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर रहने के बावजूद फाइनल में खिताब से चूकने वाली सूरमा टीम इस बार एक कदम आगे जाने के इरादे से मैदान में उतरेगी। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की सबसे बड़ी ताकत उसकी गोलकीपिंग यूनिट है। टीम की को-कप्तान और दिग्गज गोलकीपर सविता, जिन्होंने हाल ही में भारत के लिए 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है, एक बार फिर गोलपोस्ट की जिम्मेदारी संभालेंगी। पिछले सीजन में उन्हें 'गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट'



चुना गया था। उनके साथ निती होंगी, जो भारतीय जूनियर महिला टीम की फर्स्ट चॉइस गोलकीपर हैं और हाल ही में चिली में आयोजित एफआईएच महिला जूनियर वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं। सीनियर और जूनियर-दोनों भारतीय टीमों की पहली पसंद गोलकीपर का होना सूरमा के लिए बड़ी बढ़त है। डिफेंस में ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी खिलाड़ी पेनी स्क्विब और भारत की उभरती सितारा ज्योति एक बार फिर टीम की रीढ़ होंगी। पिछले सीजन में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुनी गई ज्योति से इस बार भी बड़े प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इस सीजन टीम में जापान की अनुभवी डिफेंडर शिहोरी ओइकावा भी शामिल हुई हैं, जिनके नाम 193 अंतरराष्ट्रीय मैच और 56 गोल दर्ज हैं। उनके साथ ज्योति छत्री भी डिफेंस को मजबूती देंगी। मिडफील्ड की कमान भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे के हाथों में होगी, जो इस सीजन भी जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की को-कप्तान रहेंगी। उनकी ऊर्ज़ा, नेतृत्व क्षमता और खेल की गति को नियंत्रित करने की काबिलियत टीम के लिए बेहद अहम होगी। उनका साथ देंगी वैष्णवी विट्ठल फाल्के, बलजीत कौर, अजमीना कुजूर, बिनिमा धान, हिना बानो और जूनियर खिलाड़ी निशा। इसके अलावा स्कॉटलैंड और ग्रेट ब्रिटेन के लिए 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी सारा रॉबर्टसन, उरुग्वे की विलार डेल वाये दुपुई और अर्जेंटीना की जिमेना मारिया सेड्रेस टीम को अंतरराष्ट्रीय अनुभव और धार देंगी। फॉरवर्ड लाइन में अर्जेंटीना की स्टार खिलाड़ी मारिया जोसे ग्रानाटो पर सभी की नजरें होंगी, जिन्होंने अपने सीनियर करियर में अब तक 145 गोल किए हैं। उनके साथ न्यूज़ीलैंड की 24 वर्षीय ओलिविया शैनन और भारत की युवा आक्रमण जोड़ी सोनम व मुमताज खान गोल करने की जिम्मेदारी संभालेंगी। पिछले सीजन में सोनम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा गोल करने वाली भारतीय खिलाड़ी बनने के साथ 'अपकमिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार भी जीता था।

# चोटिल आर्चर हुए ऐशेज से बाहर पोप की जगह बेथेल को मोका

एजेंसी

मेलबर्न। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर साइड स्ट्रेन के कारण ऐशेज के शेष आखिरी दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं, उनकी जगह गस एटकिंसन को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा खराब फार्म में चल रहे ऑली पोप को भी टीम से बाहर कर दिया गया है और उनकी जगह जैकब बेथेल को टीम में जगह दी गई है।

आर्चर ने जुलाई में चार साल से ज़्यादा समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की थी। इससे पहले वह कोहनी और पीठ की समस्याओं से जूझ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में इस सीरीज में वह यकीनन इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं, जहां उन्होंने नौ विकेट लिए और निचले क्रम में उपयोगी रन भी बनाए। एडिलेड टेस्ट की दूसरी पारी में सीमित गेंदबाजी करने के बाद मंगलवार को मेलबर्न में उनका स्कैन कराया गया और वह अगले सप्ताह जांच के लिए इंग्लैंड लौटेंगे। एटकिंसन की टीम में वापसी हुई है और वह ब्राइडन कार्स के साथ नई गेंद साझा करेंगे, जबकि शोएब बशीर को लगातार चौथे टेस्ट में नजरअंदाज किया गया है। विल जैक्स स्पिन गेंदबाज ऑलराउंडर के रूप में नंबर आठ पर अपनी जगह बनाए रहे हुए हैं, जबकि एडिलेड में पांच विकेट लेने वाले जॉश टंग भी टीम में बने हुए हैं। 16 पारियों में अब तक कोई भी अर्धशतक नहीं लगा पाए ऑली पोप को सीरीज से बाहर किया गया है। इस सीरीज में वह छह पारियों में मात्र 20.83 की औसत से 125 रन बना पाए हैं। उनकी जगह आए जैकब बेथेल ने पिछले साल न्यूजीलैंड में टेस्ट पदार्पण किया था और बॉक्सिंग डे पर वह अपना पांचवां टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने पिछली गर्मियों में काउंटी चैंपियनशिप में वॉरविकशर के लिए एकमात्र मैच खेला था और अब तक कोई प्रथम श्रेणी शतक नहीं लगाया है। बेन डकेट को भी टीम में बनाए रखा गया है, भले ही वह ऐशेज सीरीज की शुरुआती पारियों में 30 रन तक नहीं पहुंच पाए हों और सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद उनके व्यवहार को लेकर ईसीबी की जांच भी चल रही है। इस वीडियो में वह नशे में दिखाई दे रहे थे और होटल वापस जाने को लेकर असमंजस में थे। स्टोक्स ने कहा कि डकेट को उनका 'पूरा समर्थन' हासिल है। ऑस्ट्रेलिया की टीम में भी कम से कम तीन बदलाव होने तय हैं। पैट कमिंस पीठ की चोट और नेथन लायन मांसपेशियों खिंचाव दोनों बाहर रहेंगे, जबकि स्टीवन स्मिथ बीमारी के कारण बाहर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की एकादशः- जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, मैथ्यू पॉट्स और जॉश टंग।

## रोहतक रॉयल्स ने दिग्गज डिफेंडर सुरेंद्र नाडा को मुख्य कोच नियुक्त किया

रोहतक। कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) के उद्घाटन सत्र में रोहतक शहर का प्रतिनिधित्व करने वाली फ्रेंचाइज़ी रोहतक रॉयल्स ने भारतीय कबड्डी के सबसे सम्मानित नामों में से एक सुरेंद्र नाडा को अपना मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। अनुभव, नेतृत्व क्षमता और बेहतरीन रणनीतिक समझ के साथ, नाडा रॉयल्स को लीग के अपने पहले अभियान के लिए तैयार करेंगे। 1 जुलाई 1987 को हरियाणा के झज्जर में जन्मे सुरेंद्र नाडा को खेल के अब तक के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडरों में से एक माना जाता है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड-बनीकोडर जनपद बाराबंकी

पत्रांक मैमो0/ मनरेगा/ निविदां 2025-26 दिनांक- 24/12/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2025-26 में निम्नलिखित कार्यों हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26/12/2025 से दिनांक 08/01/2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 08/01/2026 दिन गुरूवार को ही 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय/ पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव / निविदा समिति / फर्म के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा आमंत्रण मूल्य 500 रुपए निर्धारित है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कुल अनु. लागत | सामग्री लागत | निविदा मूल्य | सामग्री का विवरण | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य मार्ग से राज लल्लन रवि व रजनीश के दरवाजे तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | 13.42 लाख | 11.48 लाख | 500 रु. | पत्थर, गिट्टी, सीमेंट, मौरंग सरिया इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री | तीन माह |

**नियम व शर्ते**

1- निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे-आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा।

2- आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी एंड क्वालिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव प्रधान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय स्थान पर आपूर्ति करना होगा।

3- आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्व आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी।

4-जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा।

5-विभिन्न प्रकार के शासकीय भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

6-आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

7- आपूर्ति की गयी सामग्री के परिवहन हेतु भाडा किराये का अलग से भुगतान देय नहीं होगा।

8 निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुवन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत में उपरोक्तानुसार प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

9- निर्धारित समय सीमा के पश्चातप्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 10-निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नाही होगा।

11-निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों में करना आवश्यक होगा।

12-बिना कारण बताये किसी भी निविदा की अस्वीकृत करने का अधिकार, सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

तकनीकी सहायक
शिव कुमार
ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया
विकास खण्ड-बनीकोडर-
जनपद बाराबंकी

सचिव
अमरेंद्र सिंह
ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया
विकास खण्ड-बनीकोडर
जनपद बाराबंकी

प्रधान
मीरा देवी
ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया
विकास खण्ड-बनीकोडर
जनपद बाराबंकी


# एफटीए से भारतीय पेशेवरों के लिए विदेशों में अवसर खुलेंगे : राजेश अग्रवाल

एजेंसी

नई दिल्ली। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से लेखाकार, चिकित्सकों तथा 'आर्किटेक्ट' जैसे पेशेवरों के लिए विदेशों में अवसर खुलेंगे। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने प्रोफ़ेशनल सेवाओं पर नई दिल्ली में 23 दिसंबर को वाणिज्य भवन में आयोजित एक ''चिंतन शिविर'' को संबोधित करते हुए यह बात कही। राजेश अग्रवाल ने 'वैश्विक क्षितिज का विस्तारः भारतीय पेशेवरों के लिए अवसर' विषय पर आयोजित विचार-विमर्श सत्र को संबोधित करते कहा कि एफटीए के तहत प्रोफ़ेशनल सेवाओं पर कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रतिबद्धताएं भारतीय प्रोफ़ेशनल्स के लिए ग्लोबल मार्केट खोलेंगी। अग्रवाल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के लिए सेवाओं का व्यापार बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सामान के निर्यात की तुलना में सेवाएं घरेलू वैल्यू एडिशन में मज़बूत योगदान देती हैं। उन्होंने कहा कि भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश पेशेवर सेवाओं की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने की अपार क्षमता रखता है। वाणिज्य सचिव ने कहा



कि इस क्षमता का लाभ उठाने के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना एवं पेशेवरों को बदलते वैश्विक बाजार की जरूरतों तथा प्रौद्योगिकी विकास के अनुरूप उन्नत कौशल से लैस करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) जैसे पेशेवर निकायों को ज्ञान साझा करने एवं बेहतर सहयोग के लिए मंच प्रदान करने हेतु अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करने और उनमें हिस्सा लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। अग्रवाल ने भारतीय पेशेवर सेवाओं की खातिर वैश्विक बाजारों को खोलने के लिए हितधारकों के बेहतर समन्वय, घरेलू परिवेश में सुधार और विभिन्न मुक्त व्यापार समझौतों के तहत पेशेवर सेवाओं पर कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रतिबद्धताओं के महत्व पर जोर दिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि 'वैश्विक क्षितिज का विस्तारः भारतीय पेशेवरों के लिए अवसर' विषय पर आयोजित विचार-विमर्श सत्रों के दौरान चार मुख्य मुद्दों, वैश्विक स्तर पर पेशेवर तैयार करना, पारस्परिक मान्यता समझौतों (एमआरए) तथा समझौता ज्ञापनों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय परिवहन को मजबूत करना, विदेशों में पेशेवरों के नेटवर्क का विकास, गठन एवं विस्तार और पेशेवर सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाने पर विचार-विमर्श किया गया। मंत्रालय ने कहा कि भारत को विभिन्न मुक्त व्यापार समझौतों के तहत प्रतिबद्धताएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें हाल ही में न्यूजीलैंड के साथ घोषित समझौता भी शामिल है, जिसके तहत उसके पेशेवरों के लिए आसान नियम और वीजा सुविधा प्रदान की जाएगी। इस समझौते के तहत योग प्रशिक्षकों, रसोइयों, आयुष पेशेवरों, आईटी पेशेवरों, शिक्षा शिक्षकों, नर्स, देखभालकर्ताओं जैसे लगभग 5,000 भारतीय पेशेवरों को न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्था में योगदान देने के लिए पेशेवर वीजा मिलेगा।

# दिल्ली मेट्रो की तीन नयी लाइनों को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी, 1214 करोड़ रुपये आयेगी लागत

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने राजधानी दिल्ली में बढते प्रदूषण को कम करने, इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल एक और सरकारी कार्यालयों के परिसर 'कर्तव्य भवन' को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने के लिए 1214 करोड़ रुपये की लागत से तीन मेट्रो गलियारों के निर्माण को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राजधानी दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार करते हुए चरण पांच (ए) के अंतर्गत तीन नये गलियारों को मंजूरी दी है। पहला गलियारा आर.के. आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक है जिसकी लंबाई 9.913 किमी. , दूसरी परियोजना एयरोसिटी से इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल एक तक 2.263 किमी. और तीसरी लाइन तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक है जिसकी लंबाई 3.9 किमी है। तीनों गलियारों की लंबाई 16.076 किलोमीटर है।

उन्होंने कहा कि इन गलियारों के निर्माण के लिए तीन वर्ष की अवधि निर्धारित की गई है। कुल लागत में से केन्द्र सरकार और दिल्ली सरकार की हिस्सेदारी बराबर 1759-1759 करोड रुपये होगी जबकि शेष राशि रिण से पूरी की जायेगी जिसका भुगतान दिल्ली मेट्रो रेल निगम करेगा। इन तीनों गलियारों के पूरा होने के बाद दिल्ली मेट्रो की कुल लंबाई 400 किलोमीटर को पार कर जाएगी। श्री वैष्णव ने बताया कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से राष्ट्रीय राजधानी में कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि 'सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर सभी कर्तव्य भवनों को जोड़ेगी जिससे इस क्षेत्र में कार्यालय आने-जाने वालों और आगंतुकों को सीधी सुविधा मिल सकेगी। इस कनेक्टिविटी से रोजाना लगभग 60,000 सरकारी कर्मचारी और दो लाख आगंतुक लाभान्वित होंगे। ये गलियारे प्रदूषण और जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करेंगे तथा जीवन को आसान बनाएंगे। श्री वैष्णव ने तीनों परियोजनाओं का विवरण देते हुए कहा कि आर.के. आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ सेक्शन बॉटनिकल गार्डन-आर.के. आश्रम मार्ग कॉरिडोर का विस्तार होगा। यह निर्माणाधीन सेंट्रल विस्टा क्षेत्र को मेट्रो कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। एयरोसिटी ऽ आईजीडी एयरपोर्ट टर्मिनल एक और तुगलकाबाद ऽ कालिंदी कुंज सेक्शन एयरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर का विस्तार होंगे तथा तुगलकाबाद, साकेत, कालिंदी कुंज आदि क्षेत्रों में दक्षिणी दिल्ली के साथ एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगे। इन परियोजनाओं में कुल 13 स्टेशन होंगे जिनमें से 10 स्टेशन भूमिगत और तीन स्टेशन एलिवेटिड होंगे। काम पूरा होने के बाद, कॉरिडोर- एक अर्थात आर.के. आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ पश्चिम, उत्तर और पुरानी दिल्ली को सेंट्रल दिल्ली से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा तथा अन्य दो कॉरिडोर अर्थात एयरोसिटी से आईजीडी एयरपोर्ट टी-1 2.263 किमी और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज (3.9 किमी) साकेत, छतरपुर आदि के माध्यम से दक्षिण दिल्ली को घरेलू एयरपोर्ट टर्मिनल-1 से जोड़ेंगे, जो राष्ट्रीय राजधानी के भीतर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगे।

चरण-पांच (ए) परियोजना के ये मेट्रो विस्तार सेंट्रल दिल्ली और घरेलू एयरपोर्ट तक दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की पहुंच को बढ़ाएंगे तथा अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। मैजेंटा लाइन और गोल्डन लाइन के ये विस्तार सड़कों पर भीड़भाड़ कम करेंगे तथा इससे मोटर वाहनों से होने वाले प्रदूषण में कमी आएगी। आर.के. आश्रम मार्ग - इंद्रप्रस्थ सेक्शन में आने वाले स्टेशनों में आर.के. आश्रम मार्ग, शिवाजी स्टेडियम, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट, कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, वॉर मेमोरियल - हाई कोर्ट, बड़ौदा हाउस, भारत मंडपम, और इंद्रप्रस्थ है जबकि तुगलकाबाद ऽ कालिंदी कुंज सेक्शन के स्टेशन सरिता विहार डिपो, मदनपुर खादर और कालिंदी कुंज हैं जबकि एयरोसिटी स्टेशन को आगे आईजीडी टी-1 स्टेशन से जोड़ा जाएगा। चरण चार के 111 किमी और 83 स्टेशनों का निर्माण चल रहा है और फ़ेज-चार (3 प्राथमिकता) कॉरिडोर के सिविल निर्माण का लगभग 80.43 प्रतिशत पूरा हो चुका है। फ़ेज-चार (तीन प्राथमिकता) कॉरिडोर चरणबद्ध रूप से दिसंबर 2026 तक पूरे होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली मेट्रो से हर रोज औसतन 65 लाख यात्री सफर करते हैं और अब तक का अधिकतम यात्री रिकॉर्ड 81.87 लाख है, जो गत आठ अगस्त को को दर्ज किया गया था। दिल्ली मेट्रो शहर की जीवन रेखा बन चुकी है तथा एमआरटीएस के प्रमुख मानकों अर्थात समय की पाबंदी, विश्वसनीयता और सुरक्षा में उत्कृष्टता का प्रतीक स्थापित कर रही है। वर्तमान में दिल्ली और एनसीआर में डीएमआरसी द्वारा कुल 12 मेट्रो लाइनों के लगभग 395 किमी नेटवर्क पर 289 स्टेशनों का संचालन किया जा रहा है।

# जीएसटी लागू होने से पूरा देश बना एक बाजार : राधाकृष्णन

एजेंसी



नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद देश एक बाजार के रूप में उभरा है।

हिमाचल प्रदेश के राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार की पुस्तक ''मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण'' का यहां उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में विमोचन करते हुए श्री राधाकृष्णन ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों की वजह से देश 2047 में विकसित राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। देश में जीएसटी लागू होने से आज पूरा देश एक साझा बाजार बनकर उभरा है। इसका सीधा लाभ छोटे और मझौले व्यापारियों तथा किसानों को मिल रहा है। आज पंजाब का किसान अपनी उपज केरल में बेच सकता है और हिमाचल प्रदेश का हथकरघा व्यापारी अपना सामान तमिलनाडु भेज सकता है। इसके लिए सभी प्रक्रियाएं बिना किसी परेशानी के घर बैठे ही पूरी हो जाती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर है।

उपराष्ट्रपति ने जनधन खातों की जिक्र करते हुए कहा कि जीरो बैलेंस के साथ बैंक खाते खोलने से हर नागरिक को बैंकिंग सुविधा मिल सकी है और आज समाज के निचले तबके के करोड़ों रुपये बैंक खातों में जमा हैं। इन बैंक खातों की वजह से आज केंद्र और राज्य सरकारों की अनुदान योजनाओं की पूरी राशि सीधे गरीबों के खातों में जमा हो रही है और बिचौलिये तथा दलालों की भूमिका खत्म हो गयी है। डीबीटी के माध्यम से 47 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित किये जा चुके हैं।

किसान सम्मान निधि का जिक्र करते हुए श्री राधाकृष्णन ने कहा कि आज किसानों को उनके जमीन अधिग्रहण के लिए पहले की बजाय तिगुनी कीमत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली का राष्ट्रीय ग्रिड बनने से आज देश में बिजली की कटौती खत्म हो गई है और जनरेटर युग भी समाप्त हो गया है।

श्री कुमार ने कहा कि जब श्री मोदी ने सत्ता संभाली थी तो मुद्रास्फीति की दर 10 प्रतिशत थी और राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.1 प्रतिशत पर था और रोजगार के साधन नगण्य थे। वहीं, मौजूदा सरकार के समय विकास दर सात-आठ प्रतिशत है। जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा 15.7 प्रतिशत से बढ़कर अब 17 प्रतिशत हो गया है जो साल 2030 तक बढ़कर 25 प्रतिशत तक पहुंच जायेगा।

# तस्लीमा नसरीन : ईशनिंदा कोई अपराध नहीं, खत्म हो ऐसे कानून

एजेंसी

कोलकाता। लेखिका और मानवाधिकार कार्यकर्ता तस्लीमा नसरीन ने बंगलादेश के मैमनसिंह जिले में दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या की कड़ी निंदा करते हुए ईशनिंदा कानूनों को पूरी तरह समाप्त करने की अपनी मांग को फिर से दोहराया है।

बंगलादेश से निर्वासित इस लेखिका का कहना है कि इन कानूनों का दुरुपयोग जघन्य अपराधों को जायज ठहराने के लिए किया जा रहा है।

सुश्री नसरीन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईशनिंदा के नाम पर कई लोगों की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई है या उन्हें जिंदा जला दिया गया है। अब समय आ गया है कि समाज में यह घोषित किया जाए कि ईशनिंदा कोई अपराध नहीं है। उनकी टिप्पणी धार्मिक उग्रवाद के लगातार बढ़ने, ईशनिंदा कानूनों के दुरुपयोग और देश में धर्मनिरपेक्षों तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों के सामने मौजूद खतरों को देखते हुए की गयी है। ईशनिंदा कानूनों को हटाने की मांग करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि जो लोग ईशनिंदा के नाम पर अपराध कर रहे हैं, उन्हें ही अपराधी माना जाना चाहिए और दंडित किया जाना चाहिए। हिंसक भीड़ वाली घटनाओं का जिक्र करते हुए इस चर्चित लेखिका ने कहा कि महज ईशनिंदा के आरोपों के बाद कई लोगों को भीड़ ने मार डाला या जिंदा जला दिया। उन्होंने तर्क दिया कि ईशनिंदा को आपराधिक अपराध नहीं माना जाना चाहिए। उनकी टिप्पणियों ने एक बार फिर बंगलादेश में धार्मिक उग्रवाद के बढ़ते खतरे और धर्मनिरपेक्ष आवाजों तथा अल्पसंख्यकों के सामने आने वाले गंभीर संकटों को रेखांकित किया।

उन्होंने राय व्यक्त की कि एक सभ्य देश में ईशनिंदा बिल्कुल भी अपराध नहीं है। उन्होंने कहा कि इसको समाप्त करने के लिए देशों को ऐसे नियम और कानून अपनाने चाहिए, जो हिंसा और मानव वध के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा दें।

मैमनसिंह में दीपू चंद्र दास की हत्या पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि एक मुस्लिम सहकर्मी के झूठा आरोप लगाए जाने के बाद यह घटना हुई। उन्होंने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए कि पुलिस सुरक्षा में होने के बावजूद भीड़ दीपू तक कैसे पहुँच गई। उन्होंने कहा कि इसमें पुलिस की मिलीभगत या निष्क्रियता हो सकती है, जिनमें से कुछ ''जिहादी उत्साह'' रखने वाले हो सकते हैं।

सुश्री नसरीन ने हाल ही में कहा कि दीपू निर्दोष था और एक मामूली विवाद के कारण सहकर्मी की साजिश का शिकार हुआ। उन्होंने जोर देकर कहा कि बंगलादेश में अल्पसंख्यक अत्यंत असुरक्षित स्थिति में हैं।

# कोडीन कफ सिरप काराबारियों के खिलाफ कब कार्रवाई करेगी योगी सरकार : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में लाखों लोगों को नशे का आदी बनाने वाली कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से बिक रही है लेकिन राज्य सरकार ना इसकी बिक्री रोक पा रही है और ना ही इस धंधे से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर पा रही है।

कांग्रेस सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से 40-45 रुपए में मिल रही है। इस कफ सिरप से लोग जबरदस्त नशे का शिकार हो रहे हैं। प्रदेश के बच्चे भी इस नशे की लत में आ रहे हैं और उनके परिवार उजड़ रहे हैं। किसी भी तरह का नशा-देश के सामने एक गंभीर समस्या है, जिस पर चर्चा जरूरी है। हालात ऐसे हो गये हैं कि सड़कों से लेकर स्कूल-कॉलेज के कैंपस में बड़ी आसानी से हर तरह का नशा उपलब्ध है। पहले चरस-गांजे, अफीम जैसे नशे की बात होती थी लेकिन आज कफ सिरप का नशा उत्तर प्रदेश में फैल रहा है।

उन्होंने कहा कि इस सिरप में कितना नशा है और इसके नशे की लत कितनी गहरी है इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के उन्नाव में आकाश नाम के एक लड़के को कफ सिरप के नशे की लत लग गई। उसकी लत छूटी नहीं और उसे यह सिरप आसानी से मिलता है। महज 17 साल के इस लड़के ने पहले पॉकेट मनी से कफ सिरप खरीदा और फिर घर का सामान और मां के जेवर बेचे। घरवालों ने डांट लगाई तो चेन झपटी करने लगा। अब आकाश की लीवर-किडनी ख़राब हो चुकी है। पेट में पानी भर गया है। इलाज में लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं, पर लत नहीं छूटती। ये कहानी सिर्फ आकाश की नहीं, बल्कि उन अनगिनत युवाओं की है, जो कफ सिरप के नशे का शिकार हो रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कोडीन कफ सिरप का उत्तर प्रदेश का किंगपिन शुभम जायसवाल है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का रहने वाला है और बीते पांच साल में इसने 500 करोड़ रुपये की कमाई इसी कफ सिरप से की है। उसका गोरखधंधा उत्तर प्रदेश में ही नहीं बिहार, पश्चिम बंगाल, बंगलादेश और नेपाल तक फैला है। इस पूरे गोरखधंधे में शुभम जायसवाल अकेला नहीं है उसके इस खेल में धनंजय सिंह, अमित सिंह टाटा और उत्तर प्रदेश पुलिस का बर्खास्त सिपाही आलोक भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कोडनी कफ सिरप कारोबार रैकेट में शामिल धनंजय सिंह राजनीति से जुड़ा एक बड़ा नेता है। वह भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी जनता दल-यू के राष्ट्रीय महासचिव हैं और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी उन पर कृपा बरसती है। धनंजय सिंह कोडीन कफ सिरप गोरखधंधे में शामिल लोगों को अपना छोटा भाई बताता है। सवाल है कि धनंजय सिंह पर बुलडोजर कब चलेगा। कांग्रेस नेता ने कहा ''कोडीन मामले में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ठोक ठोक कर ठोस कार्रवाई की जा रही है और अभी तक कोई मौत नहीं हुई है। मतलब जब किसी की मौत होगी, तभी संगीन मामला बनेगा और बुलडोजर निकलेगा। लोगों की किडनी खराब हो या लोग नशे के शिकार हों-इनसे सरकार को मतलब नहीं है। इस मामले में सिर्फ लीपापोती की गई। कुछ छोटे-मोटे लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया, कुछ ट्रक बरामद किये गये और कुछ गोदामों पर छापे पड़े। उन्होंने सवाल किया कि सरकार को बताना चाहिए कि शुभम जायसवाल और धनंजय सिंह कहां है। क्या अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर चलाने वाली योगी सरकार का बुलडोजर इन पर भी चलेगा और सरकार बताए कि इन पर कार्रवाई कब होगी।

## उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार दुखद : राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को जमानत मिलने और पीड़िता का विरोध करने पर उसके साथ हुए व्यवहार पर हैरानी जताई और कहा कि न्याय देने की बजाय उसके साथ अन्याय किया जा रहा है।

श्री गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में सवाल किया कि आखिर न्याय के लिए आवाज उठा रही दुष्कर्म पीड़िता के साथ अन्याय क्यों हो रहा है। उनका कहना था कि लोकतंत्र में सबको विरोध करने का हक है और यदि पुलिस विरोध करने वाले के साथ इस तरह का व्यवहार करती है तो यह अन्याय है।

उन्होंने सवाल किया कि क्या एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उचित है। क्या उसकी 'गलती' ये है कि वो न्याय के लिए अपनी आवाज़ उठाने की हिम्मत कर रही है। उसके अपराधी (पूर्व भाजपा विधायक) को ज़मानत मिलना बेहद निराशाजनक और शर्मनाक है - खासकर तब, जब पीड़िता को बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा हो, और वो डर के साए में जी रही हो। बलात्कारियों को ज़मानत और पीड़िताओं के साथ अपराधियों सा व्यवहार -ये कैसा न्याय है।

श्री गांधी ने कहा ''हम सिर्फ़ एक मृत अर्थव्यवस्था ही नहीं है बल्कि ऐसी अमानवीय घटनाओं के साथ हम एक मृत समाज भी बनते जा रहे हैं। लोकतंत्र में असहमति की आवाज़ उठाना अधिकार है और उसे दबाना अपराध। पीड़िता को सम्मान, सुरक्षा और न्याय मिलना चाहिए - न कि बेबसी, भय और अन्याय।''

गौरतलब है कि उन्नाव दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंजूर की है।

## राष्ट्रहित में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव', यह भाजपा का नहीं बल्कि देश का अभियान: शिवराज

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लगातार होने वाले चुनाव विकसित भारत के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा हैं। देश में 5 साल, 12 महीने और 365 दिन चुनाव की तैयारी चलती रहती है, जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं। शिवराज सिंह ने बुधवार को यहां एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि एक चुनाव की आचार संहिता लागू होती है, फिर दूसरे चुनाव का मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट आ जाता है, जिसके कारण नई योजनाएं शुरू नहीं हो पातीं और विकास कार्य ठप हो जाते हैं। उन्होंने इसे समय और संसाधनों की बड़ी बर्बादी बताया। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' राष्ट्रहित में है और यह अभियान गैर राजनीतिक है। यह भाजपा का अभियान नहीं बल्कि देशहित का अभियान है। इस पहल को जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। इसके लिए उन्होंने 'वूमेन फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन', 'सीए फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन', 'डॉक्टर फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन' और 'प्रोफ़ेसर फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन' जैसे अलग-अलग मंच बनाने की अपील की। चौहान ने कहा कि देश की बहुत बर्बादी हो चुकी है, अब तेजी से आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

# पेज एक का शेष

### बांग्लादेश में हिंदू...

प्रवासियों और रोहिंग्याओं को बाहर निकाला जाएगा, तब यही लोग आंसू बहाएंगे क्योंकि उनमें से कई इनके वोट बैंक हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री के वक्तव्य के बाद नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने प्रतिप्रश्न करते हुए कहा कि नेता सदन को यह कैसे पता कि बांग्लादेश में जिसकी हत्या हुई है, वह दलित है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को शरण दी है, ऐसे में भारत सरकार को इस पूरे मामले में प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से मांग की कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के मुद्दे पर केंद्र सरकार को स्पष्ट और ठोस कदम उठाने चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश को ह्लबीमारू राज्यङ्क के कलंक से मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था में सुधार के कारण ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और आज निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, आज प्रदेश में व्यापारियों से गुंडा टैक्स नहीं लिया जाता। अगर कोई गुंडा किसी बेटी को छेड़ता है तो वह जानता है कि जल्द ही कानून अपना काम करेगा। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सरकार के आर्थिक सुधारों के कारण उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के शासनकाल की परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौर में योजनाओं में खुली लूट होती थी। उन्होंने कहा कि जेपीएनआईसी परियोजना 200 करोड़ की थी, लेकिन 860 करोड़ खर्च होने के बाद भी अधूरी है। गोमती रिवर फ्रंट परियोजना 167 करोड़ की थी, लेकिन 1400 करोड़ खर्च होने के बावजूद अधूरी है। इसके विपरीत उन्होंने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का उदाहरण देते हुए कहा कि जहां 15,200 करोड़ रुपये तय किए गए थे, वहीं उनकी सरकार ने इसे 11,400 करोड़ रुपये में पूरा करके दिखाया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने नौ लाख सरकारी नौकरियां दी हैं और कहीं भी भ्रष्टाचार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भर्ती बोर्ड में सेवानिवृत्त डीजीपी को शामिल किया गया है, ताकि नकल माफियाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने कहा, सज्जन को सुरक्षा और दुर्जन को ठिकाने लगाने के लिए ही हम यहां बैठे हैं। कोई भजन करने के लिए नहीं। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सरकार पर आरोप लगाया कि बुलडोजर कार्रवाई शपथ के मूल भाव के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि सरकार को बिना भेदभाव के काम करना चाहिए। साथ ही उन्होंने नमामि गंगे योजना, थाना-तहसीलों में भ्रष्टाचार और छोटे अपराधियों पर कार्रवाई न होने के मुद्दे भी उठाए। मुख्यमंत्री के भाषण और नेता प्रतिपक्ष के वक्तव्य के बाद विधानसभा में अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया। इसके साथ ही विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। राजनीतिक तीखेपन, विकास के दावों और विपक्ष के आरोप-प्रत्यारोप के बीच विधानसभा का यह सत्र समाप्त हुआ, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयानों ने सियासी माहौल को और गर्मा दिया है।

### एयर प्यूरीफायर पर...

प्यूरीफायर पर कर (टैक्स) में छूट न देने पर नाराजगी जाहिर की थी। बता दें कि अदालत एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें केंद्र सरकार को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि एयर प्यूरीफायर को चिकित्सा उपकरण के रूप में वर्गीकृत किया जाए और उस पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को घटाकर पांच प्रतिशत किया जाए। फिलहाल एयर प्यूरीफायर पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है। याचिका में तर्क दिया गया है कि घर के अंदर स्वच्छ हवा तक पहुंच अब स्वास्थ्य और जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य हो गई है।

### भारत ने 'बाहुबली'...

उड़ान भरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफल प्रक्षेपण की सराहना करते हुए इसे भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक 'गर्व करने वाली उपलब्धि' बताया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम। सफल एलएमवी3 -एम6प्रक्षेपण , जिसने भारतीय धरती से प्रक्षेपित किये गये अब तक के सबसे भारी उपग्रह, अमेरिकी अंतरिक्ष यान, ब्लूबर्ड ब्लाक-2 को उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया, यह भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक गर्व करने वाली उपलब्धि है। इसके प्रक्षेपण में निर्धारित 0854 बजे से लगभग 90 सेकंड की संक्षिप्त देरी हुई, जो एक सामान्य सावधानी के तौर पर किया गया था। यह आमतौर पर संभावित अंतरिक्ष मलबे से बचने के लिए किया जाता है। उड़ान भरने से 15 मिनट पहले ऑटोमैटिक लॉन्च सीक्वेंस शुरू होने के बाद रॉकेट ठीक समय पर ऊपर उठा, और चमकीले नारंगी रंग के धुएं के गुबार छोड़े। इसरो के चेयरमैन और अंतरिक्ष विभाग के सचिव, डॉ. वी. नारायणन ने मिशन कंट्रोल सेंटर से वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए घोषणा की कि अमेरिकी उपग्रह को सफलतापूर्वक और सटीक रूप से उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। उन्होने कहा ''यह एक बड़ी उपलब्धि है। सभी वाहन पैरामीटर सामान्य रूप से काम कर रहे थे। उन्होंने पूरी इसरो टीम को बधाई देते हुए कहा, ''यह 52 दिनों की छोटी अवधि में दूसरा एमएमवी3 मिशन है। श्री नारायणन ने आगे कहा कि यह एलएमवी का तीसरा वाणिज्यिक मिशन था और अमेरिका आधारित एएसटी स्पेसमोबाइल का पहला उपग्रह शामिल था। उन्होंने भारतीय क्षमताओं पर भरोसा जताने के लिए कंपनी को धन्यवाद देते हुए कहा, हमने आने वाले दिनों में और भी लॉन्च की योजना बनाई है। मिशन कंट्रोल सेंटर में वैज्ञानिकों में इसरो के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व वरिष्ठ अधिकारी और एएसटी स्पेसमोबाइल के प्रतिनिधि शामिल थे और उन्होंने प्रक्षेपण उड़ान की बारीकी से निगरानी की। एलएमवी3-एम6 ने एलएमवी3 की छठी परिचालन उड़ान को चिह्नित किया और लगातार नौ सफल मिशनों का अपना त्रुटिहीन रिकॉर्ड बनाए रखा। इसरो ने कहा कि इस मिशन में भारतीय धरती से प्रक्षेपित किया गया और निर्धारित कक्षा में स्थापित किया अमेरिकी संचार उपग्रह अब तक का सबसे भारी पेलोड था, जिसका वजन 6,100 किलोग्राम था। परिचालन संबंधी भारी उपग्रह प्रक्षेपण वाहन एलएमवी3-एम6'' की यह छठी परिचालन उड़ान और तीसरा समर्पित वाणिज्यिक मिशन है। यह मिशन अंतरिक्ष विभाग की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) और एएसटी स्पेसमोबाइल एलएलसी, अमेरिका के बीच एक वाणिज्यिक समझौते के तहत किया गया था। ब्लूबर्ड 6 एएसटी स्पेसमोबाइल के वैश्विक एलईओ समूह का हिस्सा है, जिसे डायरेक्ट-टू-मोबाइल संपर्क सुविधा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे दुनिया में कहीं भी 4जी और 5जी वॉयस और वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डेटा सर्विस मिल सकेंगी। इस उपग्रह में एक विशाल 223 वर्ग मीटर का फ़ेज़्ड एरे है, जो इसे निचली कक्षा में तैनात अब तक का सबसे बड़ा वाणिज्यिक संचार उपग्रह बनाता है। फ़ेज्ड एरे कई छोटे एंटेना या ट्रांसड्यूसर का एक समूह होता है जो एक साथ काम करते हैं, जिससे बीम (तरंगों) की दिशा को भौतिक रूप से घुमाए बिना इलेक्ट्रॉनिक रूप से नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे उच्च रिज़ॉल्यूशन, तेज स्कैनिंग और बेहतर सिग्नल प्रोसेसिंग मिलती है, जिसका उपयोग रडार, सैटेलाइट कम्युनिकेशन (जैसे ब्लू बर्ड), और मेडिकल इमेजिंग (अल्ट्रासाउंड) में होता है। एएसटी स्पेसमोबाइल के अनुसार उसका नेटवर्क दुनिया का पहला अंतरिक्ष आधारित ब्रॉडबैंड सिस्टम है जिसे कमर्शियल और सरकारी दोनों तरह के उपभोक्ताओं के लिए स्टैंडर्ड स्मार्टफोन से सीधे जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कंपनी के संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एबेल एवेलन ने पहले कहा था कि अगली पीढ़ी के उपग्रह अंतरिक्ष से हर जगह सेलुलर ब्रॉडबैंड को संभव बनाएंगे। कंपनी 2026 के आखिर तक 45 से 60 उपग्रह तैनाती की योजना बना रही है। गौरतलब है कि एलएमवी3 जिसे पहले जीएसएलवी एमके3के नाम से जाना जाता था उसे तेलुगु मीडिया ने 'बाहुबली' नाम दिया है जो ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली से प्रेरित है, जिसमें नायक आसानी से एक विशाल शिवलिंग उठाता है। बुधवार को यह उक्ति अनौपचारिक रूप से आधिकारिक तौर पर तब मानी गयी जब डॉ. नारायणन ने मिशन की सफलता की घोषणा करते समय इस प्रक्षेपण वाहन को ''एलएमवी3 बाहुबली रॉकेट'' कहा। तीन-स्टेज वाले एलएमवी3 में दो सॉलिड स्ट्रैप-ऑन बूस्टर, एक लिक्विड कोर स्टेज और एक सी25 क्रायोजेनिक अपर स्टेज शामिल हैं। यह अभी निचली कक्षा में लगभग 10 टन और दीर्घ वृत्ताकार कक्षा में चार टन तक वजन ले जा सकता है, और इसकी जीटीओ क्षमता को बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। इस मिशन के साथ एएसटी स्पेसमोबाइल, प्रक्षेपण राकेट एलएमवी3 पर उड़ान भरने वाला दूसरा उपग्रह ब्रॉडबैंड कस्टमर बन गया है। इससे पहले यूटेलसेट वनवेब ने 2022 और 2023 में इस प्रक्षेपण वाहन का इस्तेमाल करके 72 उपग्रह प्रक्षेपित किये थे। ब्लू बर्ड 6का सफल प्रक्षेपण वाणिज्यिक रूप से भारी प्रक्षेपण बाजार मार्केट में एक भरोसेमंद वैश्विक खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को और मज़बूत करता है।

### खाद की कालाबाजारी...

सभी अधिकारियों को सचेत किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करें और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं। किसानों को खाद की उपलब्धता में बाधा डालने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। इसके पहले सपा के अतुल प्रधान ने किसानों की समस्याओं पर कहा कि प्रदेश में खाद और रयासन को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लाइन में लगे किसानों पर लाठियां चल रही हैं। किसानों पर नैनो यूरिया और रसायन के इस्तेमाल का दबाव बनाया जा रहा है। सपा के ही पंकज मलिक ने कहा कि मुजफ्फरनगर में किसानों को खाद नहीं मिल रही है। बाजार में नकली खाद बिक रही है और सरकारी अधिकारी और कर्मचारी इसे रोकने का प्रयास नहीं कर रही हैं। सपा की ही सैय्यदा खातून ने कहा कि किसनों को न तो फसल बीमा योजना का लाभ मिल रहा है और नही उन्हें खाद मिल रही है।

### मोदी आज करेंगे ...

नायकों के प्रेरक जीवन प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया है। संग्रहालय परिसर में बने कोर्टयार्ड में भारत माता की 10 फीट ऊँची प्रतिमा, जनसंघ का प्रतीक दीपक तथा सुदर्शन चक्र की प्रतिकृतियाँ स्थापित की गई हैं। साथ ही, 12 इंटरप्रिटेशन वॉल पर म्यूरल और रिलीफ आर्ट के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम और महान विभूतियों का चित्रण किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने मंगलवार को प्रेरणा स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की राजनीति का केंद्र है और पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में 2017 से भी बेहतर परिणाम के लिए एकजुट होकर कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि 'अटल जन्म शताब्दी समारोह अभियान' के तहत 25 दिसंबर को श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाई जाएगी, जबकि 24 दिसंबर को स्वच्छता अभियान और दीपांजली कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्र प्रेरणा स्थल और इससे जुड़ा संग्रहालय आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रवाद की भावना के संचार का सशक्त माध्यम बनेगा।

# सीएम धामी ने सांकरी में किया केदारकंठा विंटर टूरिज्म महोत्सव का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवादाता



उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकशी जिले के सांकरी में आयोजित विंटर फ़ेस्टिवल का विधिवत शुभारंभ करते हुए पर्यटक दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सांकरी केवल एक गांव नहीं, बल्कि उत्तराखंड की लोकसंस्कृति का जीवंत संग्रहालय है। पहली बार सांकरी आगमन पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों के स्नेह और उत्साह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां की पारंपरिक लकड़ी की वास्तुकला, लोकगीत, लोकनृत्य और सरल पहाड़ी जीवनशैली उत्तराखंड की विशिष्ट पहचान को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव उत्तराखंड की आस्था, संस्कृति, परंपरा और स्वाभिमान का उत्सव होने के साथ-साथ विकास भीऽविरासत भी की सोच को साकार करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शीतकालीन यात्रा के आह्वान के बाद केदारकंठा, हर्षिल, औली, मुनस्यारी और सांकरी जैसे क्षेत्रों में शीतकालीन पर्यटन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है, जिससे सीमांत गांवों में पलायन रुक रहा है और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकालीन पर्यटन से लोक कलाकारों, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय उत्पादों को नया बाजार मिलेगा। युवा ट्रेकिंग गाइड, होम-स्टे, होटल और पर्यटन से जुड़े कार्यों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों, कानून व्यवस्था और पारदर्शिता को मजबूत कर रही है। समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, सख्त भू-कानून और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति से उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है। मुख्यमंत्री ने जनता से शीतकालीन पर्यटन को जन आंदोलन बनाने और उत्तराखंड को समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विंटर फ़ेस्टिवल में विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश लाल ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न मांगों का एक मांग पत्र सौंपा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक द्वारा एक विस्तृत एवं लंबी सूची सौंपी गई है,जिसे वह अपने साथ ले जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मीठापुर में बन रहे दो विश्वविद्यालयों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को मीठापुर स्थित बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय एवं बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य बेहतर गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन दोनों विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी संरचनाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मीठापुर क्षेत्र में पहले से ही चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, निफ्ट, चाणक्या लॉ यूनिवर्सिटी एवं मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थान स्थापित हैं, जिससे यह इलाका एक शैक्षणिक हब के रूप में विकसित हो चुका है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों विश्वविद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह क्षेत्र और अधिक विकसित एवं आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा।

## कपूरथला के पास जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे पर स्थित प्लांट स्टोर में आग लगी, दो करोड़ स्वाहा

कपूरथला। पंजाब में कपूरथला के पास तलवंडी चौधरी गांव के खिजरपुर गांव के नजदीक जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे निर्माण संयंत्र के गोदाम में मंगलवार देर रात भीषण आग लग गई, जिससे भारी नुकसान हुआ। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।तलवंडी चौधरी पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मी भी घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने के अभियान में सहयोग किया। घटना की पुष्टि करते हुए जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक बलबीर सिंह ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने आग लगने के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे परियोजना का निर्माण कर रही एसपी सिंगला कंस्ट्रक्शन कंपनी के स्टोर मैनेजर मनदीप सिंह के अनुसार, आग से अनुमानित नुकसान लगभग दो करोड़ रुपये है।

# एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के लिए पालिका ने किया बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ तो जल्द ही शहरवासियों को आवारा कुत्तों (स्वान) की समस्या से निजात मिल जाएगी। नगर पालिका बाराहाट उत्तरकाशी ने एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के लिए बोर्ड में प्रस्ताव पारित कर दिया है। उक्त जानकारी देते हुए नगरपालिका के युवा तेज तर्रार सभासद अमेरिकन पुरी ने बताया कि हालिया नगरपालिका बाराहाट उत्तरकाशी की बोर्ड बैठक में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के लिए बोर्ड में प्रस्ताव पारित कर दिया है। इसके लिए नगरपालिका ने उत्तरकाशी बस अड्डे के समीप स्थित नगरपालिका पार्किंग परिसर में भूमि का चयन भी कर लिया है। उन्होंने बताया कि पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान एवं सभी सभासदों ने एबीसी सेंटर के लिए अपनी सहमति दी गई है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका की ओर से एबीसी सेंटर के निर्माण के लिए अब डीपीआर तैयार करने के लिए कार्यदायी संस्था को अधिकृत किया जाएगा। डीपीआर तैयार होने के बाद इसे स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि दिनभर गली कूचों में आवारा कुत्तों का जमघट लगा रहता है। आवारा कुत्ते कई बार बच्चों और आवाजाही करने वाले लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर देते हैं। क्षेत्रवासी आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने की लगातार मांग कर रहे हैं। निश्चित तौर पर यह निर्णय दर्शाता है कि नगरपालिका बोर्ड संवेदनशील प्रशासन, जन-सुरक्षा और पशु-कल्याण के बीच संतुलन बनाते हुए ठोस फैसले ले रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### साल 2025 सामाजिक न्याय की दिशा में मान सरकार का निर्णायक और ऐतिहासिक वर्ष रहा: डॉ कौर

**चंडीगढ़।** पंजाब की सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बुधवार को कहा कि पंजाब सरकार के लिए वर्ष 2025 सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारिता को मजबूत करने वाला एक ऐतिहासिक वर्ष रहा। डॉ. कौर ने कहा कि वर्ष 2025 में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर इंस्टीट्यूट का नवीनीकरण एक प्रतीकात्मक और ऐतिहासिक कदम रहा। उन्होंने कहा कि लगभग 30 वर्षों के बाद 147.49 लाख रुपये की लागत से पहली बार बड़े पैमाने पर निर्माण, मरम्मत और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया तथा नये कार्यों के लिए 91 लाख रुपये स्वीकृत किये गये, जिससे इंस्टीट्यूट केवल इमारत नहीं, बल्कि अवसरों का केंद्र बना। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 ने अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों के लिए कौशल विकास और उद्यमी सोच को नया रास्ता दिया। पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला में पिछड़े वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए दो हॉस्टलों की मंजूरी से सरकार ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल क्लासरूम तक सीमित नहीं, बल्कि सुरक्षित आवास भी उतना ही आवश्यक है। आशीर्वाद योजना हजारों परिवारों के लिए आशा की किरण बनी। 38,000 से अधिक लाभार्थियों तक सहायता पहुंचाकर सरकार ने स्पष्ट किया कि पुत्रियां बोझ नहीं, बल्कि समाज की ताकत हैं। डॉ कौर ने कहा कि राज्य के विकास बजट से 13,987 करोड़ रुपये अनुसूचित जातियों की भलाई के लिए आरक्षित रखना वर्ष 2025 की सबसे बड़ी नीतिगत उपलब्धि रही। यह राशि सामाजिक एवं आर्थिक विकास को हकीकत बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 के दौरान अंतरजातीय विवाहों के लिए वित्तीय सहायता देकर पंजाब सरकार ने समाज को स्पष्ट संदेश दिया कि भेदभाव की कोई जगह नहीं।

### पंजाब कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

**चंडीगढ़।** पंजाब में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) में शामिल हो गये। भाजपा में शामिल होने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, इंटक; पूर्व चेयरमैन, पंजाब लेबर एवं एम्प्लॉयमेंट सेल, कांग्रेस; पूर्व अध्यक्ष, पंजाब इंटक अश्वनी कुमार शर्मा , , पंजाब इंटक के उपाध्यक्ष मोती लाल धमाका, , यूथ कांग्रेस छेहर्टा के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार राजा , पंजाब ब्राह्मण मंच के अध्यक्ष पं. प्रिंस धामी और कई अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं। ये नेता प्रदेश भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा तथा वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोरंजन कालिया की उपस्थिति में औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल हुए। श्री शर्मा ने पार्टी में शामिल हुए नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा की नीतियों, विचारधारा और नेतृत्व पर नेताओं एवं जमीनी कार्यकर्ताओं का बढ़ता विश्वास, पंजाब भर में पार्टी की बढ़ती ताकत और स्वीकार्यता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से लगातार हो रहा पलायन उसके नेतृत्व और नीतियों से बढ़ती निराशा को दर्शाता है, जबकि 'राष्ट्र–प्रथम' शासन के सिद्धांत पर आगे बढ़ती भाजपा लगातार समर्पित और सक्षम लोगों को आकर्षित कर रही है।

### सरहिंद स्टेशन पर 25 से 27 दिसंबर तक ट्रेनों का अस्थायी विराम

**जैतो।** उत्तरी रेलवे ने फतेहगढ़ साहिब में शहीदी जोड़ मेले के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा के लिए 25 दिसंबर से 27 दिसंबर, 2025 तक सरहिंद स्टेशन पर लगभग चौदह ट्रेनों के लिए दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया है। रेलवे विभाग द्वारा बुधवार को जारी सूचना अनुसार जिन ट्रेनों का स्टॉपेज होगा उनमें ट्रेन नंबर 12237 वाराणसी – जम्मू तवी, 20847 दुर्ग – शहीद कैप्टन तुषार महाजन, 12379 सियालदह – अमृतसर, 12407 न्यू जलपाईगुड़ी – अमृतसर, 15933 न्यू तिनसुकिया – अमृतसर, 20807 विशाखापत्तनम – अमृतसर, 12903 बांद्रा टर्मिनस – अमृतसर, डाउन ट्रेनें: 12358 अमृतसर – कोलकाता टर्मिनल एक्सप्रेस, 2550 जम्मू तवी – दुर्ग, 12408 अमृतसर – न्यू जलपाईगुड़ी, 18104 अमृतसर – टाटानगर जंक्शन, 12498 अमृतसर – नई दिल्ली, 12238 जम्मू तवी – वाराणसी, और ट्रेन नंबर 12904 अमृतसर – मुंबई सेंट्रल शामिल हैं।

# साहिबज़ादों के शहीदी दिवस को 'बाल दिवस' के रूप में मनाने की वकालत बादल, जी.के. की अगुवाई वाले सेमिनार में हुई: प्रो सरचंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। साहिबज़ादों के शहीदी दिवस को 'बाल दिवस' के रूप में मनाये जाने को लेकर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और अकाली नेता मनजीत सिंह जी.के. द्वारा स्वयं तथा शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की भूमिका संबंधी दिये गये बयानों के संदर्भ में उत्पन्न चर्चा तथा भाजपा प्रवक्ता प्रीतपाल सिंह बलियावाला के किये गये खुलासों के जवाब में दी गयी कानूनी कार्रवाई की धमकी पर बुधवार को पंजाब भाजपा के प्रवक्ता प्रो. सरचंद सिंह ख्याला ने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम से संबंधित अख़बारी रिपोर्टें जारी कर तथ्यात्मक जानकारी जनता के समक्ष रखी है। प्रो ख्याला ने श्री बादल को भी अपनी भूमिका स्पष्ट करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि मनजीत सिंह जी.के. एक परिपक्व धार्मिक एवं राजनीतिक नेता हैं, लेकिन श्री बादल की संगत का प्रभाव उन पर भी पड़ा है, जिसके कारण वे अपने ही किये से मुकरने की प्रवृत्ति अपनाते दिख रहे हैं। उन्होंने बताया कि 16 जनवरी 2018 को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में साहिबज़ादों की अलौकिक शहादत को समर्पित एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया था। उस समय मनजीत सिंह जी.के. दिल्ली कमेटी के अध्यक्ष थे और इस सेमिनार में शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष एवं तत्कालीन पंजाब के उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल तथा तत्कालीन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय सेमिनार की मीडिया कवरेज 17 जनवरी 2018 को 'द ट्रिब्यून' में पत्रकार सईद अली अहमद द्वारा लीड रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने साहिबज़ादों के शहीदी दिवस को 'बाल दिवस' के रूप में मनाने की सिफ़ारिश सरकार से करने का निर्णय लिया था। मीडिया कवरेज में 'बाल दिवस' की वकालत को प्रमुखता दी गयी, लेकिन न तो उस समय और न ही बाद में कभी सरदार जी.के. या दिल्ली कमेटी ने इसका खंडन किया। उन्होंने कहा कि उस समय की अख़बारी रिपोर्टों और प्रकाशित तस्वीरों से यह साफ़ दिखाई देता है कि मनजीत सिंह जी.के. न केवल कार्यक्रम में मौजूद थे, बल्कि वे सुखबीर सिंह बादल के साथ केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी को सम्मानित करते हुए भी नज़र आ रहे हैं।

## कपूरथला के पास जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे पर स्थित प्लांट स्टोर में आग लगी, दो करोड़ स्वाहा

कपूरथला। पंजाब में कपूरथला के पास तलवंडी चौधरी गांव के खिजरपुर गांव के नजदीक जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे निर्माण संयंत्र के गोदाम में मंगलवार देर रात भीषण आग लग गई, जिससे भारी नुकसान हुआ। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।तलवंडी चौधरी पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मी भी घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने के अभियान में सहयोग किया। घटना की पुष्टि करते हुए जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक बलबीर सिंह ने बुधवार को बताया कि पुलिस ने आग लगने के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे परियोजना का निर्माण कर रही एसपी सिंगला कंस्ट्रक्शन कंपनी के स्टोर मैनेजर मनदीप सिंह के अनुसार, आग से अनुमानित नुकसान लगभग दो करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि शाम करीब सात बजे काम खत्म करने के बाद उन्होंने स्टोर बंद कर दिया था । रात को सुरक्षा कर्मी ने उन्हें बताया कि स्टोर से धुआं निकल रहा है। जब वह मौके पर पहुंचे, तब तक आग और तेज हो चुकी थी और तेजी से फैल रही थी।दमकल विभाग और पुलिस को तुरंत सूचना दी गई, जिसके बाद बचाव और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया। गोदाम प्रबंधक ने संदेह व्यक्त किया कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। उन्होंने बताया कि कारखाने में रखे महंगे रसायन आग में पूरी तरह नष्ट हो गए, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

## आप के दो पार्षद भारतीय जनता पार्टी में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी के दो पार्षदों ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण कर ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इन पार्षदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व, उनकी राष्ट्रहित में बनीं जनकल्याणकारी नीतियों और पार्टी की स्पष्ट विकासवादी सोच से प्रभावित होकर यह कदम उठाया है। उन्होंने जानकारी दी कि वार्ड नंबर 16 से पार्षद पूनम तथा वार्ड नंबर चार से पार्षद सुमन शर्मा ने भाजपा की विचारधारा पर विश्वास जताते हुए पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए श्री मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है। केंद्र सरकार की योजनाएं आज अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे जनता का भरोसा लगातार भाजपा के साथ मजबूत हो रहा है। इसी विश्वास के कारण आज अन्य राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि भी भाजपा से जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर मेयर हरप्रीत कौर बबला ने दोनों पार्षदों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चंडीगढ़ सहित पूरे देश में विकास की नई दिशा तय हुई है और नए साथियों के जुड़ने से संगठन और अधिक मजबूत होगा। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन के साथ वहीं संजय टंडन ने कहा कि भाजपा का निरंतर विस्तार प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर जनता के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। इस दौरान पार्षद सुमन शर्मा ने कहा कि यह उनकी घर वापसी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से उनका वर्षों पुराना नाता रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों व नेतृत्व से प्रेरित होकर वे पुनः अपनी मूल विचारधारा से जुड़ी हैं।


# सामर्थ्य शरीर से नहीं, संकल्प से जन्म लेती है : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को 'दिव्यांग जनों के दिव्य अटल' कार्यक्रम में प्रतिभाशाली साथियों से मुलाकात की। यह कार्यक्रम दिलशाह गार्डन के राजीव गांधी अस्पताल/सर्वोदय सेवा कुष्ठ आश्रम के ऑडिटोरियम में हुआ।

मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि दिव्यांगों की बातों में ठहराव था, उस ठहराव में दृढ़ संकल्प और हर कदम में आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता। यह बताता है कि सामर्थ्य शरीर से नहीं, संकल्प से जन्म लेता है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का विचार भी यही था। वे मानते थे कि दिव्यांगजन समाज की करुणा नहीं, उसकी चेतना और उसकी शक्ति हैं। उनका सपना था ऐसा भारत, जहां हर व्यक्ति सम्मान के साथ अपनी क्षमता को पहचान सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उसी अटल दृष्टि को आगे बढ़ाते हुए सरकार दिव्यांगजनों के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और सुलभ सार्वजनिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में निरंतर काम कर रही है, ताकि आत्मनिर्भरता केवल शब्द न रहे, जीवन का सत्य बने। उन्होंने कहा कि हमारे ये प्रयास अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प हैं, जहां हर प्रतिभा को अवसर मिले और हर नागरिक राष्ट्रनिर्माण में सहभागी बने।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063